आषाढ़ शुक्ल द्वितीया 11:19 तक
उपरांत तृतीया विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 27 जून 2025
वर्ष 3, अंक 313, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

अयोध्या

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



नेपाल : उच्च सदन में अल्पमत में ओली सरकार 14

हिंदी किसी भारतीय भाषा की विरोधी नहीं 12

## एक नजर

### टैक्स मांगने पर टोल कर्मी पर चलाई गोली

**कपूरथला।** जालंधर-अमृतसर राष्ट्रीय राजमार्ग पर ढिलवां टोल प्लाजा पर टोल टैक्स देने के लिए कहने पर एक व्यक्ति ने गोली चला दी। पुलिस ने गुरुवार को बताया कि आधी रात के बाद एक कार टोल प्लाजा पर पहुंची। जब टोल कर्मचारियों ने चालक से टोल टैक्स मांगा तो उसमें से एक व्यक्ति बाहर आया और उसने गोलीबारी शुरू कर दी। टोल कर्मचारी बाल-बाल बच गए।

### एनआईए ने होशियारपुर में की छापेमारी

**होशियारपुर।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की दो टीमों ने गुरुवार तड़के उड़मड़ के गढ़ी मोहल्ला में दो घरों पर छापेमारी की। छापेमारी सुबह करीब पांच बजे शुरू हुई और करीब छह घंटे तक चली। पुलिस सूत्रों अनुसार, अभियान के दौरान एनआईए की टीमों ने व्यापक तलाशी ली और वहां रहने वालों से पूछताछ की। हालांकि, एजेंसी ने तलाशी के उद्देश्य या परिणाम का खुलासा करने से इनकार कर दिया।

### रिश्वतखोरी में कंप्यूटर ऑपरेटर को दबोचा

**धनबाद।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो झारखंड ने गुरुवार को एलआरडीसी विभाग में कंप्यूटर ऑपरेटर अनीश कुमार को 15 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। एएसपी विनोद कुमार महतो ने बताया कि जमीन के मामले में घूस की मांग कर रहा था।

# एससीओ के साझा दस्तावेज पर हस्ताक्षर से भारत का इनकार

## पहलगाम आतंकी हमले को नजरअंदाज करने पर रक्षामंत्री का कदम

- संयुक्त वक्तव्य के बिना समाप्त हुआ रक्षा मंत्रियों का सम्मेलन
- राजनाथ ने कहा-आतंकवाद पर दोहरे मानदंडों को त्यागना होगा

किंगदाओ, एजेंसी

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पहलगाम आतंकवादी हमले को नजरअंदाज करने और पाकिस्तान समर्थित सीमा पार आतंकवाद पर भारत की चिंताओं को स्पष्ट रूप से संबोधित नहीं करने को लेकर गुरुवार को शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के संयुक्त वक्तव्य पर हस्ताक्षर करने से इनकार कर दिया। मामले से परिचित व्यक्तियों ने बताया कि एससीओ आम सहमति के तहत काम करता है, लिहाजा वक्तव्य का समर्थन करने से सिंह के इनकार के परिणामस्वरूप एससीओ रक्षा मंत्रियों का सम्मेलन संयुक्त वक्तव्य जारी किए बिना ही समाप्त हो गया।

उन्होंने कहा कि मसौदा वक्तव्य में न तो पहलगाम आतंकवादी हमले का उल्लेख किया गया और न ही सीमा पार आतंकवाद को लेकर भारत के रुख का जिक्र किया गया। सम्मेलन में अपने संबोधन में सिंह ने सीमा पार आतंकवाद को लगातार समर्थन देने के लिए पाकिस्तान की आलोचना की तथा आतंकवाद के अपराधियों, आयोजकों, वित्तपोषकों और प्रायोजकों को न्याय के कटघरे में लाने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि कुछ देश सीमा पार आतंकवाद को नीति के एक साधन के तौर पर इस्तेमाल करते हैं और आतंकवादियों को पनाह देते हैं। ऐसे दोहरे मानदंडों के लिए कोई जगह नहीं होनी चाहिए। एससीओ को ऐसे देशों की आलोचना करने में संकोच नहीं करना चाहिए।

बुधवार को किंगदाओ पहुंचे रक्षा मंत्री ने आतंकवाद के खिलाफ भारत की नीति में बदलाव की व्यापक रूपरेखा रखी और एससीओ सदस्य देशों से आतंकवाद से लड़ने के लिए एकजुट होने तथा दोहरे मानदंडों को त्यागने का आग्रह किया। सम्मेलन में पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ और चीनी रक्षा मंत्री डोंग जून भी शामिल हुए। सिंह ने कहा कि शांति व समृद्धि, आतंकवाद और सरकार से इतर तत्वों तथा आतंकवादी समूहों के हाथों में सामूहिक विनाश के हथियार देने की नीति साथ नहीं चल सकते। कहा कि अपने संकीर्ण व स्वार्थी उद्देश्यों के लिए आतंकवाद को प्रायोजित, पोषित और उपयोग करने वालों को इसके परिणाम भुगतने होंगे। रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत ने आतंकवाद से बचाव और सीमा पार से होने वाले हमलों को रोकने के अधिकार का इस्तेमाल करते हुए पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया।



चीन के क्विंगदाओ में एससीओ रक्षा मंत्रियों की बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह।

### आतंकवाद के सभी रूपों से लड़ना होगा

भारत की आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति उसके कार्यों से प्रदर्शित होती है। उन्होंने कहा कि इस नीति में आतंकवाद से खुद का बचाव करने का हमारा अधिकार भी शामिल है। हमने दिखा दिया है कि आतंकवाद के केंद्र अब सुरक्षित नहीं हैं और हम उन्हें निशाना बनाने में संकोच नहीं करेंगे। सिंह ने कहा कि एससीओ सदस्यों को आतंकवाद की स्पष्ट रूप से निंदा करनी चाहिए। उन्होंने इस खतरे से सभी रूपों में लड़ने के भारत के संकल्प की पुष्टि की।

# तीन सहयात्रियों के साथ अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पहुंचे शुभांशु शुक्ला

## भारतीय समयानुसार अपराह्न 4:15 बजे पूरी हुई डॉकिंग प्रक्रिया

नई दिल्ली, एजेंसी

अंतरिक्ष यान 'ड्रैगन' के अंतरिक्ष प्रयोगशाला से जुड़ने के साथ ही गुरुवार को भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला और तीन अन्य यात्री अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पहुंच गए। अंतरिक्ष यान उस समय अंतरिक्ष स्टेशन से जुड़ा जब यह भारतीय समयानुसार अपराह्न 4:01 बजे उत्तरी अटलांटिक महासागर के ऊपर से गुजर रहा था।

यह पहली बार है जब कोई भारतीय अंतरिक्ष यात्री आईएसएस की यात्रा पर गया है। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने कहा कि गुरुवार को सुबह 6:31 बजे (भारतीय समयानुसार शाम 4:01 बजे) एक्सिओम मिशन-4 के तहत स्पेसएक्स ड्रैगन अंतरिक्ष यान अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर पहुंचा।

नासा के अनुसार 'डॉकिंग' प्रक्रिया भारतीय समयानुसार अपराह्न 4:15 बजे पूरी हुई। अंतरिक्ष यान और आईएसएस के बीच संचार और ऊर्जा संपर्क स्थापित होने के साथ ही डॉकिंग (जुड़ने) प्रक्रिया पूरी हो गई। अनुभवी अंतरिक्ष यात्री पैगी व्हिटसन मिशन कमांडर हैं और शुक्ला एक्सिओम-4 मिशन के लिए मिशन पायलट हैं। इनके अलावा, हंगरी के अंतरिक्ष यात्री टिबोर कपू एवं पोलैंड के स्लावोज उज्नान्स्की-विस्नीव्स्की एक्सिओम-4 मिशन का हिस्सा हैं।

लखनऊ में जन्मे 39 वर्षीय शुक्ला अंतरिक्ष के लिए उड़ान भरने वाले दूसरे भारतीय अंतरिक्ष यात्री बन गए हैं। इससे 41 साल पहले भारत के राकेश शर्मा 1984 में तत्कालीन सोवियत संघ के सैल्यूट-7 अंतरिक्ष स्टेशन के तहत कक्षा में आठ दिन रहे थे।



अपने सहयात्रियों के साथ अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन में मौजूद शुभांशु शुक्ला।

### बच्चे की तरह चलना, खाना-पीना सीख रहा हूं: शुभांशु

**नई दिल्ली।** अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला ने गुरुवार को कहा कि वह सूक्ष्म गुरुत्वाकर्षण की स्थितियों में एक बच्चे की तरह रहना सीख रहे हैं और जब ड्रैगन अंतरिक्ष यान अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से जुड़ने की अपनी यात्रा में पृथ्वी की परिक्रमा कर रहा था तो निर्वात में तैरना एक अद्भुत अनुभव था। अंतरिक्ष यान से एक वीडियो लिंक के जरिए अपना अनुभव साझा करते हुए शुक्ला ने कहा कि बुधवार को एक्सिओम-4 मिशन के प्रक्षेपण से पहले 30 दिनों तक पृथक वास के दौरान बाहरी दुनिया से पूरी तरह दूर रहने के बाद मेरे दिमाग में केवल यही विचार आया था कि हमें बस जाने दिया जाए। शुक्ला और तीन अन्य अंतरिक्ष यात्री फ्लोरिडा स्थित नासा के कैनेडी अंतरिक्ष केंद्र से 14 दिन के लिए अंतर्ष्ट्रीराय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) के लिए रवाना हुए थे।

# अलकनंदा में गिरी मिनी बस, 3 श्रद्धालुओं की मौत व 9 लापता

मुख्य संवाददाता, देहरादून

- रुद्रप्रयाग में हादसा, आठ लोग घायल, ट्रक की टक्कर लगने से बस हुई अनियंत्रित
- महाराष्ट्र, गुजरात, मध्य प्रदेश राजस्थान के श्रद्धालुओं को लेकर बद्रीनाथ जा रही थी बस

**अमृत विचार :** उत्तराखंड में गुरुवार को चारधाम यात्रा मार्ग पर बड़ा हादसा हो गया। श्रद्धालुओं को लेकर बदरीनाथ धाम जा रही मिनी बस (टेंपो ट्रेवलर) अनियंत्रित होकर उफनाई अलकनंदा नदी में समा गई।

बस में चालक समेत 20 श्रद्धालु सवार थे, जिनमें से 3 की मौत हो गई जबकि 9 श्रद्धालु लापता हैं। आठ लोग घायल हैं। बस चालक का दावा है कि विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक की टक्कर से बस बेकाबू होकर नदी में जा गिरी थी। हादसा रुद्रप्रयाग और गौचर के बीच घोलतीर गांव के पास हाइवे स्थित स्टेट बैंक ऑफ इंडिया मोड़ पर सुबह करीब 7:30 बजे हुआ। पुलिस को इसकी सूचना करीब 7:50 बजे मिली। एसपी रुद्रप्रयाग अक्षय कोंडे ने बताया कि 31 सीटर मिनी बस में महाराष्ट्र, गुजरात, मध्यप्रदेश और राजस्थान के श्रद्धालु सवार थे। लापता श्रद्धालुओं की तलाश को पुलिस, एसडीआरएफ और अग्निशमन इकाई संयुक्त सर्च ऑपरेशन चला रही है। वहीं, जिस समय बस पहाड़ी से टकराकर नदी में गिरी तो उससे पहले आठ श्रद्धालु छिटक कर नदी में गिरने से बच गए। इनमें बस चालक समेत चार गंभीर घायलों को एम्स ऋषिकेश में भर्ती कराया गया है। मिनी बस नदी में समाकर लापता हो गई। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हादसे पर गहरा दुख व्यक्त किया।

# चांद दिखा, पहली मोहर्रम आज

**लखनऊ।** शिया व सुन्नी चांद कमेटियों ने मोहर्रम का चांद हो जाने का एलान कर दिया है। 27 जून दिन शुक्रवार को पहली मोहर्रम होगी।

मरकज़ी शिया चांद कमेटी के अध्यक्ष मौलाना सैय्यद सैफ अब्बास नकवी और मरकजी चांद कमेटी के फिरंगी महल के महासचिव मौलाना नईमुर्रहमान सिद्दीकी ने बताया कि 26 जून को मोहर्रम का चांद हो गया है। इसलिए 27 जून 2025 को पहली मोहर्रम और 6 जुलाई को यौमे आशूरा मनाया जाएगा। मोहर्रम के मद्देनजर जिला व पुलिस प्रशासन के साथ नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारियों ने कल ही छोटे व बड़े इमामबाड़े का दौरा किया था।

# भागवताचार्यों की पिटाई पर बवाल, फायरिंग

संवाददाता, बकेवर (इटावा)

- भीड़ के पथराव में पुलिस की कई गाड़ियां क्षतिग्रस्त
- एक दर्जन लोगों को पुलिस ने हिरासत में लिया

**अमृत विचार :** क्षेत्र के दांदरपुर में पहले भागवताचार्यों के बाल घोंटने और फिर उन्हीं के खिलाफ मुकदमा दर्ज होने पर गुरुवार को खासा बवाल हुआ। अहीर रेजीमेंट की मांग करने वाले यादव समाज के युवाओं ने थाने के सामने नारेबाजी करते हाईवे जाम कर दिया। पुलिस ने लाठियां पटककर खदेड़ा तो भीड़ दांदरपुर पहुंच गई। पुलिस ने भीड़ को रोका तो पथराव शुरू कर दिया। पुलिस ने हवाई फायरिंग कर भीड़ को खदेड़ा।

क्षेत्र के दांदरपुर में यादव विरादरी के भागवताचार्यों के साथ हुई बदसलूकी का मामला गहराता जा रहा है। बुधवार की देर रात दो भागवताचार्यों मुकटमणि यादव और संत सिंह यादव के खिलाफ फर्जी आधार कार्ड रखने और जाति छिपाने की रिपोर्ट दर्ज की गई थी। इसको लेकर गुरुवार को अहीर रेजीमेंट की मांग करने वाले 300 से अधिक युवाओं ने बकेवर थाने के सामने नारेबाजी करते हुए कानपुर -आगरा हाईवे पर जाम लगा दिया। सूचना पर बकेवर, भरथना, लवेदी, ऊसराहार थाने की पुलिस पहुंच गई। पुलिस ने लाठियां पटककर जाम लगाए लोगों को खदेड़ा। इसके बाद भीड़ दांदरपुर गांव के लिए कूच कर गई।

दांदरपुर से कुछ पहले ही लुधियानी-निबाड़ीकला मार्ग पर भारी पुलिस बल मुस्तैद था। पुलिस ने गांव में जाने से रोका तो भीड़ ने पुलिस पर पथराव कर दिया। पथराव में पुलिस की कई गाड़ियां क्षतिग्रस्त हो गईं। एसपी ग्रामीण श्रीष चंद्र भारी पुलिस फोर्स के साथ पहुंचे। पुलिस ने लाठीचार्ज करते हुए दो राउंड फायरिंग की। इसके बाद भीड़ तितर-बितर हो गई। पुलिस ने एक दर्जन लोगों को हिरासत में लिया है। पुलिस देर शाम तक दांदरपुर गांव में डटी रही। डीएम शुभ्रांत कुमार शुक्ला व एसएसपी बृजेश श्रीवास्तव भी गांव पहुंचे।



इटावा में उपद्रव कर रहे युवकों को खदेड़ती पुलिस। ● अमृत विचार

# गैर मान्यता प्राप्त दलों को सूची से हटाने की कार्यवाही शुरू

**नई दिल्ली।** भारत निर्वाचन आयोग ने गुरुवार को कहा कि उसने 345 पंजीकृत गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों (आरयूपीपी) को सूची से हटाने की कार्यवाही शुरू कर दी है। ये 2019 से पिछले छह वर्षों में एक भी चुनाव लड़ने की आवश्यक शर्त को पूरा करने में विफल रहे हैं। आयोग ने बताया कि इन राजनीतिक दलों के कार्यालय भी कहीं भौतिक तौर पर पता नहीं लगाया जा सका। इसने कहा कि ये 345 राजनीतिक दल देश भर के विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से हैं। आयोग के संज्ञान में आया है कि वर्तमान में आयोग के पास पंजीकृत 2,800 से अधिक आरयूपीपी में से कई ऐसे राजनीतिक दल आवश्यक शर्तों को पूरा करने में विफल रहे हैं।





- निर्वाचन आयोग में पंजीकृत हैं ऐसे 345 सियासी दल

# नौसेना भवन में कार्यरत बाबू जासूसी में गिरफ्तार

जयपुर, एजेंसी

- पाकिस्तानी खुफिया एजेंट को दे रहा था संवेदनशील जानकारी
- ऑपरेशन सिंदूर संबंधित सूचना देने को लिए थे 50 हजार रुपये

नई दिल्ली स्थित नौसेना भवन में काम करने वाले एक बाबू (अपर डिवीजन क्लर्क -यूडीसी) को पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी के लिए जासूसी के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों के अनुसार, आरोपी ने पैसों के लिए एक पाकिस्तानी जासूस को संवेदनशील रक्षा जानकारी उपलब्ध करवाई। राजस्थान पुलिस की खुफिया शाखा ने आरोपी विशाल यादव को बुधवार को गिरफ्तार किया था।

पुलिस महानिरीक्षक (सीआईडी-सुरक्षा) विष्णु कांत गुप्ता ने गुरुवार को बताया कि आरोपी यादव ने एक पाकिस्तानी जासूस को गोपनीय जानकारी साझा की जिसमें ऑपरेशन सिंदूर से संबंधित विवरण शामिल है। इस कथित महिला जासूस ने खुद को भारतीय युवती प्रिया शर्मा बताया था। गुप्ता ने कहा कि यादव ने जानकारी देने के बदले कुल मिलाकर लगभग दो लाख रुपये प्राप्त करने की बात कबूल की है। उन्होंने कहा कि इसमें ऑपरेशन सिंदूर से संबंधित जानकारी लीक करने के लिए 50,000 रुपये शामिल थे।

# पूर्व मंत्री सत्येन्द्र जैन और सौरभ भारद्वाज पर मामला दर्ज

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार की भ्रष्टाचार निरोधक शाखा (एसीबी) ने आम आदमी पार्टी (आप) की पिछली सरकार में स्वास्थ्य अवसंरचना परियोजनाओं में कथित भ्रष्टाचार के संबंध में पूर्व मंत्रियों सौरभ भारद्वाज और सत्येंद्र जैन के खिलाफ मामला दर्ज किया है। अधिकारियों ने गुरुवार को बताया कि केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा दिल्ली के पूर्व स्वास्थ्य मंत्रियों भारद्वाज और जैन के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत एसीबी से जांच कराने की मंजूरी दिए जाने के कुछ दिनों बाद यह मामला दर्ज किया गया है। 'आप' की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई। इस मामले में शिकायत पिछले साल भाजपा नेता विजेंद्र गुप्ता ने दर्ज कराई थी। अधिकारियों के अनुसार, 2018-19 में 5,590 करोड़ रुपये की लागत से 24 अस्पताल परियोजनाओं को मंजूरी दी गई थी। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं को लेकर अकारण विलंब हुआ।

- एसीबी ने भ्रष्टाचार मामले में की आप नेताओं पर कार्रवाई

# सुरक्षाबलों ने जैश आतंकी को मार गिराया

जम्मू, एजेंसी

- उधमपुर में अभियान जारी, तीन आतंकी अब भी घिरे
- कश्मीर में अमरनाथ यात्रा को देखते हुए सेना सतर्क

जम्मू कश्मीर में उधमपुर जिले के एक वन क्षेत्र में गुरुवार को सुरक्षाबलों ने पाकिस्तान के आतंकवादी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के एक आतंकवादी को मार गिराया जबकि तीन अन्य आतंकी अब भी घिरे हुए हैं। अधिकारियों ने बतायाा कि चार आतंकवादियों के इस समूह की पिछले एक वर्ष से तलाश की जा रही थी।

अधिकारियों ने बताया कि सेना और पुलिस के एक संयुक्त खोज दल ने गुरुवार को सुबह जिले में बसंतगढ़ के सुदूर बिहाली इलाके में तलाशी अभियान शुरू किया, जिसके दौरान मुठभेड़ शुरू हुई। उन्होंने बताया कि इलाके में अतिरिक्त बलों को भेजा गया है और खराब मौसम के बावजूद व्यापक तलाश अभियान चलाया जा रहा है।

रक्षा प्रवक्ता ने बताया कि भारतीय सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस के अभियान में अब तक एक आतंकवादी को मार गिराया गया है। अभियान अभी जारी है। ऑपरेशन बिहाली कोड नाम वाला यह अभियान ऐसे वक्त में शुरू किया गया है जब एक सप्ताह बाद कश्मीर में अमरनाथ यात्रा शुरू होगी।

जम्मू रेंज के आईजी भीम सेन टूटी ने बताया कि आतंकवादियों का सुबह करीब साढ़े आठ बजे पता चला। बताया कि कोहरा होने के बावजूद तलाश अभियान जारी है और मौसम में सुधार होने के बाद ही असल स्थिति का पता चलेगा।

अधिकारियों ने बताया कि जिन आतंकवादियों को घेरा गया है, वे पाकिस्तान स्थित जैश-ए-मोहम्मद के सदस्य हैं और सेना के पैरा कमांडो की अगुवाई में संयुक्त तलाश दल ने करूर नाला के पास उन्हें छिपे हुए पाया।



**अहमदाबाद में क्रैश हुआ था एयर इंडिया का विमान**

# विमान के ब्लैक बॉक्स का निकाला जा रहा डेटा

नई दिल्ली, एजेंसी

- कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डर तथा फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर की जांच

सरकार ने गुरुवार को कहा कि 12 जून को अहमदाबाद में दुर्घटनाग्रस्त हुए एयर इंडिया के विमान के ब्लैक बॉक्स से डेटा निकाला जा रहा है और कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डर तथा फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर का विश्लेषण किया जा रहा है ताकि दुर्घटना की कड़ियों को जोड़ा जा सके।

सरकार ने इस दुर्घटना में 270 लोगों के मारे जाने के करीब 15 दिन बाद इस घटना की जांच को लेकर जानकारी दी है। नागर विमानन मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि वायुयान दुर्घटना अन्वेषण ब्यूरो (एएआईबी) ने तुरंत जांच शुरू की और निर्धारित नियमों के अनुसार 13 जून को एएआईबी प्रमुख की अगुवाई में एक बहु-विषयक टीम गठित की। बयान में कहा गया है कि इस टीम में एक विमानन चिकित्सा विशेषज्ञ, वायु यातायात नियंत्रण (एटीसी) का एक अधिकारी और अमेरिका के राष्ट्रीय परिवहन सुरक्षा बोर्ड के प्रतिनिधि शामिल हैं।

# डीटीयू के वीसी जोशी का इस्तीफा

**नई दिल्ली।** दिल्ली शिक्षक विश्वविद्यालय (डीटीयू) के पहले कुलपति (वीसी) प्रोफेसर धनंजय जोशी ने निजी कारणों का हवाला देते हुए अपने पद से इस्तीफा दे दिया है।

इस्तीफा बुधवार को उपराज्यपाल (एलजी) कार्यालय को सौंप दिया गया, हालांकि इसे अभी आधिकारिक तौर पर स्वीकार नहीं किया गया है। इस्तीफे या इसकी स्वीकृति के बारे में उपराज्यपाल कार्यालय की ओर से कोई आधिकारिक टिप्पणी नहीं की गई। जोशी ने कहा मैंने बुधवार को उपराज्यपाल को अपना इस्तीफा सौंप दिया। इसे अब तक स्वीकार नहीं किया गया है। मैंने अपने पिछले संस्थान गुरु गोबिंद इंद्रप्रस्थ विवि में लौटने का भी अनुरोध किया है।

# आम उत्पादन में यूपी अग्रणी, देश के कुल उत्पादन में 27 % हिस्सा

## इस बार राज्य में 61.46 लाख मीट्रिक टन उत्पादन, वर्ष 2024-25 में 3.25 लाख हेक्टेयर क्षेत्रफल में बागवानी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश आम उत्पादन में अग्रणी राज्य बनकर उभरा है। इस बार देश में आम के कुल उत्पादन में 27 प्रतिशत की भागेदारी उप्र. की रही है।

राज्य में 61.46 लाख मीट्रिक टन आम का उत्पादन हुआ, जो देश के कुल उत्पादन का लगभग 27 प्रतिशत है। वहीं, वर्ष 2024-25 में प्रदेश में 3.25 लाख हेक्टेयर क्षेत्रफल में आम की बागवानी हुई, जो देश कुल क्षेत्रफल का 13.5 प्रतिशत है। इस सत्र में प्रदेश से 40.31 मीट्रिक टन आम का निर्यात अन्य देशों को किया गया। जबकि, इसी साल अब तक 13.5 मीट्रिक टन आम का निर्यात अन्य देशों को किया गया है। दरअसल, राज्य में आम की लगभग 600 से अधिक प्रजातियों का उत्पादन किया जा रहा है, जिनमें प्रमुख रूप से दशहरी, लंगड़ा, चौसा, गौरजीत, आम्रपाली, रामकेला, रटौल, लखनऊ सफेदा, बाम्बेग्रीन एवं अन्य रंगीन प्रजातियां प्रमुख रूप से शामिल हैं। सहारनपुर, मेरठ, बागपत, बुलन्दशहर, अमरोहा, बाराबंकी, हरदोई, सीतापुर, उन्नाव, अयोध्या, लखनऊ, प्रतापगढ़, वाराणसी आदि आम उत्पादन वाले प्रमुख जिले है।



> उत्तर प्रदेश से अन्य देशों में आम के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए जेवर एयरपोर्ट के पास फलों की टेस्टिंग एवं ट्रीटमेंट सेंटर का निर्माण किया जाना भी प्रस्तावित है। -**दिनेश प्रताप सिंह**, कृषि विदेश व्यापार राज्यमंत्री।

### इस बार सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ होगा आम महोत्सव

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में इस बार सांस्कृतिक कार्यक्रमों और प्रतियोगिताओं के साथ आम महोत्सव मनाने की तैयारी है। आम के उत्पादन, निर्यात, प्रसंस्करण आदि को प्रोत्साहित किये जाने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश आम महोत्सव-2025 का आयोजन 4 जुलाई से 06 जुलाई के बीच अवध शिल्प ग्राम, लखनऊ में भव्य रूप से किया जाएगा। इस दौरान यहां 600 से अधिक आम की प्रजातियों का प्रदर्शन किया जाएगा। आम महोत्सव में उप्र. के अतिरिक्त मध्य प्रदेश, उत्तराखण्ड, छत्तीसगढ़, बिहार, हरियाणा, राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र एवं अन्य प्रांतों के उद्यान विभाग के प्रतिनिधि, प्रगतिशील बागवान एवं निर्यातकों द्वारा प्रतिभाग किया जाएगा। महोत्सव में आम से बने विभिन्न पकवान एवं व्यंजन प्रदर्शित किए जाएंगे, प्रतिभागियों द्वारा तैयार आम के पकवानों व खाने की प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जाएगा। दरअसल, पिछले साल के आम महोत्सव में 07 श्रेणियों के 58 वर्गों में लगभग 600 से अधिक आम की प्रजातियों एवं प्रसंस्कृत उत्पाद का प्रदर्शन किया गया।

## एक नजर

### पूर्व विधायक ने किया कई गांवों का दौरा

**रामपुरभगन।** पूर्व विधायक जितेंद्र सिंह बब्लू की सक्रियता विधानसभा क्षेत्र में बढ़ गई है। उन्होंने गुरुवार को विधानसभा क्षेत्र बीकापुर के रामपुर भगन, बरांव, पकड़ी दुर्गादासपुर, उमरनी पिपरी, कोदैला आदि गांवों को दौरा किया। विभिन्न पीड़ित परिवारों से मिले, उनका हाल चाल लिया। उमरनी पिपरी में आयोजित कार्यक्रम में लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी के हर सुख-दुख में हमेशा शामिल रहेंगे। इस अवसर पर कृष्ण कुमार गुप्ता, अम्बरीष गुप्ता, प्रदीप प्रधान, राम बाबू आदि मौजूद रहे।

### श्रीराम चिकित्सालय में आईसीयू संचालित

**अयोध्या।** राम मंदिर के निकट संचालित श्रीराम चिकित्सालय में एक बार फिर से आईसीयू का संचालन शुरू हो गया है। 12 बेड का आईसीयू सभी आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित है। अस्पताल के प्रशासनिक अधिकारी वाईपी सिंह ने गुरुवार को बताया कि किन्हीं कारणों से बीच में आईसीयू बंद हो गया था, लेकिन अब इसे फिर से संचालित कया गया है।

# जलवानपुरावासियों को फिर सता रहा जलभराव का डर

**37 करोड़ खर्च होने के बाद भी शिफ्ट करने लगे सामान**

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** अयोध्या में हल्की बरसात के बाद जलवानपुरा में रहने वाले लोगों में जलभराव होने का डर सताने लगा है। कई घरों में रहने वाले लोग भूतल छोड़ प्रथम तल पर जाने लगे हैं। स्थानीय लोगों के मुताबिक अगर अब बरसात हुई तो घरों में पानी भरने लगेगा। इसलिए पहले से सामान को सुरक्षित कर रहे हैं। हालांकि विकास प्राधिकरण के द्वारा 37 करोड़ की योजना से पंप हाउस तैयार किया गया है, जिसमें लगभग तीन किलोमीटर लंबे पाइपलाइन भी बिछाई गई। ताकि पानी जलवानपुरा क्षेत्र से बाहर किया जा सके, लेकिन यह कार्य अभी भी अधूरा है।



जलवानपुरा में निर्माणाधीन पंप हॉउस। अमृत विचार

स्थानीय लोगों का मानना है कि प्राधिकरण के द्वारा बनाए गए पंप हाउस में छह मोटर लगाए गए हैं। जिसमें मात्र एक ही मोटर पाइपलाइन से जोड़ा जा सका है। इसके साथ ही क्षेत्र में होने वाले जलभराव से अभी इस पंप हाउस को नहीं जोड़ा जा सका है, जिसको लेकर लोगों में नाराजगी भी है। बारिश के बाद मंगलवार को ही स्थानीय लोग महापौर गिरीशपति त्रिपाठी से भी मुलाकात करने पहुंचे, लेकिन कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया गया। स्थानीय निवासियों ने अब अपने परिवार के लिए सुरक्षित इंतजाम करने की तैयारी शुरू कर दी है।

### पानी बरसते ही भर गया

चंद्र प्रकाश श्रीवास्तव ने बताया कि बीते दिनों ट्रायल के नाम पर फीता काटकर पंप हाउस का उद्घाटन कर दिया गया, लेकिन अभी वह कार्य पूरा नहीं हुआ है। बगल में स्थित गड्ढे में पानी बरसते ही पूरा भर गया। आशुतोष मिश्रा ने कहा कि इस समस्या को लेकर महापौर गिरीश पति त्रिपाठी से भी मुलाकात करने के लिए पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि यह समस्या पुरानी है। कुछ और हो तो बताएं। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष जलभराव के कारण घरों को लाखों का नुकसान हुआ था।

> अभी विकास प्राधिकरण ने हमें प्रोजेक्ट हैंडओवर नहीं किया है। जैसे ही हमें प्रोजेक्ट मिलेगा। हम इसका संचालन करेंगे।
> -गिरीशपति त्रिपाठी, महापौर।

# टेंडर निकाल सड़क बनाना भूला विभाग

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** सड़क निर्माण के लिए टेंडर निकालकर विभाग सड़क बनवाना भूल गया। यह मुद्दा गुरुवार को मंडलीय उद्योग बंधु की बैठक में गूंजा। कमिश्नर गौरव दयाल भो चौंक गए। लोक निर्माण विभाग को इसके निर्माण का निर्देश दिया।

आयुक्त सभागार में आयोजित बैठक में सड़क का मामला आईआईए के पूर्व अध्यक्ष सुरेंद्र प्रताप सिंह ने उठाया। कमिश्नर को बताया कि रुदौली के मीसी गौहन्ना से जमुनिया बाग तक लगभग एक किमी. लंबी सड़क का मामला पहले भी मंडलीय उद्योग बंधु में उठा था। नवंबर-दिसंबर 2024 में इस सड़क के निर्माण के लिए टेंडर निकाला गया तो विश्वास हो गया कि अब यह सड़क बन जाएगी, लेकिन सड़क आज तक नहीं बन पाई। ताज्जुब तो यह रहा कि विभाग में ऐसा भी होता है कि टेंडर निकालने के बाद भी सड़क न बने। कमिश्नर ने विभाग के अफसरों से इसको लेकर जानकारी ली। इसके निर्माण का निर्देश दिया। बैठक में औद्योगिक आस्थान गद्दोपुर क्षेत्र की साफ-सफाई न किए जाने की शिकायत उद्यमियों ने की। कमिश्नर ने नगर निगम को नियमित सफाई का निर्देश दिया। लघु उद्योग भारती के उद्यमियों ने औद्योगिक विकास के लिए राम सनेही घाट के निकट यूपीसीडा से राज्य औद्योगिक विकास निगम को निःशुल्क भूमि उपलब्ध कराने के प्रकरण उठाया। कमिश्नर ने जिलाधिकारी अयोध्या को मामले का संज्ञान लेते हुए प्राथमिकता पर निस्तारित कराने का निर्देश दिया।



आयुक्त सभागार में मंडलीय उद्योग बंधु की बैठक लेते मंडलायुक्त गौरव दयाल।

**मंडलीय उद्योग बंधु की बैठक में गूंजा मामला**

कमिश्नर ने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, एक जनपद एक उत्पाद वित्त पोषण योजना सहित अन्य योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को उद्यमियों की समस्याओं को शीर्ष प्राथमिकता पर निस्तारित कराने का निर्देश दिया। बैठक में संयुक्त आयुक्त उद्योग, अग्रणी बैंक प्रबंधक, सहायक श्रमायुक्त, आईआईए के अविनाश चंद्रा, अजय सिंहल, विजय विभोर सिंह, दुर्गेश शर्मा सहित अन्य उद्यमी मौजूद थे।

# नशे की हालत में बहन को अपशब्द कहने पर की थी हत्या

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** पहले साथ बैठकर शराब पी, फिर नॉनवेज खाया, लूडो खेलते समय बहन को बोला अपशब्द तो हंसिए से गले पर वार कर हत्या कर दी। इसके बाद मृतक के पिता को सूचना दी कि उनका बेटा खेत में बेहोश पड़ा है, जब परिवार के लोग आए तो किसी को कोई शक न हो इसलिए आरोपी भी वहीं मौजूद रहा।

थाना पूराकलंदर अंतर्गत पलिया गोवा गांव में सोमवार को हुई नागेंद्र यादव की हत्या का गुरुवार को खुलासा करते हुए पुलिस ने हत्या आरोपी गांव के ही विनय कुमार प्रजापति को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस लाइन सभागार में गुरुवार को एसपी सिटी चक्रपाणि त्रिपाठी ने बताया कि 23-24 जून रात में पलिया गोवा गांव निवासी नागेंद्र प्रसाद यादव (40) पुत्र रामप्रकाश यादव घर से कुछ दूरी पर स्थित खेत में पानी लगाने गया था। भोर में उसका लहूलुहान शव खेत में बिछी चारपाई पर पड़ा मिला। किसी धारदार हथियार से उसके गले पर वार कर हत्या की गई थी। मामले में पिता की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर जांच के लिए थाना प्रभारी पूराकलंदर देवेंद्र सिंह व सर्विलांस सेल प्रभारी अमरेश त्रिपाठी की टीम को लगाया गया था। जांच के दौरान टीम को पता चला कि घटना की रात को आरोपी को मृतक के साथ देखा गया था। यह भी पता चला कि उसी रात मृतक मसौधा बाजार से नॉनवेज व शराब लेकर आया था। इस आधार पर आरोपी को जब हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो उसने हत्या करने का अपराध कबूल लिया। उसने बताया कि 23 जून की रात नागेंद्र से उसे फोन किया कि आज मैं खेत में पानी लगाऊंगा। मैं नॉनवेज व शराब लेकर आऊंगा, तुम अपने घर से रोटी और चावल बनवाकर लाना। खाया पीया जाएगा व रात में अपने मोटर के पास सोया जाएगा। बताया कि रात में ही नागेंद्र उनके घर से एक चारपाई भी लेकर आया था। हम दोनों मोतीलाल साहू के ट्यूबवेल के पास चकरोड पर ही नॉनवेज खाया, नागेंद्र ने जमकर शराब पी लेकिन मैंने शराब को हाथ भी नहीं लगाया। उसके बाद हम चारपाई के पास वापस आ गये थे,



पुलिस लाइन सभागार में पत्रकारों से बातचीत करते एसपी सिटी चक्रपाणि त्रिपाठी।

**थाना पूराकलंदर क्षेत्र का नागेंद्र हत्याकांड, आरोपी गिरफ्तार**

तभी नागेंद्र के पडोस के रहने वाले जुग्गीलाल आ गये थे, जिनके साथ सोनू अपने खेत मे पानी देखने चला गया। बाद में जुग्गीलाल घर चला गया व मैं व नागेंद्र लूडो खेलने लगे। इस दौरान उसने नशे की हालत में मेरी बहन के बारे में अपशब्दों का प्रयोग करने लगा। इससे गुस्से में आकर उसने अपने साथ लाए हंसिए से उसके गर्दन पर कई वार कर दिया, जिससे उसकी मृत्यु हो गयी। आरोपी के अनुसार इसके बाद उसने नागेंद्र के पिता को फोन करके बताया कि उनके बेटे को खून की उल्टी हुयी है और वह बेहोश पड़ा है। जिस पर उनके पिता रामप्रकाश मौके पर आए तो मैं उनके पीछे खडा हो गया ताकि किसी को मेरे ऊपर शक न हो। एसपी सिटी ने बताया कि आरोपी के पास से हत्या में प्रयुक्त हंसिया, मोबाइल फोन व खून से सने कपड़ों आदि को बरामद किया गया है। आरोपी का चालान कर दिया गया है।

## नकाबपोश बदमाशों ने लूटे दो सोने के लॉकेट

**मवई, अयोध्या।** मवई थाना क्षेत्र के नरौली स्थित नहर पर बाइक सवार नकाबपोश बदमाशों ने सरेशाम एक व्यक्ति पर हथौड़ा मारकर उसकी पत्नी से सोने के दो लॉकेट लूट लिये। मवई थाना क्षेत्र के बघेढ़ी गांव के रहने वाले नवदंपत्ति संदीप कुमार बुधवार शाम पत्नी के साथ घर आ रहे थे। नेवाजपुर व नरौली के बीच नहर के पास बिना नंबर की बाइक सवार दो नकाबपोश बदमाशों ने उनकी बाइक को ओवरटेक करके रोक लिया। संदीप को चाकू दिखाकर उनका लॉकेट छीनने का प्रयास किया। विरोध करने पर बदमाश ने संदीप पर हथौड़े से वार कर दिया और उनकी पत्नी के गले से सोने के दो लॉकेट छीन कर भाग निकले। रूदौली सीओ आशीष निगम, मवई एसओ सुरेश कुमार पटेल, पटरंगा थानाध्यक्ष शशिकांत यादव घटनास्थल पर छानबीन की। मवई थाना प्रभारी सुरेश कुमार पटेल ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर रिपोर्ट दर्जकर आसपास में लगे सीसीटीवी के जरिए बदमाशों की पहचान की जा रही है।

# चार दुकानों से नकदी समेत अन्य सामान चोरी

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** कोतवाली नगर अंतर्गत बेगमगंज मकबरा इलाके में अगल-बगल स्थित चार दुकानों से चोर करीब पांच हजार की नकदी चुरा ले गए। आरोपी दुकान में लगे सीसीटीवी में कैद हो गए हैं।



बेगमगंज मकबरा में दुकानों में हुई चोरी का आरोपी सीसीटीवी में कैद (लाल घेरे में)।

बेगमगंज मकबरा पर अगल-बगल आरआर कार्डिंग, दीपक इलेक्ट्रॉनिक्स, रूप इंपोरियम व एसएम कंप्यूटर की दुकानें हैं। अस्थायी रूप से बनी इन दुकानों पर छत की जगह टीन की चद्दर रखी गई है। बुधवार-गुरुवार रात दो से 2:30 बजे के बीच चोर इन दुकानों की छत पर लगी चद्दर को कांटकर अंदर घुसे व दो दुकान से करीब पांच हजार की नकदी समेत अन्य सामान चुरा ले गए। रुप इंपोरियम के मालिक सत्यम गुप्ता ने बताया कि चोरों ने दुकान के काउंटर आदि में तोड़फोड़ भी की। जिससे भारी नुकसान हुआ है। चोरों ने यही हाल मेरे रिश्तेदार प्रज्जवल गुप्ता की आरआर कार्डिंग की दुकान का किया। दीपक इलेक्ट्रॉनिक के दिलीप गुप्ता ने बताया कि चोर मेरी दुकान से एक हजार व बगल की दुकान एसएम कंप्यूटर से करीब चार हजार की नकदी के साथ कुछ सामान चुरा ले गए। कोतवाल अश्विनी पांडेय ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज की जांच की गई है। चोरों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है।

## पत्र वितरक नेता अश्विनी पांडे को पितृ शोक

**अयोध्या, अमृत विचार:** राष्ट्रीय समाचार पत्र वितरक सेवा समिति के स्टार प्रचारक अश्वनी पांडे के 65 वर्षीय पिता राम बादल पांडे का गुरुवार शाम 5: 30 बजे निधन हो गया। अयोध्या के ग्राम मगन पांडे निवासी राम बादले पांडे की अंतिम यात्रा शुक्रवार को प्रस्तान करेगी। वह अपने पीछे पुत्र अश्विनी पांडेय, पौत्र अंशु पांडे, पौत्री आंचल व आराध्या, पुत्री सरोज तिवारी, सुनीता मिश्रा, सविता पांडे, कोमल शुक्ला, कुमकुम तिवारी, खुश्बू मिश्रा का भरा पुरा परिवार छोड़ गए हैं। समिति के मीडिया प्रभारी अभिषेक बाजपेई व अन्य पत्र वितरकों ने उनके निधन पर शोक जताया है।



राम बादल पांडे (फाइल फोटो)

# पहली बार शौचालय में लगी मिथेन गैस को नियंत्रित करने वाली डिवाइस

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** नाका बाईपास चौराहे के ओवर ब्रिज के नीचे 25 लाख रुपये की लागत से निर्मित 10 सीटर सुलभ शौचालय का लोकार्पण गुरुवार को महापौर गिरीशपति त्रिपाठी ने किया। इस शौचालय का निर्माण नगर निगम ने स्वयंसेवी संस्था लाडली फाउंडेशन के तत्वावधान में कराया है। नगर निगम के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार पांडे ने बताया कि इस शौचालय में पांच-पांच सीट महिला और पुरुष के लिए अलग-अलग हिस्से में लगाई गई है। इसे प्रदूषणमुक्त बनाने के लिए ढाई लाख रुपये की अत्याधुनिक डिवाइस का प्रयोग किया गया है, जो अयोध्या में पहली बार किसी पब्लिक टॉयलेट में लगाया गया है। यह डिवाइस मीथेन गैस को नियंत्रित करेगी। फर्श की सफाई के लिए ऑटोमेटिक क्लीनर लगाया गया है। महापौर ने इस मौके पर शौचालय के सामने बनाए जा रहे पार्क का नाम लाडली वाटिका करने की मांग को स्वीकार किया और पांच बेंच आने वाले लोगों के बैठने के लिए पार्क में लगवाने का ऐलान किया।



उद्घाटन करते महापौर गिरीशपति त्रिपाठी, अपर नगर आयुक्त वागीश शुक्ल, नागेंद्र नाथ व पार्षद सूर्या तिवारी।

**10 सीटर अत्याधुनिक शौचालय नगर वासियों को समर्पित, महापौर ने किया लोकार्पण**

मौके पर पार्षद विकास कुमार, सूर्यकुमार तिवारी, अपर आयुक्त वागीश कुमार शुक्ल, नागेंद्र नाथ, सफाई निरीक्षक राजेश वर्मा, लाडली फाउंडेशन के आकाश सिंह, भाजपा नेता रमेश राना आदि मौजूद थे।

## प्रतिनिधिमंडल ने बीडीओ को सौंपा ज्ञापन

**अयोध्या, अमृत विचार:** मया ब्लॉक की समस्याओं को लेकर वामदलों के नेताओं ने गुरुवार को खंड विकास अधिकारी मया को ज्ञापन सौंपा। बताया कि मया ब्लॉक के गांवों के भ्रमण के दौरान विभिन्न योजनाओं में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार की शिकायतें पाई गईं। ज्ञापन के जरिए कई प्रमुख समस्याओं के समाधान की मांगे की गई। चेतावनी दी कि 15 दिनों के भीतर संतोषजनक कार्रवाई नहीं हुई तो वामदल आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। प्रतिनिधि मंडल में भाकपा जिला सचिव अशोक कुमार तिवारी, माकपा जिला सचिव अशोक यादव, किसान सभा के संयुक्त सचिव विनोद सिंह, भाकपा (माले) राज्य कमेटी सदस्य राम भरोस, यदुनाथ कनौजिया आदि थे।

# अल्ट्रासाउंड हुआ तो पता चला आठ माह की गर्भवती है किशोरी

मिल्कीपुर, अयोध्या

**अमृत विचार :** इनायतनगर थाना क्षेत्र में इंसानियत को शर्मसार करने वाली एक घटना सामने आई है। मानसिक रूप से बीमार 16 वर्षीय किशोरी से एक शादीशुदा व्यक्ति ने कई बार दुष्कर्म किया। इसकी जानकारी तब हुई जब पेट दर्द की शिकायत पर पीड़िता के भाई ने उसका अल्ट्रासाउंड कराया। घटना की जानकारी होने पर लोगों में आक्रोश है। पुलिस ने भाई की तहरीर पर आरोपी पर केस दर्ज कर उसकी तलाश कर रही है।

परिवारीजनों के अनुसार किशोरी को कई दिनों से पेट में तेज दर्द की शिकायत थी। हाल ही में अहमदाबाद से लौटा भाई उसे अस्पताल ले गया। डॉक्टर की सलाह पर अल्ट्रासाउंड कराया। मेडिकल रिपोर्ट के अनुसार किशोरी आठ माह की गर्भवती है। यह जानकर परिवार ही नहीं गांव के लोग भी सन्न रह गए। परिवारीजनों ने इस संबंध में किशोरी से पूछताछ की, तो उसने अपनी आपबीती बताई। किशोरी के अनुसार शादीशुदा शिवनाथ गौड़ लंबे समय से उसके साथ दुष्कर्म कर रहा था। आरोपी ने उसे धमकी दी कि यदि किसी से कुछ बताया तो सबको मार डालेगा। आखिरकार, पीड़िता के भाई ने इनायतनगर थाने में तहरीर दी, जिस पर पुलिस ने आरोपी शिवनाथ के खिलाफ पॉक्सो एक्ट, दुष्कर्म समेत अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया है। थाना प्रभारी रतन कुमार शर्मा ने बताया कि किशोरी को स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र में मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा गया। आरोपी फरार है, लेकिन संभावित ठिकानों पर दबिश देकर उसकी गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है।

**शादीशुदा व्यक्ति ने कई बार किया दुष्कर्म, माता-पिता व बेटी हैं मानसिक रूप से कमजोर, केस दर्ज**

### शिशु के भविष्य की जिम्मेदारी उठाए प्रशासन

इस घटना ने न केवल समाज की संवेदनशीलता पर सवाल खड़े किए हैं, बल्कि प्रशासन की जवाबदेही को भी कटघरे में ला दिया है। क्षेत्रीय लोगों की मांग है कि आरोपी को शीघ्र गिरफ्तार कर कड़ी सजा दिलाई जाए। साथ ही पीड़िता को सरकारी संरक्षण, मानसिक स्वास्थ्य सहायता और पुनर्वास की सुविधा दी जाए। बच्ची के गर्भ में पल रहे शिशु के भविष्य की भी जिम्मेदारी प्रशासन उठाए। वहीं, यह भी चर्चा है कि घटना की जानकारी दोनों पक्षों को पहले से थी। लेन-देन के लिए बातचीत भी चल रही थी।

## सार-संक्षेप



प्रधान संघ कार्यकारिणी की बैठक को संबोधित करते जिलाध्यक्ष राजेश प्रताप सिंह।

### अक्टूबर में होगा प्रधानों का विशाल सम्मेलन : जिला अध्यक्ष

**अयोध्या, अमृत विचार :** अखिल भारतीय प्रधान संगठन जनपद अयोध्या के जिला कार्यकारिणी की बैठक श्री हरिनारायण सिंह शिक्षण संस्थान डेरामूसी में गुरुवार को हुई। जिला अध्यक्ष राजेश प्रताप सिंह ने बताया कि माह अक्टूबर में अयोध्या में प्रधानों का एक विशाल सम्मेलन/विचार गोष्ठी आयोजित की जाएगी। कहा कि अयोध्या में प्रधान संगठित हैं। यदि किसी भी प्रधान का उत्पीड़न किसी द्वारा किया गया तो संगठन उसकी ईंट से ईंट बजा देगा। प्रदेश महासचिव अनिल तिवारी ने कहा कि प्रदेश में सबसे ज्यादा मजबूत संगठन जनपद अयोध्या का है। बैठक को जिला उपाध्यक्ष रक्षा राम यादव, श्रीनिवास तिवारी जिला संरक्षक, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष सोहावल अंबरीश पांडे, ब्लॉक अध्यक्ष तारुन सुरेश सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष मया केसरी यादव, ब्लॉक अध्यक्ष हैरिंगटनगंज अशोक तिवारी, ब्लॉक अध्यक्ष मवई पवन कुमार वर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष रुदौली बलभद्र यादव, ब्लॉक अध्यक्ष मिल्कीपुर इंद्रसेन यादव, ब्लॉक अध्यक्ष बीकापुर विशाल सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष मसौधा मोहम्मद नईम, कार्यकारी अध्यक्ष सुनील शंकर आदि ने संबोधित किया।

### सपा ने मनाई छत्रपति शाहूजी महाराज की जयंती

**अयोध्या, अमृत विचार।** गुलाबबाड़ी स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय पर गुरुवार को छत्रपति शाहूजी महाराज की जयंती मनाई गई। पार्टी नेताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव ने कहा छत्रपति शाहूजी महाराज कोल्हापुर रियासत के शासक थे। उन्होंने शिक्षा और सामाजिक न्याय के क्षेत्र में असाधारण काम किया है। इस मौके पर महानगर महासचिव हामिद जाफर मीसम, उपाध्यक्ष श्रीचंद यादव, राकेश पांडे, जगन्नाथ यादव, वीरेंद्र गौतम, ननकन यादव, योगेश श्रीवास्तव, पार्षद राम भवन यादव समेत अन्य मौजूद रहे।

### समारोह के बीच विद्यार्थियों में बांटा टैबेलट



छात्र को टैबलेट देते जिला पंचायत सदस्य इंद्र भान सिंह व अन्य।

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** मसौधा ब्लॉक क्षेत्र के जसपता देवी आईटीआई कादीपुर बारून बाजार में विद्यार्थियों को समारोह के बीच टैबलेट का वितरण किया गया। टैबलेट पाकर बच्चों के चेहरे खिल गए। मुख्य अतिथि भाजपा के वरिष्ठ नेता व जिला पंचायत सदस्य इंद्र भान सिंह ने कहा कि तकनीकि शिक्षा समय की आवश्यकता है। टैबलेट मिलने से बच्चों के तकनीकि ज्ञान में वृद्धि होगी। मुख्य अतिथि के साथ प्रबंधक सत्य प्रकाश मिश्र ने 29 बच्चों में टैबलेट का वितरण किया। इस मौके पर विद्यालय के संजय मिश्र के साथ बच्चे और उनके अभिभावक मौजूद रहे।

### भामाशाह सम्मान के लिए बढ़ाई जाए व्यापारियों की संख्या

**अयोध्या कार्यालय।** प्रदेश सरकार द्वारा दानवीर भामाशाह सम्मान योजना चलाई जा रही है। प्रदेश में पंजीकृत व्यापारियों को जिले स्तर पर दिए जाने वाले सम्मान में संशोधन का सुझाव व्यापार अधिकार मंच ने दिया है। मंच के राष्ट्रीय संयोजक सुशील जायसवाल, जिला प्रभारी कमल कौशल, महानगर प्रभारी विश्व प्रकाश" रूपन" जिला अध्यक्ष अरुण गुप्ता ने बैठक के बाद यह जानकारी दी। जायसवाल ने कहा कि बमुश्किल मुट्ठी भर व्यापारियों को यह सम्मान दिया जाता है जबकि हजारों व्यापारी सरकार के कमाऊ पुत्र के रूप में दिन रात खट रहे हैं। रुपन ने कहा कि सम्मान पाने वाले एक सुनिश्चित पैमाने के अन्तर्गत आने वाले व्यापारियों की संख्या जिले स्तर पर बढ़ा कर कम से कम 101 की जाए। अरुण गुप्ता ने कहा कि पुरस्कार का मूल्य भले कम हो पर मंच पर विभाग से अपने कमाऊ पुत्र व्यापारी का सम्मान प्रदेश सरकार व विभाग की संवेदनशीलता को दर्शाएगा। इसका प्रस्ताव जिलाधिकारी व उपायुक्त प्रशासन राज्य कर के साथ राज्यकर मुख्यालय को यह मांग भेजी है।

**गम का महीना** — आज पहली मोहर्रम से होगी प्रमुख 10 दिनों की शुरुआत

# सत्य, न्याय और बलिदान का संदेश देती है कर्बला

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** मोहर्रम, इस्लामिक कैलेंडर का पहला महीना, कर्बला की शहादत की याद में गम और मातम का प्रतीक है। यह पवित्र महीना शुक्रवार से शुरू हो रहा है और दो माह आठ दिन तक मनाया जाएगा। इस दौरान विशेष रूप से पहली मोहर्रम से दसवीं मोहर्रम तक के 10 दिन अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। जिनमें हजरत इमाम हुसैन और उनके 72 साथियों की शहादत को याद किया जाता है।

कर्बला की घटना, जो 680 ईस्वी में हुई, इस्लाम के इतिहास की सबसे मार्मिक और प्रेरणादायक घटनाओं में से एक है। इसने सत्य, न्याय और मानवता के लिए बलिदान का संदेश दिया, जो आज भी शिया समुदाय और अन्य मुसलमानों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। मोहर्रम के इन 10 दिनों में शिया बाहुल्य इलाकों में मातम और मजलिसों का आयोजन होता है। जहां लोग इमाम हुसैन की शहादत को याद करते हैं। अजाखाने काले कपड़ों, झंडों और अलम से सजाए जाते हैं, जो मातम का प्रतीक हैं। मजलिसों में जाकिर (वक्ता) कर्बला की घटना का वर्णन करते हैं। नौहा और मर्सिया पढ़े जाते हैं। मोहर्रम के दौरान विभिन्न तिथियों पर जुलूस निकाले जाते हैं। विशेष रूप से सातवीं, नौवीं और दसवीं मोहर्रम को बड़े जुलूस निकलते हैं। दसवीं मोहर्रम, जिसे आशूरा के नाम से जाना जाता है। इस दिन इमाम हुसैन और उनके साथियों ने कर्बला के मैदान में यजीद की सेना के खिलाफ सत्य और न्याय के लिए अपनी जान कुर्बान की थी। आशूरा का दिन शिया समुदाय के लिए गहन शोक और आत्मचिंतन का दिन है। लोग काले वस्त्र पहनते हैं, मातम करते हैं और कुछ स्थानों पर जंजीरों से सीना पीटकर अपनी श्रद्धा व्यक्त करते हैं।

इस दौरान कई स्थानों पर लंगर और सबील का आयोजन होता है। जहां सभी समुदायों के लोग एक साथ भोजन और पानी बांटते हैं। जो सामाजिक समरसता का प्रतीक है।



मोहर्रम को लेकर शियों के घर में सजा अजाखाना।

**हजरत इमाम हुसैन और उनके 72 साथियों की शहादत के गम में मनाया जाता है मोहर्रम**

### शुक्रवार को पहली मोहर्रम के कदीमी जुलूस

- रात्रि 7 :30 बजे मोहल्ला कोठापाचर्चा में स्थित छोटी दरगाह से ताजिये का जुलूस उठकर मोती मस्जिद नार्मल स्कूल रोड होता हुआ पुरानी सब्जी मण्डी में मो. अब्बास साहब के घर पर जुलूस आधा घंटा रुककर फिर वहीं से मोहल्ला हैदरगंज में शफीकुल हसनैन के घर पर पहुँचकर समाप्त होगा।
- रात्रि 8 बजे मस्जिद चौक से ताजिये का जुलूस उठकर मोहल्ला दिल्ली दरवाजा रोड होता हुआ मोहल्ला खुर्दमहल में सिकन्दर मिर्जा के घर पर पहुँचकर समाप्त होगा।
- रात्रि 8 बजे मौलवी बाग से अलम मुबारक का जुलूस उठकर ताजू भाई वजीरगंज के घर पर पहुँचेगा। उसके बाद फिर वजीरगंज बड़ी दरगाह पहुंचकर समाप्त होगा।
- मस्जिद खजूर से 8 :30 बजे अलम का जुलूस उठेगा जो राजागली में अच्छे साहब के घर पर पहुंचकर समाप्त होगा।



मोहर्रम शुक्रवार यानि जुमे से शुरू हो रहा है। इस बार भी अजादारी के इंतजाम के लिए कमेटी की ओर सभी व्यवस्थाएं की जा रहीं हैं। जिला प्रशासन और नगर निगम से सहयोग मिल रहा है। कमेटी मोहर्रम के दौरान हर तरह से अपनी जिम्मेदारी निभा रही हैं। **-हैदर मेंहदी, अध्यक्ष / अधिवक्ता ताजियादारान कमेटी, अयोध्या।**



मोहर्रम केवल शोक का महीना नहीं है, बल्कि यह एकता, भाईचारे और मानवता की रक्षा के लिए बलिदान का संदेश भी देता है। इमाम हुसैन की शहादत ने दुनिया को दिखाया कि अन्याय और अत्याचार के सामने झुकने के बजाय सत्य के लिए लड़ना और कुर्बानी देना ही सच्चा धर्म है। **-मोनू मिर्जा, सचिव, ताजियादारान कमेटी, अयोध्या।**

## नियोक्ता ने नहीं, मुख्य अभियंता ने किया निविदा कर्मियों को निष्कासित

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** जिले भर के विद्युत उपकेन्द्रों से 940 से अधिक निविदा संविदा कर्मियों को निष्कासित किए जाने को लेकर गुरुवार को बड़ा खुलासा हुआ है। विद्युत मजदूर पंचायत के धरने के 66 वें दिन हुए इस खुलासे से मुख्य अभियंता वितरण की ओर से की गई कार्रवाई को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं। मध्य प्रदेश के भोपाल की प्राइम वन नियोक्ता कंपनी ने पंचायत को लिखित दिया है कि उसने एक भी कर्मचारी को नहीं निकाला है। उसके रिकॉर्ड में सभी कर्मी कार्य कर रहे हैं। जबकि मुख्य अभियंता की ओर दो माह पहले की गई निष्कासन की कार्रवाई को नियोक्ता कंपनी को ही आधार बताया गया था। इस खुलासे के बाद विद्युत मजदूर पंचायत ने प्रदेश नेतृत्व को पूरे घटनाक्रम से अवगत कराते हुए हस्ताक्षेप की मांग की है। प्रांतीय उपमंत्री रघुवंश मिश्रा ने आरोप लगाया है नियम विरुद्ध कार्रवाई की गई है। अध्यक्ष जय गोविंद ने बताया कि नियोक्ता कंपनी की सूचना के बाद पंचायत आगे की रणनीति तैयार कर रही है। यदि आवश्यकता हुई तो न्यायालय की शरण ली जाएगी। धरने में गुरुवार को सुशील मौर्य, विनय, प्रदीप, उमेश, अर्पण, आफताब सहित बड़ी संख्या में बिजली कर्मी मौजूद रहे।




### आज का मौसम

24 घंटे में बादल छाए रहने व हल्की वर्षा होने की संभावना है।

34.0° अधिकतम तापमान | 26.0° न्यूनतम तापमान

### आज के कार्यक्रम



- नगर की सरकार आपके द्वार अभियान के तहत महापौर का अश्वनीपुरम में भ्रमण सुबह 07:00 बजे से।
- अवध विश्वविद्यालय में कार्य परिषद की बैठक कौटिल्य प्रशासनिक भवन में सुबह 11:00 बजे से।



- प्राथमिक शिक्षक संघ द्वारा स्कूल मर्जर के विरोध में प्रदर्शन तिकोनिया पार्क में दोपहर 01:00 बजे से।
- जिला स्वच्छता समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में शाम 04:00 बजे से।

# दूसरे के नाम से चाकरी कर रहा था संदीप, विभाग भी अनजान

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** खून के काले धंधे के बड़े गठजोड़ की तह तक पुलिस ही नहीं स्वास्थ्य विभाग की जांच समितियों का पहुंच पाना किसी चुनौती से कम नहीं है। इस गठजोड़ की जड़ें कहां तक फैली और कितनी गहरी हैं इसे लेकर पुलिस और विभागीय दोनों जांचों में गंभीरता नहीं दिखाई दे रही है। पुलिस ने भले ही संदीप कुमार नाम के शख्स को खून के लेनदेन में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया हो, लेकिन गिरफ्तार संदीप बड़े कारसाज के रूप में सामने आ रहा है। सूत्रों के मुताबिक संदीप महिला अस्पताल में खुद के नाम से नहीं बल्कि दूसरे के नाम से अनाधिकृत रूप से काम कर रहा था। हालांकि जिला महिला अस्पताल प्रशासन इसकी पुष्टि नहीं कर रहा है।

पुलिस ने मंगलवार को बहुचर्चित मामले में जिस आरोपी को गिरफ्तार किया था उसे महिला अस्पताल के आउटसोर्स का गार्ड बताया गया था, लेकिन सीएमएस डॉ. विभा कुमारी ने साफ इन्कार किया था। कहा था कि उनके यहां पर इस नाम का कोई गार्ड ही तैनात नहीं है। उन्होंने इस संबंध में पुलिस से भी शिकायत दर्ज कराई थी। वहीं अस्पताल से जुड़े सूत्र बताते हैं कि संदीप कुमार अस्पताल आता था, लेकिन उसके आई कार्ड पर कुछ और नाम अंकित था। उसे उसी नाम से उसे पुकारा जाता था। लोग उसे संदीप के नाम से जानते ही नहीं थे। रिकॉर्ड में भी कहीं संदीप का जिक्र नहीं है। अब सवाल यह उठता है कि संदीप किसकी जगह पर ड्यूटी करने के लिए अस्पताल पहुंचता था? फिलहाल इस पूरे मामले में अभी भी कई सवाल अनुत्तरित हैं, जिनका जवाब भविष्य में जांच एजेंसियों को खंगालना होगा। खास बात यह है कि इस धंधे का खुलासा होने के बाद स्वास्थ्य विभाग ने बड़ी तेजी पकड़ी थी, लेकिन समय बीतने के साथ उसकी जांच की भी रफ्तार धीमी पड़ती दिखाई दे रही है। वहीं पुलिस भी इस मामले में एक को गिरफ्तार कर हाथ बांध कर बैठ गई है।

**खून के धंधे के गठजोड़ को तोड़ पाना बना चुनौती**




**कहीं सरकारी अस्पतालों में अनाधिकृत लोगों का कॉकस तो नहीं सक्रिय**



जिला अस्पताल का ब्लड बैंक।

### कहीं उन्हीं दो गार्डों में से एक तो नहीं

16 जून को मामले का खुलासा होने के बाद 20 जून से जिला महिला अस्पताल में दो गार्ड नहीं आ रहे हैं। आशंका जताई जा रही है कि कहीं उन्हीं दो गार्डों में से एक का संदीप ने चोला तो नहीं पहन रखा था। हालांकि अभी दोनों के न आने के कारणों की कोई सूचना नहीं मिल पा रही है।

### बयान देने नहीं आया डोनर आकाश

डोनर आकाश जिला अस्पताल कमेटी के सामने अपने बयान दर्ज कराने के लिए गुरुवार को ब्लड बैंक नहीं पहुंचा। जिला अस्पताल की जांच कमेटी के सदस्य डॉ. अजय चौधरी ने बताया कि विवेचक से इस संबंध में बात हुई थी। उन्होंने बताया कि आकाश ने शुक्रवार को आने का समय दिया है।

> गार्डों के सत्यापन के लिए फेस रिक्गनाइज अटेंडेंस लगवाने पर विचार कर रहे हैं। इसके साथ ही एक बार फिर से सभी गार्डों का सत्यापन कराया जाएगा। **-डॉ. विभा कुमार, सीएमएस, महिला अस्पताल।**

## संदीप के परिजनों ने आरोपों को नकार दिया

**सोहावल, अयोध्या। अमृत विचारः** रौनाही थाना क्षेत्र के नवीगंज निवासी संदीप कुमार की गिरफ्तारी के बाद नई-नई बातें निकल कर सामने आ रही हैं। बताया जाता है कि उसकी पारिवारिक पृष्ठभूमि पुलिस के आरोपों से ताल-मेल नहीं खाती। परिजनों ने आरोपों को पूरी तरह से खारिज किया है।

आईटीआई करने के बाद संदीप रोजी-रोटी की तलाश में लगा है। उसके बड़े भाई रवि ने स्नातक किया है। उनकी मानें तो करीब दो माह से ही शहर आना-जाना शुरू हुआ है। खून के कारोबार से कभी लेना देना नहीं रहा। इसे केवल पुलिस ने अपना मोहरा बनाकर पल्ला झाड़ लिया है। परिवार के पास सिर्फ 15 बिस्वा खेती है। तीन बीघा कॉन्ट्रेक्ट पर लिया गया है। पिता स्वयं पेंटिंग का कार्य करते हैं। युवक और उसकी पारिवारिक पृष्ठ भूमि आपराधिक नहीं बताई जा रही है, लेकिन गांव में बना मकान इस बात को बल अवश्य देता है कि परिवार में लक्ष्मी जी का वास कुछ समय से अच्छा हो रहा है। यह कमाई खून के अवैध कारोबार से है या कहीं और से यह कह पाना मुश्किल है, लेकिन पूछे जाने पर भाई रवि ने बताया कि बीते दिनों में न तो बाहर से कोई धन परिवार में आया है न ही किसी तरह की कोई जमीन आदि की खरीद बिक्री का काम हुआ है।


मोहर्रम को लेकर शहर में पैदल गश्त करते आईजी प्रवीण कुमार व अन्य।

### आईजी ने पैदल गश्त कर कराया सुरक्षा का एहसास

**अयोध्या, अमृत विचार।** मोहर्रम व अन्य त्योहारों को लेकर गुरुवार को आईजी प्रवीन कुमार ने शहर में पैदल गश्त कर लोगों को सुरक्षा का एहसास कराया। उन्होंने चौक, रिकाबगंज, फतेहगंज, नाका समेत अन्य इलाकों में स्थानीय लोगों व दुकानदारों से बातचीत भी की व आपसी भाईचारे के साथ त्योहार मनाने की अपील की। आईजी ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व डीजीपी कार्यालय से जारी आदेश के क्रम में पैदल गश्त किया जा रहा है। उन्होंने अयोध्यावासियों से यहां की गंगा जमुना तहजीब को बरकरार रखने की अपील की। गश्त में उनके साथ सीओ सिटी शैलेंद्र सिंह, नगर कोतवाल अश्विनी पांडेय समेत भारी पुलिस बल शामिल रहा।

## मंदिर पर कब्जे का प्रयास, केस दर्ज

**अयोध्या, अमृत विचार।** कोतवाली अयोध्या क्षेत्र के मीरापुर डेराबीबी में स्थित नारियल मंदिर में बुधवार रात अज्ञात लोगों ने कब्जे की नीयत से मंदिर में घुसने का प्रयास किया। मंदिर के महंत सियाराम दास ने पुलिस को बताया कि मनोज पांडेय निवासी राम की पैड़ी ने 19 जून को उन्हें फोन पर जान से मारने की धमकी दी थी। वह बुधवार रात भूपेश पांडेय निवासी प्रमोद वन व अन्य 15-20 लोगों के साथ मंदिर पर पहुंचा व अंदर घुसने का प्रयास किया। नाकाम रहने पर गेट तोड़ने का प्रयास किया व पत्थरबाजी भी की। अयोध्या कोतवाल मनोज शर्मा ने बताया कि तहरीर के आधार पर दो नामजद व अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर जांच की जा रही है।

# 6 साल बाद नगर निगम में शामिल हुए 41 राजस्व गांवों के 48 स्कूल

अयोध्या कार्यालय

- अब तक ग्रामीण स्तर पर हो रहे थे संचालित
- शासन के उप सचिव ने दिया शिक्षा निदेशक बेसिक को निर्देश

**अमृत विचार :** करीब छह साल के लंबे इंतजार के बाद नगर निगम के विस्तारित क्षेत्र में शामिल हुए 41 राजस्व गांवों के 48 परिषदीय विद्यालय अब निगम में शामिल हो गये। इसका आदेश 25 जून को उप सचिव शासन आनंद कुमार सिंह ने शिक्षा निदेशक बेसिक को जारी कर दिया है। नगर निगम का गठन वर्ष 2019 में हुआ था। उसके बाद दो ब्लॉकों के 41 राजस्व गांवों को विस्तारित क्षेत्र में शामिल किया गया था। अभी तक इन ब्लॉकों के परिषदीय विद्यालय ग्रामीण क्षेत्रों के अधीन संचालित हो रहे थे जबकि इन राजस्व गांवों को अन्य विभागों द्वारा पहले ही शहरी क्षेत्र के रुप में अंगीकृत कर लिया था।

> आदेश की जानकारी हुई है, लेकिन अभी अधिकृत रुप से जिला स्तर पर कोई आदेश निर्देश नहीं मिला है। आदेश मिलते ही शहरी क्षेत्र में समायोजित करने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। **-तारकेश्वर पांडेय, खंड शिक्षा अधिकारी, नगर क्षेत्र।**

उपसचिव के इस आदेश के बाद मसौधा ब्लॉक के 26 और पूरा बाजार ब्लॉक के 22 परिषदीय विद्यालय नगर निगम के दायरे में आ गए हैं। इन दोनों ब्लॉकों के कुल 41 राजस्व गांवों को विस्तारित क्षेत्र में शामिल किया गया था। जहां अब लोगों को नगरीय सुविधाओं दी जा रही हैं। अभी तक नगर निगम क्षेत्र में कुल 28 परिषदीय विद्यालय संचालित हो रहे थे। नए आदेश के बाद 48 और स्कूलों को नगर निगम सीमा में शामिल किए जाने के बाद इनकी संख्या बढ़ कर कुल 76 हो जाएगी। इससे इन परिषदीय विद्यालयों को नगरीय सुविधाओं के तहत उच्चीकृत किया जाएगा और अन्य सुविधाएं मिलेंगी। अभी जिले में यह आदेश नहीं आया है। आदेश आने के बाद समायोजन की प्रक्रिया शुरू होगी।

# नार्को टेस्ट से होगा मर्डर मिस्ट्री का खुलासा

अयोध्या कार्यालय

**राघवेंद्र मर्डर केस**

- विवेचक की अर्जी पर कोर्ट ने दिया आरोपी के टेस्ट का आदेश

**अमृत विचारः** रुदौली कोतवाली के बहुचर्चित डेयरी संचालक राघवेंद्र हत्याकांड में आरोपी राम उजागिर यादव का नार्को एनालिसिस एंड ब्रेन मैपिंग टेस्ट होगा। इसके जरिए पुलिस घटना की असलियत तक पहुंचने का प्रयास करेगी। इस आशय का आदेश विवेचक की अर्जी पर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सुधांशु शेखर ने गुरुवार को दिया है। नार्को टेस्ट करवाने की सहमति आरोपी ने भी दी है।

रुदौली कस्बे में शिवचंद यादव निवासी नैपुरा थाना रुदौली की दूध की डेयरी है। यहां से राघवेंद्र और उनके भाई अरविंद 9 मई को रात 11 बजे अपनी-अपनी बाइक से घर जा रहे थे। भेलसर तकिया के पास हाईवे पर पीछे से सफेद गाड़ी में सवार दो-तीन लोग आए और गाड़ी रोक कर अरविंद पर धारदार हथियार से वार कर दिया। जिससे उन्हें काफी चोटें आईं। घायलावस्था में अरविंद को रोड के किनारे छोड़ दिया। लगभग एक किमी हाईवे पर अयोध्या की तरफ अवधेश ढाबा के पास राघवेंद्र को भी दो-तीन लोगों द्वारा नुकीले धारदार हथियार से गले में वार करके गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायलों को सीएचसी रुदौली ले जाया गया।जहां से दोनों को हालत में ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया गया। वहां 10 मई को अरविंद की मौत हो गई। इस मामले में राम उजागिर निवासी नैपुरा के खिलाफ हत्या समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट लिखाई गई थी। मामले की विवेचना कर रहे इंस्पेक्टर संजय मौर्य ने कोर्ट में अर्जी दी थी कि नामित आरोपी राम उजागिर यादव से घटना के संबंध में पूछताछ की गई तो तथ्यात्मक बातों को छुपा कर उसके द्वारा इधर-उधर की बातें बताई जा रही हैं। आरोपी का नार्को टेस्ट कराया जाना आवश्यक है। अर्जी पर आरोपी न्यायालय में अपने अधिवक्ता के साथ उपस्थित हुआ और नार्को एनालिसिस एंड ब्रेन मैपिंग टेस्ट के लिए सहमति प्रदान की। सुनवाई के बाद कोर्ट ने उसका नार्को टेस्ट करवाए जाने का आदेश दिया है।

## सीएचसी के लैब भवन का निर्माण साल भर बाद भी अधूरा

**तारुन, अयोध्या।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तारुन परिसर में निर्माणाधीन आधुनिक सुविधाओं से लैस लैब भवन का निर्माण कार्य साल भर बाद भी पूरा नहीं हो पाया। छत की दीवारों में बनी दरारों को सीमेंट का प्लास्टर लगाकर बंद कर दिया गया है। अप्रैल में इस लैब भवन का निर्माण कार्य शुरू कराया गया था। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. सुशील कुमार बानियान ने निरीक्षण में लैब भवन की छत मे दरार देख नराजगी जाहिर की थी। अधीक्षक डॉ. अंशुमान गुप्ता ने बताया कि भवन का निर्माण कार्य शासन स्तर से हो रहा है। इस संबंध में कुछ नहीं कहा जा सकता है।

# पेट्रोलियम डीलर्स की बैठक में टैक्स कम करने की उठी मांग

अयोध्या कार्यालय

**विचार विमर्श**

**अमृत विचार :** अयोध्या पेट्रोलियम डीलर एसोसिएशन की एक अहम बैठक एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष राजेश सिंह के पेट्रोल पंप परिसर में संपन्न हुई। इसमें जिले के डीलरों ने एकजुट होकर जिला पंचायत द्वारा लगाए जा रहे टैक्स को लेकर चर्चा की और इसे कम करने की मांग पर जोर दिया।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष ने कहा कि मौजूदा टैक्स व्यवस्था पेट्रोल पंप संचालकों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डाल रही है। जिससे व्यवसाय संचालन प्रभावित हो रहा है। उन्होंने बताया कि इस मुद्दे को 20 जुलाई को होने वाली एसोसिएशन की वार्षिक बैठक में प्रमुखता से उठाया जाएगा। इसी बैठक में जिले में हाल ही में जुड़े नए डीलरों को सम्मानित भी किया जाएगा। बैठक में जिलेभर से आए डीलरों ने अपनी समस्याएं साझा कीं और एकजुट होकर समाधान की रणनीति तय की। बैठक में गणेश अग्रवाल, संजीव पांडेय, विपिन सिंह, राघवेन्द्र सिंह, अनिल शर्मा, राम भवन और टीएन तिवारी सहित कई अन्य डीलर मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप


पुलिस लाइन परिसर में अधिकारी व कर्मचारियों को नशा न करने की शपथ दिलाते सीओ लाइन योगेंद्र कुमार।

### नशा न करने की दिलायी शपथ

**अयोध्या, अमृत विचार।** पुलिस लाइंस परिसर में गुरुवार को अंतरराष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस पर क्षेत्राधिकारी लाइन योगेंद्र कुमार ने पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को नशा न करने की शपथ दिलायी कि हम स्वस्थ जीवन-यापन करते हुए किसी भी प्रकार के नशे से दूर रहेंगे। मादक पदार्थों के दुरूपयोग की रोकथाम तथा इसके विरुद्ध जन जागरूकता फैलाने मे अपना पूर्ण सहयोग देंगे। उन्होंने नशे के सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों की जानकारी भी दी। इस दौरान पुलिस लाइंस कार्यालय में तैनात अधिकारी, फायरब्रिगेड, यूपी 112, यातायात पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

### वायु प्रदूषण व स्वास्थ्य पर कार्यशाला आयोजित

**अयोध्या, अमृत विचार :** मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय के सभागार में गुरुवार को सीएमओ डॉ. सुशील कुमार के मार्गदर्शन में वायु प्रदूषण और स्वास्थ्य पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस में 14 सीएचसी के अधीक्षक, फार्मासिस्ट, बीसीपीएम, डीपीएम, डीसीपीएम, एडीआई व जिला स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारियों ने सहभागिता की। इस कार्यशाला का समन्वय डॉ. पीके गुप्ता (एसीएमओ-पीडियाट्रिशियन), डॉ. पीसी भारती (एसीएमओ-पीडियाट्रिशियन), डॉ. दीपक पांडे (एसीएमओ), जिला एपिडेमोलॉजिस्ट डॉ. अरविंद श्रीवास्तव व चिंतन एनवायर्नमेंटल रिसर्च एंड एक्शन ग्रुप की सिटी कोऑर्डिनेटर आकांक्षा सिंह सिटी द्वारा किया गया। कार्यशाला में उपस्थित सभी प्रतिनिधियों को वायु प्रदूषण से जुड़े जोखिम, लक्षण, रोकथाम एवं जनजागरूकता बढ़ाने के तरीकों की जानकारी दी गई। यह कार्यशाला स्वास्थ्यकर्मियों को वायु प्रदूषण से संबंधित समस्याओं के प्रति संवेदनशील बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम रही।

### विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान को लेकर सीडीओ ने की बैठक

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** मुख्य विकास अधिकारी कृष्ण कुमार सिंह ने जुलाई में प्रस्तावित विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान को लेकर गुरुवार को अन्तर्विभागीय बैठक की। अभियान एक से 31 जुलाई तक चलेगा। इस दौरान 11 से 31 जुलाई तक दस्तक अभियान चलाएया जाएगा। सीडीओ ने अफसरों को निर्देश दिया कि अभियान शुरू होने से पहले कार्ययोजना तैयार कर समय से स्वास्थ्य विभाग को उपलब्ध करा दें। आवश्यक प्रशिक्षण करा लिया जाए। बैठक में स्वास्थ्य महकमें से जुड़े सभी प्रमुख पदाधिकारी व अन्य मौजूद रहे।

# अयोध्या में बनेंगे 324 करोड़ की लागत से तीन नए रेलवे ओवरब्रिज

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचारः** अयोध्या में यातायात सुविधा बेहतर करने के लिये 324 करोड़ से तीन नए रेलवे ओवरब्रिज बनाए जाने का प्रस्ताव सेतु निगम ने शासन को भेजा है। तीनों परियोजनाओं की स्वीकृति का प्रयास नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता कर रहे हैं।


वेद प्रकाश गुप्ता
नगर विधायक

विधायक ने बताया कि 190 करोड़ रूपये की लागत से गद्दोपुर रेलवे ओवरब्रिज बनाया जाएगा। मोदहा चौराहा से गद्दोपुर मऊशिवाला मार्ग पर जाने वाले यात्रियों व स्थानीय लोगों को इसका लाभ मिलेगा। सूर्यकुंड पर वर्तमान रेलवे ओवरब्रिज के समानांतर 74 करोड़ से एक अन्य टू-लेन रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण कराया जाएगा। इसकी लम्बाई 630 मीटर होगी। हलकारा का पुरवा में निर्माणाधीन रेलवे ओवरब्रिज के समानांतर एक अन्य रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण होगा। 60 करोड़ की लागत से बनने वाले ओवरब्रिज की लम्बाई 650मीटर होगा। कार्ययोजना स्वीकृत होने के बाद निर्माण शुरू होगा। विधायक ने बताया कि रामपथ से गद्दोपुर चौराहा होते हुए मऊशिवाला तक सड़क चौड़ीकरण की कार्ययोजना भी शासन को भेजी गई है। जाम की दिक्कत से निजात दिलाने के लिए यात्रियों व आम लोगों की सुविधाओं का ध्यान रखते हुए वैकल्पिक अच्छी सड़कों की व्यवस्था की जा रही है। कई मार्ग होने से यातायात व्यवस्था और अच्छी हो जाएगी। बताया कि स्थानीय लोगो के द्वारा यातायात की सुविधाओं को और बेहतर बनाने के लिए इस तरह की परियोजना का सुझाव दिया गया था। इसके बाद इसकी कार्ययोजना तैयार की गई।

# अयोध्या धाम में 20 और फैजाबाद में 18 घंटे बाधित रही बिजली आपूर्ति

अयोध्या कार्यालय

- राम की पैड़ी पर अनुरक्षण के नाम पर तीन के बजाए 20 घंटे बाद आई बिजली

**अमृत विचार :** अयोध्या धाम में 20 घंटे और फैजाबाद शहर में 18 घंटे तक बिजली आपूर्ति ठप रहने से स्थानीय निवासियों को उमस में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। पॉवर कॉर्पोरेशन द्वारा इसे "अनुरक्षण कटौती" का नाम दिया गया, लेकिन इस लंबी अवधि की कटौती ने लोगों के धैर्य की परीक्षा ले ली। तीन घंटे की घोषित कटौती के नाम पर घंटों तक बिजली गायब रहना और अधिकारियों की अनुपलब्धता ने इस समस्या को और गंभीर बना दिया।

अयोध्या, जो न केवल धार्मिक महत्व का केंद्र है, बल्कि देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए भी महत्वपूर्ण है। वहां बुधवार को दोपहर 12



बजे से रात 9 बजे तक गुल रही बिजली ने न केवल स्थानीय लोगों बल्कि श्रद्धालुओं को भी परेशान किया। बच्चे, बुजुर्ग और मरीज सबसे ज्यादा प्रभावित हुए। पॉवर कॉर्पोरेशन की लापरवाही का आलम यह है कि इस दौरान न तो कोई ठोस जानकारी दी गई और न ही कोई वैकल्पिक व्यवस्था की गई। स्थानीय निवासियों का कहना है कि लोग जानकारी लेने के लिए विभाग के अधिकारियों से संपर्क करने की कोशिश करते हैं, तो उपखंड अधिकारी (एसडीओ) से लेकर जूनियर इंजीनियर (जेई) तक के मोबाइल फोन बंद मिलते हैं। कई इलाकों में पानी की आपूर्ति भी प्रभावित हुई, क्योंकि बिजली के अभाव में पानी के पंप काम नहीं कर सके। यही नहीं गुरुवार को नगर फैजाबाद में 33 केवीए लाइन में फाल्ट आने से पूरे दिन बिजली गुल रही जबकि रात्रि में पांच घंटे अनवरत ठप रही।

> राम की पैड़ी पर अनुरक्षण में लंबा समय लग गया लेकिन साढ़े आठ बजे आपूर्ति सुचारू कर दी गई। आज 33 केवीए लाइन पर शट डाउन लिया गया था, काम पूरा होते ही आपूर्ति चालू की गई। मोबाइल कॉल सभी की रिसीव की जाती है। **-प्रदीप कुमार वर्मा, अधिशासी अभियंता।**

**राममंदिर** | झूलनोत्सव के लिए सोने-चांदी और रत्न जड़ित झूले का कराया जा रहा निर्माण

# राजा राम के साथ माता सीता भी झूले पर होंगी विराजमान

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** राम मंदिर में इस वर्ष झूलनोत्सव का आयोजन और भी भव्य दिव्य रूप में मनाया जाएगा। पहली बार राजाराम के साथ माता सीता भी झूले पर विराजमान होंगी, जोकि सावन माह के शुक्ल पक्ष में पांच दिन के दिव्य आयोजनों में संपन्न होगा। झूलनोत्सव के लिए सोने-चांदी और रत्न जड़ित झूले का निर्माण कराया जा रहा है।

मंदिर में भूतल पर रामलला के बाद प्रथम तल पर राम दरबार की भी स्थापना हो गई है। आयोजन प्रथम तल पर भी भव्यता के साथ किया जायेगा। राम मंदिर ट्रस्ट के सहयोगी और धार्मिक समिति के सदस्य गोपाल जी राव ने बताया कि मंदिर परिसर में सावन को लेकर भी भव्य तैयारी की जाएगी। उन्होंने कहा कि झूलनोत्सव का और दिव्य आयोजन देखने को मिलेगा। भूतल पर रामलला और प्रथम तल पर राम दरबार की जो उत्सव मूर्ति होगी उन्हें विराजमान कराया जाएगा और पांच दिन तक यह आयोजन चलेगा। इस दौरान भगवान के समक्ष भजन, कीर्तन, गायन का भी आयोजन होगा। उन्होंने बताया कि बीते वर्ष रामलला और उनके अनुजों के लिए रत्न जड़ित झूला पहले बनवाया गया था, लेकिन अब उनके लिए भी नये झूले का निर्माण होगा। समय आने पर उत्सव की भव्यता दिखाई देगी। उन्होंने बताया कि नए झूले के निर्माण के लिए आर्डर दे दिया गया है। फिलहाल अभी कुछ बताना जल्दबाजी होगी।


प्रथम तल पर सजा राजा राम का दरबार।

### सावन शुक्ल पक्ष तृतीया से झूलनोत्सव शुरू

11 जुलाई से सावन माह की शुरुआत हो रही है, जो पहले कृष्ण पक्ष में कावड़ यात्रा की धूम दिखाई देगी। सावन के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को मणि पर्वत मेले के भव्य आयोजन के साथ अयोध्या के मंदिरों में झूलनोत्सव प्रारम्भ हो जाएगा। अयोध्या के कुछ मंदिरों में जहां पूरे माह इस उत्सव का आयोजन संपन्न किया जाता है तो वहीं अधिकतर मंदिरों में 13 दिवसीय आयोजन के साथ झूलनोत्सव पर सांस्कृतिक उत्सव और आध्यात्मिक के साथ गीत संगीत का आयोजन संपन्न होगा।

### आज निकलेगी प्रभु जगन्नाथ की रथयात्रा

**अयोध्या, अमृत विचार :** अयोध्या में आज शुक्रवार को भगवान जगन्नाथ की भव्य रथ यात्रा निकाली जाएगी। रथ यात्रा मंदिरों से निकलकर रामघाट होते हुए सरयू तक पहुंचेगी। इसको लेकर निर्धारित मार्ग पर सुरक्षा के भी व्यापक के इंतजाम किए गए हैं। प्राचीन जगन्नाथ मंदिर के महंत राघव दास ने बताया कि एक सप्ताह तक भगवान जगन्नाथ को काढ़ा दिया जाता रहा है, शुक्रवार को भगवान स्वस्थ होकर अभिषेक पूजन के बाद अयोध्या भ्रमण पर निकलेंगे।

## दो दिन में जमा हुआ 20 हजार का कर

**अयोध्या, अमृत विचारः** नगर निगम सीमा में आये गृह स्वामियों की आपत्तियों का निस्तारण एक बार फिर से शुरू हो गया है। कौशलपुरी जोन में निस्तारण कराने वालों की रफ्तार अवश्य धीमी हो गई है। हालांकि दो दिन के भीतर लगभग 20 हजार रुपये राजस्व के रूप में जमा हुए हैं। मुख्य कर निर्धारण अधिकारी गजेंद्र कुमार ने बताया कि 40 आपत्तियों में से 23 का मौके पर निस्तारण कर दिया। इसमें 12 लोगों ने कर जमा कराया है। कुल 10 हजार 40 रुपये जमा हुए हैं। वहीं बुधवार को 30 आपत्तियों में से 20 का निस्तारण हुआ था। छह लोगों ने कर के रूप में 9 हजार 985 रुपये जमा कराए हैं।



## सार-संक्षेप

### शिक्षा का दान सबसे बड़ा दान



नवनिर्मित हाल का फीता काटकर उद्घाटन करते विधायक वेद प्रकाश गुप्ता।

अयोध्या, अमृत विचार : रोटरी क्लब ग्रेटर फैजाबाद द्वारा मुस्कान पुनर्वास केंद्र में बनवाए गए नवनिर्मित हाल का लोकार्पण समारोह के बीच नगर विधायक वेद गुप्ता ने नर्मदा गुप्ता के साथ किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन के साथ हुआ। विधायक ने शिलालेख से पर्दा हटा और फीता काट हाल का लोकार्पण किया। क्लब के अध्यक्ष रो. दीपक रस्तोगी ने कहा कि शिक्षा का दान सबसे श्रेष्ठ दान होता है। बताया कि इस विद्यालय में 20-25 मूक-बधिर छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं। मुख्य अतिथि विधायक गुप्ता ने रोटरी क्लब के इस पुनीत कार्य की मुक्त कंठ से सराहना की। नवनिर्मित हाल के लिए फर्नीचर, बेंच व कुर्सियों की व्यवस्था विधायक निधि से करवाने की घोषणा की। विद्यालय की संचालिका रानी अवस्थी ने क्लब के इस महत्वपूर्ण सहयोग की प्रशंसा की। इस मौके पर कार्यक्रम संयोजक रो. नितेश रस्तोगी, संस्थापक अध्यक्ष रो. अनुराग अग्रवाल, मंडल निदेशक रो. अरुण अग्रवाल, रस्तोगी समाज के अध्यक्ष प्रवीण रस्तोगी, नर्मदा गुप्ता, सपना रस्तोगी, नीता मित्तल, वंदना अग्रवाल, चेयरपर्सन रश्मि केसरवानी आदि मौजूद रहे।

### रितेश युवाओं के लिए प्रेरणा श्रोत: दास



रितेश मोटवानी को राम नामी पहनाते महंत गणेश राय दास।

अयोध्या, अमृत विचार : अयोध्या धाम के रामनगर सिंधी कॉलोनी स्थित ॐ शिवालय परिवार के महंत गणेश राय दास ने सिंधी युवा रितेश मोटवानी को मोटर साइकिल से आदि कैलाश यात्रा के सुखद पूर्ण होने पर राम नामी दुपट्टा पहनाकर उनको आशीर्वाद दिया। कहा कि आज की युवा पीढ़ी को रितेश से प्रेरणा लेने की जरूरत है। एक ओर युवा मांस और मदिरा को अपना शौक बना रहे है दूसरी ओर रितेश मोटवानी जैसे युवाओं ने जो शौक अपनाया है वो तारीफ के काबिल है। प्रभु हमेशा ऐसे लोगों के साथ रहते है।

### पूर्व सैनिकों, उनके आश्रितों को प्रशासन का पूरा सहयोग



कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सैनिक बंधु समिति की बैठक लेते डीएम निखिल टीकाराम फुंडे।

अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार : जिला सैनिक बंधु समिति की बैठक में गुरुवार को कुल 12 मामले आए। पांच का मौके पर निस्तारण किया गया। सात प्रार्थना-पत्रों के निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को डीएम ने आदेशित किया। जिलाधिकारी निखिल टी. फुंडे ने कहा कि पूर्व सैनिकों, उनके आश्रितों को जिला प्रशासन की ओर से पूरा सहयोग मिलेगा। उनकी समस्याओं का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण किया जाएगा। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित समिति की बैठक की शुरुआत में भारत के दुर्गम पूर्वोत्तर क्षेत्र में देश की सेवा करते हुए अपने प्राणों का बलिदान देने वाले अयोध्या के युवा सैन्य अधिकारी लेफ्टिनेंट शशांक तिवारी को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उनके परिजनों को समुचित सहयोग प्रदान करने के लिए संकल्प लिया गया। पिछली बैठक में प्राप्त आवेदनों पर कृत कार्रवाई की समीक्षा की। बैठक में उपस्थित भूतपूर्व सैनिकों व उनके परिजनों के नए आवेदनों पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी ले. कर्नल संजीव कुमार ने सैनिक कल्याण से संबंधित शासकीय योजनाओं और महत्वपूर्ण विभिन्न विश्वविद्यालयों/कोचिंग संस्थानों के शिक्षण/प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों की फीस में छूट व छात्रवृत्ति आदि से संबंधित विस्तृत जानकारी दी। बैठक में बड़ी संख्या में भूतपूर्व सैनिक तथा उनके परिजनों के अतिरिक्त विभिन्न प्रशासनिक कार्यालयों के प्रतिनिधि मौजूद थे।

### निजीकरण का मसौदा निरस्त कर गठित हो जांच अथॉरिटी

अमृत विचार, लखनऊ : उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने कहा कि राज्य विद्युत नियामक आयोग की ओर से ऊर्जा निगमों के निजीकरण का मसौदा निरस्त कर जांच अथॉरिटी गठित की जाए। परिषद की ओर से गुरुवार को इस सिलसिले में आयोग में याचिका दाखिल की गई। याचिका में कहा गया है कि निजीकरण के प्रस्ताव पर बड़े पैमाने पर गंभीर वित्तीय अनियमितता व संवैधानिक अनियमिता उजागर हुई है। ऐसे में नियामक आयोग विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 128 के तहत 'इंवेस्टिगेटिंग अथॉरिटी' गठित कर पूरे मसौदे की जांच कराए, जिससे और भी गंभीर वित्तीय अनियमितता का खुलासा हो सके। उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने आरोप लगाते हुए कहा कि पावर कॉरपोरेशन गुपचुप तरीके से टेंडर की प्रक्रिया में आगे बढ़ाने का प्रयास कर रहा है। इस पर आयोग रोक लगाए।

# बाढ़ से बचाव की तैयारियां पूरी, कंट्रोल रूम 24 घंटे सक्रिय

## बचाव कार्य के लिए जल पुलिस ने चिह्नित की 150 नाव, राजस्व विभाग अलर्ट

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** भले ही अभी नदियां उफान पर न हों, लेकिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर जिले में बाढ़ से बचाव के लिए तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। जिले की तीन तहसीलों सदर, रुदौली और सोहावल के 18 गांव बाढ़ से प्रभावित होते हैं। इन गांवों की सुरक्षा के लिए 14 बाढ़ शरणालय और 12 बाढ़ चौकियां स्थापित की जा रही हैं। इसके अलावा जल पुलिस ने 150 नावों को चिह्नित किया है, जो बाढ़ के दौरान बचाव कार्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी।



▶▶ जिले में तीन तहसील के 18 गांव होते प्रभावित 14 बाढ़ शरणालय और 12 बाढ़ चौकियां चिह्नित

### पिछले साल 14 गांव हुए थे प्रभावित

पिछले साल अयोध्या में बाढ़ ने 14 गांवों को प्रभावित किया था। सोहावल तहसील का माझा कला गांव, रुदौली तहसील का कैथी माझा और सदर तहसील के पूराबाजार के निचले इलाके बाढ़ की चपेट में सबसे ज्यादा आते हैं। इन क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखी जा रही है।

### सीएमओ 35, सीवीओ लगाएंगे 21 टीम

जिला प्रशासन ने बाढ़ से निपटने के लिए व्यापक रणनीति तैयार की है। सीएमओ ने 35 चिकित्सा टीमें और मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी ने 21 टीमें तैनात करने का निर्णय लिया है। ये टीमें बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएं और पशुओं की देखभाल सुनिश्चित करेंगी।

### राहत सामग्री व लंच पैकेट के लिए हुआ टेंडर

राहत सामग्री और लंच पैकेट के लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। टेक्निकल टेंडर खुल चुका है, जबकि फाइनेंशियल टेंडर की प्रक्रिया जल्द पूरी होगी। जिला प्रशासन ने बाढ़ चौकियों पर राजस्व कर्मियों और लेखपालों की ड्यूटी लगाई है, जो लगातार स्थिति पर नजर रख रहे हैं। कंट्रोल रूम पूरे साल 24 घंटे सक्रिय रहता है, ताकि किसी भी आपात स्थिति में तुरंत कार्रवाई की जा सके। होमगार्ड और अन्य कर्मियों की तैनाती भी की गई है।

### आपात स्थिति में होगी त्वरित कार्रवाई : यथार्थ

जिला आपदा विशेषज्ञ अधिकारी यथार्थ तिवारी ने बताया कि प्रशासन पूरी तरह अलर्ट है। किसी भी स्थिति से निपटने के लिए तैयार है। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में नदियों के जलस्तर पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। पिछले साल की बाढ़ को देखते हुए इस बार विशेष सतर्कता बरती जा रही है। रुदौली के कैथी माझा और सदर के पूराबाजार जैसे संवेदनशील इलाकों में विशेष ध्यान दिया जा रहा है। बाढ़ शरणालयों में सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती है, ताकि प्रभावित लोगों को किसी तरह की परेशानी न हो। किसी भी आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई की जाएगी।

### रामपुर पुवारी : एनडीआरएफ ने घर के लोगों को निकाला

सरयू में बाढ़ आने की सूचना प्रसारित हुई। लोगों में सुरक्षित स्थानों पर जाने की होड़ लग गई लेकिन उफान इतनी तेज था कि बगैर सहयोग कुछ लोग छूट सकते थे। उन्हें बाढ़ शरणालयों में स्थापित करने का लक्ष्य था। ऐसे में एनडीआरएफ के लोगों ने पहुंचकर एक घर के लोगों को बाहर निकाला। उन्हें सुरक्षित बाढ़ शरणालय में व्यवस्थित किया गया। मॉकड्रिल के समय एसडीएम सदर राम प्रसाद त्रिपाठी, उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के विशेषज्ञ थे। लोगों को बताया गया बाढ़ के दौरान बाढ़ शरणालय पर वह कैसे रह सकते हैं।



नदी में मॉक ड्रिल करती जल पुलिस व एसडीआरएफ।

### कोटसराय : बालू के एक टापू पर फंस गए लोग

सरयू में बाढ़ का पानी बढ़ गया। कछार के लोग सुरक्षित भागने लगे लेकिन बीच के बालू के एक टापू पर लोग फंस गए। बाढ़ राहत से जुड़े लोगों के पास सूचना पहुंची। अपने सामान के साथ बाढ़ राहत के लोग पहुंचे। धीरे-धीरे करके लोगों को रेस्क्यू करके बाहर निकाला गया। एसडीएम सोहावल अभिषेक सिंह के साथ प्राधिकरण के लोगों के साथ बड़ी संख्या स्थानीय लोग और विशेष व पुलिस के लोग मौजूद थे।

# नाव पलटी, बाढ़ में टापू पर फंसे लोग राहत शिविर में पहुंचाए गए पीड़ित



रुदौली के कैथी मांझा गांव में मॉक ड्रिल दौरान विधायक रामचंद्र यादव व एसडीएम अशोक कुमार सैनी।

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार:** सरयू के कछार में तीन स्थानों पर गुरुवार को हलचल रही। कहीं नाव पलटी तो कहीं युवक को डूबते बचाया गया। कहीं टापू पर फंसे लोगों को निकाला गया। एक परिवार के लोग बाढ़ के पानी से घिर गए तो उन्हें रेस्क्यू किया गया। यह पूर्वाभ्यास था। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण और उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के निर्देशन में।

डीएम निखिल टी. फुंडे ने बताया कि बाढ़ आपदा से निपटने के लिए रुदौली, सोहावल और सदर में सरयू नदी के किनारे व्यापक मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस अभ्यास का उद्देश्य प्रशासन की तैयारियों की जांच और आमजन को आपदा से निपटने के लिए जागरूक करना था। राहत शिविरों में लोगों और मवेशियों के स्वास्थ्य की जांच की गई। ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को बाढ़ से बचाव के तरीके समझाए गए।

▶▶ सरयू के कछार के तीन स्थानों पर पूरे दिन रही हलचल, जमा रहे लोग

### माझा कैथी : नदी में डूब रहे युवक को बचाया

रुदौली प्रतिनिधि के मुताबित सरयू में डूब रहे युवक की बचाओ बचाओ की आवाज पर एनडीआरएफ ने रेस्क्यू किया। युवक को निकाला। नदी तट पर पुलिस फोर्स, होमगार्ड के जवान एंबुलेंस से लेकर बाढ़ चौकी में अस्थाई स्वास्थ्य शिविर में पहुंचे। प्राथमिक उपचार किया गया। मौजूद एडीएम वित्त राजस्व महेंद्र कुमार ने कहा कि बाढ़ से बचाव के लिए मॉकड्रिल किया गया। एडीएम और विधायक राम चंद्र यादव ने बाढ़ से प्रभावित महगू का पुरवा, कैथी, सल्लाहपुर, अब्बूपुर, सड़री, परसैया आदि इलाकों का निरीक्षण किया। मौके पर एसडीएम अशोक कुमार सैनी, सीओ आशीष निगम, तहसीलदार विजय कुमार गुप्ता, प्रभारी निरीक्षक रुदौली संजय मौर्य, सीएचसी अधीक्षक डॉ. अर्पणा कोहली, आपदा विशेषज्ञ यथार्थ तिवारी सहित अन्य लोग थे।

# वित्तीय साक्षरता से सुरक्षित होगा युवाओं का भविष्य

कुमारगंज, अयोध्या।

**अमृत विचार :** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय में स्मार्ट जीवन में वित्तीय साक्षरता विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। शुभारंभ कुलपति कर्नल डॉ. बिजेंद्र सिंह व अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्जवलन के साथ किया।

विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कुलपति ने कहा कि बचत और निवेश को लेकर आज हर वर्ग और युवाओं में जागरूकता है। महिलाओं में वित्तीय साक्षरता की जानकारी होना बहुत जरूरी है, यह पारिवारिक आय और व्यय का प्रबंधन करती हैं। एसबीआई के शाखा प्रबंधक प्रवीण कुमार ने बताया कि विद्यार्थियों के लिए बैंक से ऋण कि सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। साढ़े सात लाख रुपये तक बिना किसी सिक्योरिटी के बैंक से लोन दिया जा रहा है। विद्या लक्ष्मी पोर्टल के बारे में भी जानकारी दी। ऋषि कुमार ने सोना खरीदते समय सुरक्षा नियमों की जानकारी दी। कहा कि सोना खरीदते समय हॉलमार्क, एचयूआईडी नंबर और पक्की रसीद अवश्य लें। क्षेत्रीय शाखा प्रबंधक मुरली मनोहर, सहायक शाखा प्रबंधक कुमारी अंजली चौधरी ने भी साइबर सिक्योरिटी, स्टार्ट अप योजनाएं, मुद्रा लोन आदि के बारे में विस्तार से बताया। संयोजन अधिष्ठाता डॉ. साधना सिंह ने किया। डॉ. पूनम सिंह ने अतिथियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के सभी अधिष्ठाता, निदेशक, शिक्षक, कर्मचारी और लगभग दो सौ छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।





कृषि विवि के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय में आयोजित कार्यशाला में मंचासीन कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह व अन्य।

▶▶ कृषि विवि में स्मार्ट जीवन में वित्तीय साक्षरता विषय पर कार्यशाला का आयोजन

### गुजरात के राष्ट्रीय रक्षा विवि के साथ समझौता

**अमृत विचार , लखनऊ :** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने गुरुवार को गुजरात के गांधीनगर स्थित राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय का भ्रमण किया। इस अवसर पर राज्यपाल की उपस्थिति में प्रदेश के प्रमुख तकनीकी विश्वविद्यालयों हरकोर्ट बटलर तकनीकी विश्वविद्यालय, कानपुर, डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम तकनीकी विश्वविद्यालय लखनऊ, मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय गोरखपुर और राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय गांधीनगर के बीच विविध शैक्षणिक और अनुसंधान क्षेत्रों में सहयोग के लिए समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर हुए। समझौता ज्ञापन में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रोबोटिक्स एवं अनुसंधान, विविध शोध कार्यों के लिए साझा उपयोग शामिल है।

# डाक टिकट घोटाले में तीन गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** सीबीआई ने ढाई करोड़ रुपये के फर्जी डाक टिकट घोटाले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। बुधवार देर शाम को टीम ने कार्रवाई की। इस मामले में मुख्य आरोपी उप-पोस्टमास्टर की जांच के दौरान मौत हो चुकी है। सीबीआई अधिकारियों के मुताबिक, गिरफ्तार आरोपियों में उप-पोस्टमास्टर के भाई पप्पू सिंह और दो अन्य राजेश कुमार और उसके पिता महेंद्र कुमार शामिल हैं। सीबीआई ने साक्ष्य मिलने के बाद गिरफ्तारी की। बुलंदशहर के लखौटी के एक पूर्व उप-डाकपाल (अब दिवंगत) ने अन्य लोगों के साथ मिलकर फर्जी डाक टिकटों का इस्तेमाल कर पंजीकृत सामानों की बुकिंग की अनुमति दी।

सीबीआई के अधिकारी के मुताबिक, लखौटी उप डाकघर में डाक टिकटों की वास्तविक बिक्री केवल 28 लाख रुपये की थी। इसलिए, आरोपियों के कृत्य से डाक विभाग को 2.50 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है और इसी के अनुरूप उन्हें और अन्य लोगों को गलत लाभ हुआ है।

# सेंट्रल जोन कॉन्फ्रेंस विकास 2025 चार को

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) की सेंट्रल जोन कॉन्फ्रेंस विकास 2025 कॉन्फ्रेंस 4 जुलाई को स्वामी विवेकानंद सभागार में डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय एवं आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कुमारगंज के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित की जा रही है। इसकी तैयारियों को लेकर गुरुवार को अवध विवि के प्रभारी कुलपति कर्नल डॉ. बिजेंद्र सिंह की अध्यक्षता में बैठक की गई। उन्होंने सभी कमेटियों के संयोजकों को तेजी के साथ कार्य पूरा करने के लिए कहा।

प्रभारी कुलपति ने कहा कि कॉन्फ्रेंस में चार राज्यों उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश व छत्तीसगढ़ विश्वविद्यालयों के कुलपति प्रतिभाग करेंगे। इसमें शिक्षा के साथ कौशल को विकसित किए जाने पर मंथन किया जाएगा। इस कॉन्फ्रेंस के लिए अब तक 423 प्रतिभागियों ने पंजीयन के माध्यम से सहमति प्रदान की है। कॉन्फ्रेंस को सफल बनाने के लिए दोनों विश्वविद्यालयों के शिक्षकों एवं अधिकारियों की संयुक्त रूप से समितियां बनाई गई हैं। कहा कि इस कॉन्फ्रेंस के मुख्य अतिथि कृषि व जिले के प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही होंगे। कांफ्रेंस में पूर्व अध्यक्ष एनसीबीईटी डॉ. निर्मलजीत सिंह, यूजीसी के वाइस चेयरमैन प्रो. दीपक श्रीवास्तव, मुंबई विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. रविंद्र डी कुलकर्णी, एलएनटी ग्रुप के वाइस प्रेसिडेंट श्रीयोगी श्रीराम, यूजीसी के सचिव प्रो. मनीष जोशी, यूजीसी के पूर्व अध्यक्ष प्रो. जगदीश कुमार प्रमुख होंगे। बैठक में कुलसचिव विनय कुमार सिंह, वित्त अधिकारी पूर्णेन्द्र शुक्ल, संयोजक प्रो. एस एस मिश्र, प्रो. सी के मिश्र, प्रो. सिद्धार्थ शुक्ला, प्रो. नीलम पाठक आदि मौजूद रहे।

▶▶ 423 से अधिक शिक्षाविद इस कांफ्रेंस में करेंगे प्रतिभाग, कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही होंगे मुख्य अतिथि

### बैंक में 7.96 करोड़ की हेराफेरी

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ। अमृत विचार :** सीबीआई की गाजियाबाद टीम ने बैंक ऑफ बड़ौदा के मैनेजर रोहित दहिया और उनकी पत्नी विजेता मलिक पर 7.96 करोड़ की हेराफेरी की रिपोर्ट दर्ज की है। सीबीआई ने यह कार्रवाई मेरठ क्षेत्रीय कार्यालय की शिकायत पर जांच के बाद की। रोहित के खाते में 305.08 लाख और पत्नी विजेता मलिक के खाते में 491.62 लाख रुपये जमा करने के साक्ष्य मिले। मुरादाबाद स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा की मसवासी टाउन और रहमतगंज शाखा के ग्राहकों के रुपये की मैनेजर ने हेराफेरी की है। सीबीआई, एसीबी गाजियाबाद का शाखा प्रमुख डीआईजी विजेंद्र कुमार द्वारा जारी सूचना के मुताबिक, रोहित दहिया बैंक ऑफ बड़ौदा मुरादाबाद की शाखा मसवासी टाउन में 4 अक्टूबर 2021 से 15 अक्टूबर 2023 तक और रहमतगंज में 16 अक्टूबर 2023 से 6 फरवरी 2024 तक शाखा में प्रबंधक तैनात रहे। रोहित दहिया ने दोनों शाखाओं में बैंक ग्राहकों की बगैर अनुमति अस्थायी ओवर ड्राफ्ट लिमिट (टीओडीएस) में हेराफेरी की। टीओडीएस की लिमिट बढ़ाई गई और ऋण स्वीकृत कर नकदी निकाली। करीब 54 बैंक खातों में हेराफेरी कर करोड़ों रुपये अपने और अपनी पत्नी विजेता मलिक के खातों में ट्रांसफर किए गए और नकदी भी निकाली। सीबीआई की जांच में सामने आया कि रोहित ने हेराफेरी कर अपने खाते में 305.59 लाख रुपये जमा किए। इसके बाद अन्य खातों में ट्रांसफर कर दिये।

### कांवड़ यात्रा के दौरान कांवड़ियों को न हो समस्या : मुख्यमंत्री

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांवड़ यात्रा की तैयारियों को लेकर गाजियाबाद में अफसरों के साथ विस्तृत समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने मुरादनगर से टीला मोड़, कादराबाद बार्डर से गाजियाबाद-दिल्ली बार्डर, दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे और एनएच-24 व एनएच-9 पर विशेष व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने वॉच टावर, कांवड़ शिविर, सड़क मरम्मत, मार्ग प्रकाश, सीसीटीवी, शौचालय, स्वच्छ पेयजल, और चिकित्सा सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा। इसके अलावा डिवाइडर कट पर बैरिकेडिंग, खाद्य पदार्थों की दुकानों पर रेट लिस्ट प्रदर्शन और विद्युत पोलों पर 5 फुट ऊंचाई तक इंसुलेटेड प्लास्टिक शीट लगाने के भी निर्देश दिए गए।

# बीएससी कृषि फाइनल परीक्षा में छात्राओं ने मारी बाजी

कुमारगंज, अयोध्या।

**अमृत विचार:** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय ने बीएससी (ऑनर्स) कृषि चतुर्थ वर्ष के परीक्षा परिणाम को सबसे पहले घोषित कर दिया है। विश्वविद्यालय के कुलपति कर्नल डॉ. बिजेंद्र सिंह के प्रयास से यह परिणाम घोषित किया गया। उत्तर प्रदेश का यह पहला कृषि विश्वविद्यालय है जिसने परीक्षा परिणाम घोषित किया है।

कुलपति ने कहा कि समय से परिक्षा परिणाम घोषित होने से छात्र-छात्राओं को विवि कैंपस के साथ-साथ दूसरे विश्वविद्यालयों में भी प्रवेश लेने में आसानी होगी। कुलपति ने उप कुलसचिव डॉ. रूद्र प्रताप सिंह व कुलसचिव कार्यालय की पूरी टीम को बधाई दी। कुलसचिव डॉ. पीएस प्रमाणिक ने बताया कि कृषि महाविद्यालय मुख्य परिसर में कुल 137 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा दी थी। इसमें कुल 117 छात्र-छात्राएं उत्तीर्ण हुए हैं। 102 छात्र और 15 छात्राएं शामिल हैं। इस परीक्षा में ऋतु सिंह ने 8.670 ओजीपीए के साथ पहला स्थान हासिल किया। शैफरून अख्तर 8.632 ओजीपीए के साथ दूसरे स्थान पर व आस्था सिंह 8.594 के साथ तृतीय स्थान पर रहीं।

कृषि महाविद्यालय आजमगढ़ में 56 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी। पास होने वालों में 37 छात्र और 11 छात्राएं शामिल हैं। अर्पित पांडेय ने 8.890 ओजीपीए के साथ प्रथम स्थान हासिल किया जबकि उदित चौधरी 8.714 ओजीपीए के साथ दूसरे और आकांक्षा सिंह ने तृतीय स्थान हासिल किया। उद्यान एवं वानिकी महाविद्यालय में 60 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी। कुल 59 परिक्षार्थी परीक्षा में सफल रहे। पास होने वालों में 51 छात्र व 8 छात्राएं शामिल हैं। इसमें आर्यमान सिंह ने 8.638 ओजीपीए के साथ प्रथम स्थान पर सफलता हासिल किया तो कमलेश कुमार 8.417ओजीपीए लेकर दूसरे व अमिता गुप्ता तीसरे स्थान पर रहीं। मात्सियकी महाविद्यालय में चतुर्थ वर्ष के कुल 20 छात्र-छात्राओं में 17 छात्र-छात्राएं उत्तीर्ण घोषित किए गए। इसमें 15 छात्र और दो छात्राएं हैं। आशमी सिंह ने 8.411 ओजीपीए के साथ प्रथम, राघवेंद्र कटियार 8.297 ओजीपीए के साथ दूसरा और सुमित कुमार सोनी 7.445 ओजीपीए के साथ तीसरे स्थान पर रहे। सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय में 17 में से 15 छात्राएं उत्तीर्ण हुईं। काम्या अवस्थी ने 8.578 ओजीपीए के साथ प्रथम, कुमारी स्नेहा गुप्ता 8.496 ओजीपीए के साथ दूसरे स्थान पर रहीं और श्वेता त्रिपाठी ने तीसरा स्थान हासिल किया। महामाया कृषि अभियंत्रण महाविद्यालय अंबेडकर नगर के 26 विद्यार्थी में से 26 परीक्षार्थी उत्तीर्ण घोषित किए गए। आकांक्षा सिंह 8.937 ओजीपीए के साथ प्रथम, वैष्णवी पांडेय 8.805 ओजीपीए के साथ दूसरे स्थान और शिवम कुमार शर्मा तीसरे स्थान पर रहे।

▶▶ प्रदेश में सबसे पहले कृषि विवि ने घोषित किया परीक्षा परिणाम


**पुरुषोत्तम सिंह महाविद्यालय, सिंघनी, सुल्तानपुर**

में सेल्फ फाइनेन्स के अन्तर्गत निम्न पदों पर आवश्यकता है स्नातक स्तर पर कला संकाय के अन्तर्गत बी.ए. पाठ्यक्रम में—राजनीति शास्त्र, प्राचीन इतिहास, एवं गृह विज्ञान प्रत्येक विषय में प्रवक्ता 01—01 पद,

**योग्यता एवं वेतनमान** — यू0जी0सी0 एवं राज्य विश्वविद्यालय के मानकानुसार। इच्छुक अभ्यर्थी 15 कार्य दिवस के अन्दर अपने समस्त अंक पत्रों एवं प्रमाण पत्रों को दो स्वहस्ताक्षरित प्रतियों एवं दो पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ एवं दो स्वपता लिखे लिफाफे के साथ महाविद्यालय के उपरोक्त पते पर आवेदन करें।

**प्रबंधक**
मो.—9450046134, 9005469650, 9794771259, 7233948528

**बाबू महीपति सिंह महाविद्यालय, तिलोई अमेठी**

में आवश्यकता है:—

स्नातक स्तर पर **बी0ए0 पाठ्यक्रम में** (चित्रकला) तथा **बी0एससी0 पाठ्यक्रम में** (रसायन विज्ञान) प्रत्येक विषय में **प्रवक्ता—01** पद तथा **परास्नातक स्तर पर एम0ए0 पाठ्यक्रम में** (भूगोल, गृहविज्ञान प्राचीन इतिहास एवं राजनीतिशास्त्र) तथा **एम0एससी0 पाठ्यक्रम** (जन्तु विज्ञान) में प्रत्येक विषय में **प्रवक्ता—02**

योग्यता एवं वेतनमान— यू0जी0सी0 एवं राज्य विश्वविद्यालय के मानकानुसार।
इच्छुक अभ्यर्थी 15 कार्य दिवस के अन्दर अपने समस्त अंक पत्रों एवं प्रमाण पत्रों को दो स्व—हस्ताक्षरित प्रतियों एवं दो पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ एवं दो स्वपता लिखे लिफाफे के साथ महाविद्यालय के उपरोक्त पते पर आवेदन करें।

भवदीय— प्रबन्धक/अध्यक्ष
मो0नं0—9919407065

**कार्यालय ग्राम पंचायत कटोही, वि0ख0 कोयलसा, आजमगढ़**

अल्पकालीन निविदा सूचना

ग्राम पंचायत कटोही द्वारा वर्ष 2025—26 में मनरेगा, चतुर्थ वित्त, पंचम वित्त, राज्य वित्त, 14वां वित्त, 15 वां वित्त, स्वच्छ भारत मिशन, आंगनबाडी केन्द्र, सामुदायिक शौचालय पंचायत भवन योजनान्तर्गत कराये जाने वाले कार्यो पर सामाग्री जैसे सीमेन्ट, इण्टर लाकिंग, ईट, मोरंग बालू, सफेद बालू, स्टोन ब्लास्ट, ईट, गिट्टी, सरिया, ह्यूम पाईप, सीमेन्ट ईट, हैण्ड पम्प सामाग्री, सी.एफ.एल. बल्ब, सोलर, स्ट्रीट लाईट, डस्टविन, समरसेबल, पानी की टंकी, एसबेस्टस सीट, कायाकल्प सामाग्री, शौचालय, कोविड 19 से सम्बन्धित सामाग्री, सफाईकर्मी किट एवं अन्य सामाग्री की आपूर्ति कार्यस्थल पर कराने जाने हेतु दरें आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 27/6/25 से 03/7/25 तक अपराह्न 2 बजे तक उक्त सामाग्री हेतु अपनी दरें वांछित बन्द लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। निविदा 03/07/2025 को शाम 4 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय पर खोली जाएगी। नियम व शर्ते ग्राम पंचायत के कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।

**श्रीमती कविता मौर्य** ग्राम प्रधान — **सभाराम वर्मा** सचिव
ग्राम पंचायत कटोही, विकासखंड — कोयलसा, जिला आजमगढ़

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
**क्लासीफाइड**

**वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें**

**सूचना**
मैने अपना नाम SANDIP KUMAR से बदलकर SANDEEP KUMAR रख लिया। अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-RAM MURAT ADD-NASIRPUR KAITHI TARA KHURD JAFARGANJ DIST-AMBEDKAR NAGAR (U.P)

**NOTICE**
I, ex-Sergeant Sanjeew Kumar, service number 785214-B, hereby declare that the d.o.b of my daughter Ananya Srivastava is 13/01/2006, which is mentioned in the high school mark sheet and Aadhar card, it is correct. Behind primary school Dhannupurwa, Hardoi

**सूचना**
मैं भूतपूर्व सार्जेट संजीव कुमार सर्विस नंबर 785214—B ये घोषणा करता हूं की मेरी बेटी कुमारी अनन्या श्रीवास्तव की जन्म तिथि 13/01/2006 जोकि हाई स्कूल की मार्कशीट एवं आधार कार्ड में अंकित है, वही सही है। **प्राइमरी विद्यालय के पीछे, धन्नूपुरवा, हरदोई**

**सूचना**
मैं **रीता पाण्डेय पत्नी अजय कुमार पाण्डेय निवासिनी लेन—3, पवन पूरी देवी खेड़ा, कैंटोनमेंट लखनऊ,** सूचित करती हूं कि आवास विकास परिषद के दस्तावेज में त्रुटिवश मेरा नाम रीता देवी अंकित हो गया है जबकि मेरे आधारकार्ड में मेरा वास्तविक नाम रीता पाण्डेय है। अतः मुझे सभी उद्देश्यों हेतु रीता पाण्डेय ही पढ़ा व पहचाना जाए।

**सूचना**
सर्व साधारण को सूचित करना है कि मेरा हाईस्कूल वर्ष 2000 (मौलाना आजाद इंटर कालेज कादिराबाद सिद्धार्थनगर) अनुक्रमांक 0236628 का मूल प्रमाणपत्र कहीं गुम हो गया है। **विनीत कुमार पांडेय पुत्र वासुदेव पांडेय ग्राम पिपरा इकडंगा तहसील उतरौला जनपद बलरामपुर**

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं राजप्रकाश मिश्रा पुत्र जगबंदन मिश्रा निवासी ग्राम जमहिल थाना पहाड़ी तहसील राजापुर जिला चित्रकूट अपने बड़े पुत्र रविशंकर मिश्रा के गलत आचारण के चलते अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं व भविष्य में किसी भी प्रकार के लेन—देन व गलत आचारण का वह स्वयं जिम्मेदार होगा हमारा रविशंकर से किसी भी प्रकार का कोई सम्बन्ध नहीं है। **राजप्रकाश पुत्र जगबंदन निवासी— ग्राम जमहिल थाना पहाड़ी तहसील राजापुर जिला चित्रकूट, मो0— 9838214524**

**सूचना**
सूचित हो कि मैं **रानी पत्नी श्रीपाल, निवासिनी— ग्राम सरवन, वि0ख0 बहादुरपुर तहसील तिलोई जिला अमेठी।** पोस्ट आफिस उप डाकखाना फुरसतगंज में मेरा नाम राजरानी दर्ज है। जबकि आधार कार्ड में रानी पत्नी श्रीपाल लिखा है। राजरानी व रानी दोनों नाम एक ही महिला के है मुझे इन दोनों नामों से जाना व पहचाना जाता है

**सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्रार्थी अक्लीम खान आयु लगभग 36 वर्ष पुत्र मोहम्मद सुहीम खान निवासी ग्राम—लोढियावां मजरे बगाही, परगना—जगदीशपुर, तहसील मुसाफिरखाना जनपद—अमेठी। प्रार्थी के पासपोर्ट संख्या —L4458587 पर उसका नाम AKLEEM दर्ज है, जो कि गलत है। जबकि शपथकर्ता के आधारकार्ड नं0—921245378588 पर उसका नाम AKLEEM KHAN दर्ज है, जो कि सत्य व वास्तविक है, तथा इसी नाम से अपने ग्राम—मोहल्ले मे जाने पहचाने जाते है।

**सूचना**
मेरे द्वारा क्रय की गई संपत्ति का पूर्व का विक्रय अभिलेख क्रमांक 1703 दिनांक 23.04.2004 सब रजिस्टार पांच जिसकी L.A.R No-20250000443038 दिनांक 25.06.2025 है जिसको कहीं बंधक आदि नहीं किया इसका उपयोग शून्य होगा श्रीमती प्रभा त्रिवेदी 9415808679

# स्टेयरिंग जाम होने से घर में घुसी थानेदार की गाड़ी, युवक की मौत

## पुलिस मामले की छानबीन में जुटी

संवाददाता, बलरामपुर

**अमृत विचार।** जिले के हरैया थाना क्षेत्र के परसपुर गांव में बुधवार रात एक दर्दनाक हादसा हुआ। प्रभारी निरीक्षक अभिषेक सिंह की बोलेरो अनियंत्रित होकर एक घर के बरामदे में घुस गई, जिसमें सो रहे पंकज कुमार जायसवाल की मौत हो गई।

मृतक की पत्नी लीला देवी ने बताया कि तेज आवाज सुनकर जब वह बाहर निकलीं तो उनके पति बुरी तरह घायल मिले। उन्होंने बताया कि रात में लगभग एक बजे तेज आवाज सुनकर वह बाहर निकलीं और देखा कि उनके पति खून से लथपथ थे। परिजनों ने बताया कि तेज रफ्तार बोलेरो ने घर के बरामदे में सो रहे पंकज को रौंद दिया। आनन-फानन में पंकज को इलाज के लिए सीएचसी तुलसीपुर ले जाया गया, जहां से गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल बलरामपुर रेफर किया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मृतक पंकज कुमार जायसवाल के परिवार में पत्नी के अलावा सात बच्चे हैं, जिनमें तीन बेटे और चार बेटियां हैं। अभी किसी का विवाह नहीं हुआ है। परिजनों ने सड़क पर बैठकर चक्काजाम करने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस अधिकारियों ने उन्हें समझाकर यातायात व्यवस्था सुचारू की।



पंकज (फाइल फोटो)।



मृतक के परिजनों को समझाते-बुझाते विधायक कैलाश नाथ शुक्ला। अमृत विचार

प्रभारी निरीक्षक अभिषेक सिंह ने बताया कि गश्त के दौरान वाहन की स्टेयरिंग जाम हो गई थी, जिससे हादसा हुआ। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और जांच की जा रही है। मामले की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे क्षेत्रीय भाजपा विधायक कैलाश शुक्ला ने मृतक के परिजनों को समझा बुझाकर ढांढस बंधाया। विधायक ने परिजनों को हर संभव सहायता दिलाने का आश्वासन भी दिया।

## जिलाधिकारी व मुख्य अभियंता से ट्रांसफार्मर लगवाने की मांग

**गोंडा :** विद्युत ट्रांसफार्मर लगवाने की मांग को लेकर गुरुवार को डीएम नेहा शर्मा व मुख्य अभियंता यदुनाथ यथार्थ से विद्यार्थी परिषद के चिकित्सा जिला प्रमुख सुधांशु मिश्र ने मुलाकात कर मांग पत्र दिया है। पत्र मे कहा है कि गांव में विद्युत उपखण्ड कटरा बाजार अंतर्गत ग्राम सभा पूरे बदल ,मिश्रनपुरवा में लो वोल्टेज, आए दिन ट्रांसफार्मर का जलना जैसे समस्या को रहती है। गांव मे 63 केवीए ट्रांसफार्मर रखवाया जाना अति आवश्यक है। गांव के सौ से अधिक घरों में आए दिन बिजली गुल रहती है। ट्रांसफार्मर लगाने के लिए वर्षों से सिर्फ आश्वासन दे रहे हैं। लेकिन लग नहीं पा रहा है। कहा गया है कि लो वोल्टेज की वजह से खेती किसानी का कार्य भी प्रभावित होता है। ट्रांसफार्मर जल जाने से बच्चों का शिक्षण कार्य भी बाधित हो जाता है। गांव में उच्च क्षमता का ट्रांसफार्मर लगाने की मांग की गई है।

## बीएलओ प्रशिक्षण से 85 शिक्षक अनुपस्थित

**मनकापुर, गोंडा, अमृत विचार:** तहसील मुख्यालय पर आयोजित बीएलओ प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहने पर उपजिलाधिकारी अवनीश त्रिपाठी द्वारा मांगे गए स्पष्टीकरण के एवज में जगह मनकापुर के 85 शिक्षकों ने गुरुवार को संसाधन केंद्र पहुंचकर सामूहिक रूप से जवाब प्रस्तुत किया।

शिक्षकों ने अपने स्पष्टीकरण में साफ किया कि उन्होंने पूर्व में ही बीएलओ कार्य से मुक्ति को लेकर एक सामूहिक आवेदन प्रशासन को सौंपा था, जिसमें न्यायालय के आदेश का हवाला देते हुए गैर-शैक्षणिक कार्यों से मुक्त रखने का अनुरोध किया गया था। स्पष्टीकरण में कहा गया है कि शिक्षक बीएलओ जैसे कार्यों में लगने के बजाय बच्चों की शिक्षा और शिक्षण गुणवत्ता को प्राथमिकता देना चाहते हैं। यह अनुपस्थिति न तो किसी आंदोलन का हिस्सा थी और न ही अनुशासनहीनता, बल्कि यह





बीआरसी पर विरोध जताते शिक्षक। अमृत विचार

- शिक्षकों ने न्यायालय के आदेश का दिया हवाला
- बीएलओ कार्य से मुक्त रखने की उठाई मांग

निर्णय शैक्षिक हितों को ध्यान में रखकर लिया गया। स्पष्टीकरण में यह भी उल्लेख किया गया कि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के निर्देश पर खंड शिक्षा अधिकारी को बीएलओ कार्य के लिए वैकल्पिक व्यवस्था करने को कहा गया था। शिक्षकों ने प्रशासन के प्रति सम्मान जताते हुए कहा कि यदि भविष्य में विभागीय आदेशों में संशोधन होता है, तो वे हरसंभव सहयोग को तैयार हैं। साथ ही अनुरोध किया कि उनके स्पष्टीकरण को स्वीकार कर किसी भी प्रकार की अनुशासनात्मक कार्यवाही न की जाए। इस मौके पर यूटा ब्लॉक अध्यक्ष विनय मिश्र, संदीप कुमार, रवि दिवेदी, मोनिका गुप्ता, गौरव सिंह आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

## शायर की विदाई पर अदबी महफिल का आयोजन

**करनैलगंज, गोंडा, अमृत विचार :** जिस शायर की सोच में पूरा समाज और इंसानियत न हो, वह अच्छा शायर नहीं हो सकता। यह विचार साहित्य भूषण डॉ. सूर्यपाल सिंह ने व्यक्त किए। वे एम.ए. मेमोरियल स्कूल में आयोजित कार्यक्रम एक शाम मुबीन मंसूरी के नाम में बतौर अध्यक्ष बोल रहे थे। यह कार्यक्रम बज़्मे शामे ग़ज़ल संस्था द्वारा शायर मु. मुबीन मंसूरी के सेवानिवृत्त होने पर आयोजित किया गया था।

कार्यक्रम की अध्यक्षता ज़मीर फैज़ी राम नगरी ने की, जबकि मंच संचालन याकूब सिद्दीक़ी अज़्म ने किया। बतौर मुख्य अतिथि राष्ट्रपति सम्मान प्राप्त शिक्षक एवं उर्दू टीचर्स वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष अदील मंसूरी बाराबंकी रहे। कार्यक्रम की शुरुआत सगीर सिद्दीक़ी की नात-ए-पाक से हुई। संरक्षक गणेश तिवारी नेश ने स्वागत भाषण दिया और महामंत्री मुजीब सिद्दीक़ी ने शायर मुबीन की शायरी पर विस्तृत व्याख्यान प्रस्तुत किया। इस अवसर पर शायर मुबीन मंसूरी का माल्यार्पण, शाल ओढ़ाकर सम्मान किया गया और स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। कई शायरों ने अपने कलामों से उन्हें बधाई दी, जिनमें नियाज़ क़मर, सन्तराम सिंह, मास्टर समिउल्लाह, रशीद माचिस और यासीन राजू अंसारी प्रमुख रहे।ज़मीर फैज़ी राम नगरी ने शेर पढ़ा– यह तो शोलों को भी गुलज़ार बना देता है, किसने इस शख्स को अंगार पे रख छोड़ा है। मुख्य अतिथि अदील मंसूरी ने कहा– अम्नो अमां का दर्स मिले जिस दयार से, ऐसी जगह का सबको पता लेना चाहिए। शकील रुदौलवी ने देश की साझी सांस्कृतिक विरासत पर कहा– ज़ोरे क़लम से देश की जो जान हो गये, तुलसी, कबीर, जायसी, रसखान हो गये।

## झारखंडी सरोवर में मिली ताजिया दफन की अनुमति

**बलरामपुर, अमृत विचार।** नगर के प्राचीन झारखंडी सरोवर में ताजिया दफन के लिए बीते दिनों से चल रहे विवाद को आखिरकार गुरुवार को विराम लग गया। नगर पालिका अध्यक्ष डॉ धीरेंद्र प्रताप सिंह धीरू ने बताया कि ताजिया कमेटी के अनुरोध पर इस वर्ष प्रशासन के सुझाव पर झारखंडी सरोवर के उत्तर पश्चिम कोने में ताजिया दफन की अस्थाई मंजूरी दी गई है। ताजिया कमेटियों ने इस आशय का सहमति पत्र दिया है कि एक सप्ताह बाद सरोवर की सफाई एनजीटी के मानकों के अनुसार करा दी जाएगी। अगली साल कमेटी के लोग मोहर्रम के दौरान ताजिया दफन अन्य स्थानों पर करने के लिए सहमत हैं। इस आशय का सहमति पत्र भी ताजिया कमेटी तथा ताजिया दारों ने दी है। अध्यक्ष ने यह भी बताया कि न्यायालय ने भी ताजिया कमेटी के झारखंडी सरोवर के कर्बला होने के दावे को पूर्व में ही खारिज कर दिया है।

## झारखंडी सरोवर में ताजिया दफन पर विवाद

संवाददाता, बलरामपुर

- हिन्दू संगठनों ने जताई आपत्ति, सरोवर की धार्मिक व ऐतिहासिक महत्ता बनाए रखने की मांग

**अमृत विचार।** झारखंडी महादेव मंदिर से सटे प्राचीन सरोवर में ताजिया दफन को लेकर धार्मिक विवाद गहराता जा रहा है। श्री गणपति महोत्सव समन्वय समिति व जय मां दुर्गा महोत्सव समिति ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए सरोवर की धार्मिक व ऐतिहासिक महत्ता बनाए रखने की मांग की है।

पुलिस अधीक्षक के नाम दिए गए ज्ञापन में कहा गया है कि यह सरोवर मंदिर परिसर का अंग है और सदियों से सनातन परंपराओं के लिए व्रत, स्नान, आचमन व पूजा में उपयोग किया जाता रहा है। समितियों का कहना है कि कुछ तत्वों ने इसे करबला बताकर ताजिया दफन की अनुमति लेने का प्रयास किया, जिसे हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया था। ताजिया विसर्जन से जल प्रदूषण और धार्मिक गतिविधियों में बाधा की बात उठाते हुए समितियों ने वैकल्पिक स्थल पर ताजिया दफन कराने की मांग की है।

सुरक्षा कारणों से भी इस स्थान को अनुचित बताया गया, क्योंकि यह रेलवे क्रॉसिंग के पास है और भीड़भाड़ व बिजली कटौती जैसी समस्याएं उत्पन्न होती हैं। ज्ञापन में आग्रह किया गया कि प्रशासन सामाजिक सौहार्द को ध्यान में रखते हुए ताजिया विसर्जन के लिए तय वैकल्पिक स्थल का ही उपयोग सुनिश्चित करे। मौके पर अविनाश मिश्रा, तुलशीष दूबे, प्रवेश दूबे मोनू, डॉ राकेश चंद्रा, गंगा शर्मा, अम्बरीष शुक्ला सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## आपातकाल की बरसी पर लोकतंत्र सेनानियों का हुआ सम्मान

**बलरामपुर, अमृत विचार।** जिलाधिकारी पवन अग्रवाल के निर्देशन में एडीएम वित्त एवं राजस्व की अध्यक्षता में राष्ट्रीय आपातकाल लागू होने की 50वीं बरसी के अवसर पर "आपातकाल दिवस" का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विचार गोष्ठी से हुई, जिसमें आपातकाल की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, उसके सामाजिक-राजनीतिक प्रभाव और भारत में लोकतंत्र की मजबूती पर विस्तार से चर्चा की गई।



कलेक्ट्रेट सभागार में सम्मानित लोकतंत्र रक्षक सेनानी। अमृत विचार

इस अवसर पर आपातकाल पर आधारित एक लघु फिल्म का प्रदर्शन किया गया, जिसे उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने ध्यानपूर्वक देखा और सराहा। फिल्म के माध्यम से उस कालखंड की चुनौतियों और उससे मिले सबक को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया गया। आपातकाल से प्रभावित लोकतंत्र सेनानियों द्वारा अपने अनुभव साझा किए गए एवं सभी को उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर एडीएम वित्त एवं राजस्व द्वारा उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आपातकाल की ऐतिहासिकता, लोकतंत्र की मर्यादा तथा अपने कर्तव्यों एवं दायित्वों के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की रक्षा हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है, जिसे हम ईमानदारी और संवेदनशीलता से निभाएं।

**तैयारी** बलरामपुर की तीनों तहसीलों में विभिन्न विभागों द्वारा की गई मॉकड्रिल

## बाढ़ आपदा से बचाव का व्यापक रूप से किया पूर्वाभ्यास

संवाददाता, बलरामपुर

**अमृत विचार।** जिले में बाढ़ आपदा से निपटने के लिए गुरुवार को व्यापक मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण और गृह मंत्रालय के निर्देश पर यह अभ्यास कराया गया। इस दौरान एसडीआरएफ और फ्लड पीएसी की टीम ने नदी में डूब रहे व्यक्ति को बचाने और टापू में फंसे लोगों को रेस्क्यू करने का पूर्वाभ्यास किया।

जिलाधिकारी पवन अग्रवाल ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य बाढ़ आपदा के समय लोगों को राहत पहुंचाना और आपदा से निपटने के लिए जिला प्रशासन और अन्य विभागों की तैयारियों का परीक्षण करना है। उन्होंने कहा कि जनपद में बाढ़ से बचाव को लेकर सभी तैयारियां पूरी हैं और सभी संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं।



बाढ़ के दौरान डूबे व्यक्ति को बचाने का पूर्वाभ्यास करते अधिकारी व कर्मचारी।

मॉक ड्रिल में इन्सीडेन्ट कमान्डर एडीएम प्रदीप कुमार, एएसपी विशाल पाण्डेय, सीएमओ डॉ मुकेश रस्तोगी, एसडीएम सदर हेमन्त गुप्ता, इमरजेन्सी आपरेशन इन्चार्ज एसडीएम अवधेश कुमार, सीओ ज्योति श्री, डीपीआरओ श्रेया उपाध्याय, बीएसए शुभम शुक्ला, एआरटीओ बृजेश कुमार और आपदा विशेषज्ञ अरूण सिंह मौजूद रहे।

इस दौरान तीनों तहसीलों में मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया, जिनमें तहसील बलरामपुर के सिसई घाट, तहसील तुलसीपुर के लौकहवा और तहसील उतरौला के पीडिया खुर्द शामिल हैं। मॉक ड्रिल में राजस्व, स्वास्थ्य, पुलिस, एनडीआरएफ, फ्लड पीएसी, परिवहन, पशुपालन, नगर निकाय और अन्य विभागों ने भाग लिया।

मॉक ड्रिल के दौरान नाव पलटने की घटना में बचाव दल ने डूब रहे व्यक्तियों को बचाकर सीएचसी सिसई में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने उनका उपचार किया। इसके अलावा टापू पर फंसे लोगों को सुरक्षित निकालकर बाढ़ शरणालय में पहुंचाया गया और ग्रामीणों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाकर राहत प्रदान की गई।

## एक नजर

### नाबालिग को भगा ले जाने वाले दोषी को 5 वर्ष की सजा

**बलरामपुर, अमृत विचार।** पुलिस ने ऑपरेशन कनविक्शन के तहत नाबालिग लड़की को भगा ले जाने के आरोपी गुन्नूलाल पासी को न्यायालय द्वारा 05 वर्ष का सश्रम कारावास और 5,000 रुपये का अर्थदंड दिया गया है। इस मामले में पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के निर्देशन में प्रभावी पैरवी की गई थी। अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पाण्डेय के नेतृत्व में विशेष लोक अभियोजक पवन कुमार शुक्ला और प्रभारी मॉनीटरिंग सेल ओम प्रकाश चौहान ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस ऑपरेशन का उद्देश्य दोषी अभियुक्तों को सजा दिलाना है और बलरामपुर पुलिस इसके लिए प्रतिबद्ध है।

### तकनीकी सहायक स्थानांतरित

**रुपईडीह, गोंडा।** मनरेगा के उपायुक्त श्रम एवं रोजगार जनार्दन प्रसाद यादव ने ब्लॉक के मुख्य तकनीकी सहायक मोहम्मद शफीक का स्थानांतरण झंझरी, भगवती वर्मा का मनकापुर तथा दिनेश कुमार तिवारी का परसपुर कर दिया है। खंड विकास अधिकारी सत्य प्रकाश पांडेय ने बताया कि स्थानांतरित किए गए सभी तकनीकी सहायकों को शीघ्र ही कार्य मुक्त कर दिया जाएगा।

### सीएचसी का किया निरीक्षण

**करनैलगंज, अमृत विचार :** राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य विनोद कुमार पटेल ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र करनैलगंज का निरीक्षण किया। होम्योपैथ कक्ष में पहुंचकर फार्मासिस्ट अमर सिंह से बीपी भी चेक कराया। उन्होंने ओपीडी कक्ष, इमरजेंसी कक्ष, वैक्सीन भंडार कक्ष भी देखा व जानकारी ली। इसके बाद प्रसव कक्ष पहुंचे जहां प्रसूति रजिस्टर से अनन्या समेत कई महिलाओं से जानकारी ली कि प्रसव में कोई लेन देन तो नही किया गया। सभी जवाब से संतुष्ट दिखे। पैथोलॉजी लैब का भी निरीक्षण किया जहां सभी जांच होती पाई गई। इस दौरान अधीक्षक डॉक्टर अनुज कुमार ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक संजय कुमार, बीसीपीएम सुरेंद्र यादव अतुल कुमार, अर्पण पांडे, आदि उपस्थित रहे।

### 30 जून तक ई-केवाईसी कराना अनिवार्य

**तुलसीपुर, बलरामपुर, अमृत विचार।** महिला एवं बाल विकास मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार बाल विकास परियोजना तुलसीपुर के अंतर्गत कार्यरत सभी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को 30 जून तक ई-केवाईसी और फेस ऑथेन्टिकेशन (चेहरा प्रमाणीकरण) की प्रक्रिया हर हाल में पूर्ण करनी होगी। निर्धारित समयसीमा के भीतर प्रक्रिया पूरी न करने पर संबंधित कार्यकत्रियों का मानदेय रोका जा सकता है और उनके विरुद्ध विभागीय कार्रवाई भी की जाएगी। बाल विकास परियोजना अधिकारी (सीडीपीओ) कमलेश यादव ने बताया कि शासन स्तर से प्राप्त निर्देशों के क्रम में यह कदम उठाया जा रहा है। ताकि आंगनबाड़ी केंद्रों पर पारदर्शिता सुनिश्चित की जा सके और पात्र एवं वास्तविक लाभार्थियों को ही अनुपूरक पोषाहार प्राप्त हो सके। कहा कि जिन आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की ई-केवाईसी और फेस ऑथेन्टिकेशन 30 जून तक पूर्ण नहीं होगी उनका मानदेय अस्थायी रूप से रोक दिया जाएगा। उन्होंने तुलसीपुर क्षेत्र के कई आंगनवाड़ी केंद्रों पर पहुंचकर केवाईसी संबंधित प्रगति की जानकारी भी प्राप्त की। गौरतलब है कि ई-केवाईसी प्रक्रिया के अंतर्गत आधार सत्यापन और मोबाइल के माध्यम से चेहरा प्रमाणीकरण अनिवार्य किया गया है।

### व्यापारिक क्षेत्र प्रोत्साहन को लेकर सौंपा सुझाव पत्र

**गोंडा :** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने नगर के विकास व औद्योगिक व्यापारिक क्षेत्र के प्रोत्साहन को लेकर 6 सूत्रीय सुझाव पत्र जिलाधिकारी को दिया है। डीएम को दिए गए जो पत्र में कहा गया है कि जीएसटी पंजीकृत व्यापारियों को सुरक्षा के लिए प्राथमिकता के आधार पर शस्त्र लाइसेंस निर्गत किया जाए। व्यापारिक समस्याओं के निराकरण के लिए व्यापारी हेल्प डेस्क व टोल फ्री नंबर जारी किया जाए। जनपद में जनमानस की सुविधा व व्यापार के लिए बरसात के मद्देनजर जल के जलजमाव को लेकर व्यापक व्यवस्था की जाए तथा जल निकासी व्यवस्था चुस्त दुरुस्त की जाए। नगरीय क्षेत्र में नए स्ट्रीट बेंडिंग जोन बनाया जाए। शहर के व्यस्त क्षेत्र महिला अस्पताल से पीपल चौराहा को जोड़ने वाले रास्ते को ठीक कराया जाए। देवीपाटन मंडल गठन के करीब 25 वर्ष पूरे हो गए हैं लेकिन अभी भी मंडल स्तरीय कई कार्यालय अयोध्या में ही स्थापित है जिससे यहां के व्यापारियों व नागरिकों को काफी समस्या का सामना करना पड़ रहा है जिले में स्थाई कार्यालय जब तक नहीं हो जाता है अधिकारियों को सप्ताह में एक दिन गोंडा मुख्यालय पर कैंप करने का निर्देश दिए जाने की मांग की गयी है।

## सार-संक्षेप

### सांड़ों की लड़ाई में आंगनबाड़ी केंद्र का गेट टूटा

**बेलसर (गोंडा)।** आंगनबाड़ी केंद्र का गेट सांड़ की लड़ाई में टूट गया है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ने ग्राम प्रधान सहित थाने पर प्रार्थना पत्र दिया है। थाना तरबगंज क्षेत्र के ग्राम पंचायत उदवत नगर में आंगनबाड़ी केंद्र का गेट टूट गया है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता नंदनी तिवारी ने बताया कि दो सांड़ आपस में लड़ रहे थे। लड़ाई के बीच गेट से आकर भीड़ गए जिससे गेट टूट कर गिर गया है। गेट टूट जाने से अब परिसर के अंदर बेसहारा पशुओं का अड्डा बन गया है। जिससे केंद्र पर आने जाने में बच्चों को खतरा बना रहता है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता नंदनी ने बताया ग्राम प्रधान सहित थाना तरबगंज में दी गई है। प्रभारी निरीक्षक तरबगंज कमलाकांत तिवारी ने बताया कि थाना पर अभी कोई सूचना नहीं मिली है। मिलने पर जांच करके कार्यवाही की जायेगी।



टूटा लोहे का गेट। अमृत विचार

### लायंस क्लब स्थापना समारोह में सौंपा गया अध्यक्ष का दायित्व

**बलरामपुर।** लायंस क्लब बलरामपुर गोल्ड का चार्टर एवं स्थापना समारोह हाल ही में शारदा पब्लिक स्कूल सभागार में आयोजित किया गया। डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन मुकेश जैन ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और चार्टर अध्यक्ष लायन श्रीकृष्णा बोस को क्लब का चार्टर प्रमाण पत्र सौंपा। इस अवसर पर क्लब के सचिव लायन शुभम अग्रवाल समेत समस्त कार्यकारिणी सदस्यों को औपचारिक रूप से नियुक्त किया गया। क्लब के अध्यक्ष लायन श्रीकृष्णा बोस ने कहा कि क्लब शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण और मानव सेवा से जुड़े कार्यों में सक्रिय रहेगा। क्लब नेत्र जांच शिविर, रक्तदान शिविर, पौधारोपण अभियान और जरूरतमंदों को भोजन एवं वस्त्र वितरण जैसी योजनाओं पर कार्य करेगा। कार्यक्रम में प्रदुमन सिंह, प्रीतपाल सिंह, मनीष तुलस्यान, अरुण गुप्ता, आलोक अग्रवाल, जतिन अग्रवाल, मयंक शेखर, डॉ. ऋषिराज, अभिनव अग्रवाल, हिमांशु सिंह समेत अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

### कथा वाचकों से दुर्व्यवहार पर सपा ने जताया आक्रोश



इटावा की घटना को लेकर विरोध जताते समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता।

**उतरौला, बलरामपुर, अमृत विचार।** समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को इटावा जनपद के बकेवर थाना क्षेत्र में कथावाचकों के साथ हुए अमानवीय व्यवहार के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने राज्यपाल को संबोधित एक ज्ञापन नायब तहसीलदार उतरौला को सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि कथावाचक मुकुट मणि, नेत्रहीन ढोलक वादक श्याम कटेरिया और संत सिंह यादव के साथ कुछ वर्चस्ववादी तत्वों ने कथावाचकों के सिर मुंडवा दिया और उन पर पेशाब छिड़क दिया। इस घटना की निंदा करते हुए सपा नेताओं ने कहा कि यह कृत्य न केवल व्यक्तिगत बल्कि पूरे पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) समाज का गहरा अपमान है, जिससे समाज में आक्रोश व्याप्त है। उन्होंने मांग की कि ऐसे अमानवीय कृत्य में लिप्त असामाजिक तत्वों के विरुद्ध तत्काल प्रभाव से मुकदमा दर्ज कर कठोरतम कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में किसी भी समाज के व्यक्ति को इस प्रकार की पीड़ा न सहनी पड़े। प्रदर्शन के दौरान सपा के वरिष्ठ नेता राम दयाल यादव और विधानसभा अध्यक्ष कृष्ण कुमार यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी हमेशा पिछड़े, दलित, वंचित और अल्पसंख्यक वर्ग के साथ खड़ी रही है और आगे भी खड़ी रहेगी। इस मौके पर सपा के प्रदेश सचिव शत्रोहन प्रसाद वर्मा, एजाज मलिक, बाबा साहेब वाहिनी के विधानसभा अध्यक्ष राम सागर बौद्ध, सपा जिला उपाध्यक्ष परशुराम बौद्ध, जिला सचिव मोहसिन, मोहम्मद मुकीम खां, शनि यादव, निहाल खां, राम दर्शन, राम आसरे यादव, महेश यादव, मोहम्मद शकील इदरीसी, ध्रुव राज यादव समेत दर्जनों पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे। वक्ताओं ने कहा कि यदि दोषियों के खिलाफ शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो राज्यभर में आंदोलन और तेज किया जाएगा। प्रदर्शन से पूर्व सपा के पदाधिकारियों ने अंबेडकर चौराहे पर स्थित संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और सामाजिक न्याय व समता के उनके विचारों को आत्मसात करने की शपथ ली।

### स्टाम्प शुल्क बढ़ोतरी के विरोध में अधिवक्ताओं का आंदोलन



बैठक कर आंदोलन की रणनीति बनाते अधिवक्ता। अमृत विचार

**बलरामपुर, अमृत विचार।** स्टाम्प शुल्क में बढ़ोत्तरी और रजिस्ट्री कार्यालय के प्रस्तावित स्थानांतरण के विरोध में अधिवक्ताओं का आक्रोश बढ़ता जा रहा है। बुधवार को कलेक्ट्रेट बार संघ की अध्यक्षता में संयुक्त बार संघ की एक बैठक हुई जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि अधिवक्ता 30 जून 2025, सोमवार तक न्यायिक कार्य से पूर्णतया विरत रहेंगे। बैठक की अध्यक्षता कलेक्ट्रेट बार संघ के अध्यक्ष रमेश चन्द्र त्रिपाठी ने की। अधिवक्ताओं ने कहा कि रजिस्ट्री कार्यालय का स्थानांतरण और स्टाम्प शुल्क में वृद्धि जनविरोधी कदम हैं। जिससे आम जनता के साथ-साथ अधिवक्ता वर्ग भी प्रभावित होगा। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि अधिवक्ताओं का प्रतिनिधिमंडल कमिश्नर देवीपाटन मंडल, प्रभारी मुख्यमंत्री और शासन स्तर के अधिकारियों से भेंट कर जिलाधिकारी की हठधर्मिता से उन्हें अवगत कराएगा। आवश्यकता पड़ने पर मुख्यमंत्री कार्यालय का घेराव भी किया जाएगा। बैठक में जिला बार संघ अध्यक्ष अजय बहादुर सिंह, महामंत्री कमलेश्वर मिंज, के.जी. श्रीवास्तव सहित वरिष्ठ अधिवक्ता राम गोपाल पंडित, अशोक मिश्रा, देवेश पांडेय, समय मिश्रा, पंकज श्रीवास्तव, अलीमुल हक, अजीत सिंह समेत कई अधिवक्ता प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। अधिवक्ताओं ने प्रशासन से अविलंब रजिस्ट्री कार्यालय स्थानांतरण की प्रक्रिया रोकने और स्टाम्प शुल्क वृद्धि को वापस लेने की मांग की है। आंदोलन के अगले चरण की रणनीति आगामी बैठक में तय की जाएगी।

### प्रदेश उपभोक्ता सहकारी संघ के उपसभापति बने अशोक

**गोंडा :** जिले के नवाबगंज विकासखंड के बल्लीपुर सानी गांव निवासी अशोक द्विवेदी को उत्तर प्रदेश उपभोक्ता सहकारी संघ का उपसभापति बनाया गया है। द्विवेदी मूल रूप से बल्लीपुर सानी के निवासी हैं। उनके पिता किसान थे। चार भाइयों में सबसे छोटे द्विवेदी उत्तर प्रदेश भाजपा चुनाव प्रबंधन में सहसंयोजक के पद पर कार्यरत हैं। प्रमुख रूप से लोकसभा चुनाव, विधानसभा चुना,व विधान परिषद चुनाव, राज्यसभा चुनाव को बहुत ही बारीकी से संचालित करते रहे हैं। इनके भाई रंजन दुबे आज भी नवाबगंज ग्रामीण मंडल के बलीपुर सनी ग्राम सभा में बूथ अध्यक्ष हैं। इनके निर्विरोध चुनाव जीतने पर जिले में पार्टी कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है। इसमें स्थानीय विधायक रमापति शास्त्री, गोंडा सांसद कीर्तिवर्धन सिंह, भाजपा जिला महामंत्री आशीष त्रिपाठी, कैसरगंज के सांसद करण भूषण सिंह, पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह, विधायक प्रेम नारायण पांडे, विधान परिषद सदस्य अवधेश सिंह मंजू सिंह सहित मंडल एवं क्षेत्र के सभी कार्यकर्ताओं ने प्रसन्नता व्यक्त की है।



उपभोक्ता सहकारी संघ का दायित्व प्राप्त करते अशोक द्विवेदी। अमृत विचार

## एक नजर

### सरकारी जमीन पर कब्जा प्रशासन ने रुकवाया काम

**परसपुर, गोंडा।** विकास क्षेत्र के ग्राम अन्दुपुर में सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे का मामला सामने आया है। उपजिलाधिकारी करनैलगंज के संज्ञान में आने के बाद तत्काल निर्माण कार्य रोक दिया गया। ग्रामीण रामकुमार शुक्ल ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि सीलिंग भूमि जो दलितों के आवासीय पट्टे के लिए आरक्षित है जिसे प्रधान प्रतिनिधि ने कब्जा कर उस पर निर्माण कार्य शुरू करा दिया गया है। लेखपाल मान बहादुर वर्मा ने बताया कि सीलिंग की जमीन पर अवैध निर्माण रोक दिया गया। उच्चाधिकारियों के निर्देश पर अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

### तीन तकनीकी सहायक स्थानांतरित

**कटरा बाजार, गोंडा।** महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के अंतर्गत विकासखंडों की ग्राम पंचायतों में कार्यरत तकनीकी सहायकों का स्थानांतरण जिलाधिकारी गोंडा की स्वीकृति से कर दिया गया है। उपायुक्त श्रम-रोजगार कार्यालय द्वारा जारी आदेश के अनुसार कटरा बाजार में तैनात तीन तकनीकी सहायकों को नवीन विकासखंडों में तैनात किया गया है। खंड विकास अधिकारी कटरा बाजार राम लगन वर्मा ने बताया कि तकनीकी सहायक पवन कुमार त्रिपाठी को परसपुर, दुर्गेश कुमार सोनी को नवाबगंज तथा असद बिन हसमत को छपिया विकासखंड में भेजा गया है।

### भूमि विवाद में मारपीट

**रुपईडीह, गोंडा।** कौड़िया के छिरास गांव में खूटा लगाने को लेकर हुए विवाद में राजेंद्र शुक्ल को गांव के ही सुग्रीव, पूरन, श्यामलाल व संतोष ने गाली-गलौज करते हुए मारा-पीटा। थानाध्यक्ष अरविंद सिंह ने बताया कि पीड़ित के तहरीर पर चार लोगों के विरुद्ध अभियोग दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि जल्द ही आरोपितों की गिरफ्तारी की जाएगी।

### युवक पर हमला

**रुपईडीह, गोंडा।** कौड़िया के पूरे निधि गजराज पुरवा गांव निवासी गुड्डू सिंह ने थाने में तहरीर देकर अवगत कराया कि देर शाम को वह दावत से वापस आ रहे थे, तभी रास्ते मे गांव के ही सचिन व उनकी माता राजमति पुरानी रंजिश को लेकर मारने पीटने लगे। जब लड़की ने बीच-बचाव करने की कोशिश की तो उस पर भी हमलावर हो गये। प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि घटना की विवेचना दारोगा प्रभाकर पांडेय को सौंपी गई है।

### शराब के नशे में रिक्शा चालक को पीटा

**खरगूपुर।** इटियाथोक टंड़वा गुलाम के महेश नरायन चौबे ने खरगूपुर थाने पर दिए गए तहरीर में कहा है कि दो दिन पहले लगभग नौ बजे रात में मल्लापुर शराब ठेका के पास खरगूपुर थाना क्षेत्र तेलयानी पाठक के ननके, राजकुमार व अज्ञात ने शराब के नशे में गाली गलौज देने लगे। विरोध करने पर लाठी डंडा से मार पीट कर घायल कर दिया। थानाध्यक्ष प्रदीप सिंह ने बताया कि हमला व धमकी सहित अन्य मामले में उक्त तीन आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है।

### मार्ग से अवैध कब्जा हटाने की मांग

**रुपईडीह।** शुक्ल कौड़िया गांव निवासी पूर्व सैनिक गंगाराम शुक्ल ने गांव में निर्मित मार्ग पर से अवैध कब्जा हटवाकर खड़ंजा लगाये जाने की मांग बीडीओ से की है। उन्होंने बताया कि उक्त मार्ग पर से अवैध कब्जा न हटने से गांव वालों को गमनागमन के लिए दिक्कते उठानी पड़ रही है।

### ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ाने की मांग

**रुपईडीह, गोंडा।** ब्लॉक की ग्राम पंचायत हरखापुर के प्रधान आनंद मोहन मिश्र ने नहर पुल के पास लगे ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ाए जाने की मांग विधायक बावन सिंह से की है। उनके इस मांग पर विधायक द्वारा मध्यांचल विद्युत वितरण निगम के अधिशासी अभियंता से वार्ता किए जाने का आश्वासन दिया गया है।

### मजदूरी का बकाया मांगने पर की मारपीट

**इटियाथोक, गोंडा :** निबिहा परसपुर के रामकृपाल ने बताया कि मध्यनगर के अभय सिंह के पास वर्ष 2017-18 में निर्माण कार्य की मजदूरी का 66535 रुपये बकाया था। मांगने पर आश्वासन दिया 35000/- रुपये वापस कर देगा। दिनांक 28 जनवरी को इटियाथोक बाजार में पैसा मांगने पर जातिसूचक गालियां देते हुए मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। थानाध्यक्ष कृष्ण गोपाल राय ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर अभय सिंह ग्राम मध्यनगर के खिलाफ बकाया पैसा न देने मारपीट व धमकाने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# जिलाधिकारी ने बाढ़ से बचाव की परखी तैयारी

## मॉक ड्रिल के जरिए एसडीआरएफ, एनसीसी कैडेट व प्रशासनिक टीम ने किया अभ्यास

**संवाददाता, उमरी बेगमगंज, गोंडा**

**अमृत विचारः** ग्राम पंचायत एली परसौली में आपदा प्रबंधन की तैयारियों को परखने और आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से मॉकड्रिल किया गया। इस अभ्यास की अध्यक्षता जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने की।

मॉकड्रिल के दौरान प्राकृतिक आपदा, विशेषकर बाढ़ जैसी स्थिति से निपटने के लिए प्रशासनिक मशीनरी की तैयारियों का परीक्षण किया गया। साथ ही ग्राम वासियों को बताया गया कि आपदा की घड़ी में वे किस प्रकार संयम बनाए रखें और प्रशासन के निर्देशों का पालन करें। डीएम नेहा शर्मा ने ग्रामीणों को बताया कि समय पर सतर्कता और सही कदम उठाने से जान-माल की हानि को कम किया जा सकता है। कार्यक्रम में ग्रामीणों को आपदा से संबंधित प्राथमिक सहायता, सुरक्षित स्थानों की पहचान, राहत एवं बचाव कार्यों में सहयोग जैसे विषयों पर प्रशिक्षण भी दिया गया। इस अवसर पर अपर जिला अधिकारी आलोक कुमार, आपदा विशेषज्ञ राजेश श्रीवास्तव, तहसीलदार तरबगंज सत्यपाल सिंह, जिला पूर्ति अधिकारी कुंवर दिनेश प्रताप सिंह, क्षेत्राधिकारी तरबगंज उमेश्वर प्रभात सिंह, कानूनगो अवधेश दुबे व हल्का लेखपाल अंकित कुमार, संजय कुमार, पंकज सैनी सहित आपदा प्रबंधन टीम एनसीसी कैडेट व क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।


लोगों को बचाव की जानकारी देतीं डीएम नेहा शर्मा। अमृत विचार

### नदी में डूब रहे युवक को बचाने का किया अभ्यास

मॉक ड्रिल के दौरान नदी में डूब रहे युवक को एसडीआरएफ टीम द्वारा बाहर निकालने के लाइव प्रसारण के बाद जिला अधिकारी नेहा शर्मा ने एनसीसी कैडेट से मिलकर बाढ़ और बचाव पर चर्चा करते हुए आवश्यक टिप्स दिए की कैसे ऐसी परिस्थिति में जान बचाई जा सकती है। एनसीसी टीम के साथ सुभाष इंटर कॉलेज के एन ओ अमित सिंह व महाराजा देवी बख्श सिंह इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य व नोडल आनंद पांडे सहित अन्य मौजूद रहे।

### करनैलगंज सरयू घाट पर हुआ मॉक ड्रिल

**करनैलगंज, अमृत विचार :** कटरा घाट सरयू तट पर अचानक हो हल्ला के साथ नदी से बचाओ- बचाओ की आवाज आने के बाद एनडीआरएफ की टीम ने उसे बचाते हुए बाहर निकाला जहाँ पहले से मौजूद चिकित्सकों ने इलाज किया। बाढ़ में डूबने से बचाव का मॉक ड्रिल किया गया। नदी में डूब रहे युवक को बचाया गया। एसडीएम यशवंत राव समेत तमाम् अधिकारी मौजूद रहे। उन्होंने उपस्थित राजस्व, पुलिस, स्वास्थ्य, अग्निशमन एवं एनडीआरएफ/एसडीआरएफ की टीमों को अलर्ट मोड पर रहने के निर्देश दिए।


डूबते व्यक्ति को स्ट्रेचर पर ले जाते बचाव कर्मी। अमृत विचार

## बाइक को कार ने मारी टक्कर एक की मौत और दो घायल

**गौरा चौकी (गोंडा), अमृत विचार :** छपिया के पिपरा माहिम में सादुल्लाहनगर गौरा चौकी रोड पर तीन बाइक सवार व कार से आमने-सामने टक्कर हो गई है जिस से एक की मौत हो गई है दो घायल है। महुआ पाकड़ थाना खोड़ारे निवासी जलालुद्दीन (21) पुत्र अलाउद्दीन, आमिर (5) पुत्र बिलाल शेख निवासी पुरैना थाना भवानीगंज जनपद सिद्धार्थनगर व बिलाल के साथ गोंडा दवा लेने जा रहे थे। रास्ते में महिम पिपरा पेट्रोल टंकी के पास एक कार से एक्सीडेंट हो गया। मौके पर लोगों ने सीएचसी बुक्कापुर पहुंचाया जहां पर जलालुद्दीन पुत्र अलाउद्दीन को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया और दो लोगों को इलाज के लिए गोंडा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। थाना अध्यक्ष छपिया संजीव कुमार वर्मा ने बताया है कि तीनों हेलमेट नहीं पहने थे पंचनामा कर पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजा गया है। बाकी का इलाज गोंडा मेडिकल कॉलेज में चल रहा है। एक्सीडेंट का केस दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।


जलालुद्दीन (फाइल फोटो)।


क्षतिग्रस्त कार। अमृत विचार

## संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत पुलिस जांच में जुटी

**संवाददाता, परसपुर, गोंडा**

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के ग्राम भेड़िया कोट गजसिंहपुर में गुरुवार सुबह एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक की पहचान 32 वर्षीय भीम राजपूत पुत्र शिव बहादुर के रूप में हुई है।

मृतक की पत्नी रानी देवी ने थाने पर सूचना देते हुए बताया कि आज सुबह करीब सात बजे उनके पति की अज्ञात कारणों से मृत्यु हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फिलहाल मौत के कारण स्पष्ट नहीं हो पाए हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव में तरह तरह की चर्चाएं हो रही है। प्रभारी निरीक्षक शरदेनंदु कुमार पाण्डेय ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो सकेगा।

## मार्ग दुर्घटना में घायल बच्चे की इलाज के दौरान मौत

**करनैलगंज, गोंडा, अमृत विचार :** करनैलगंज पावर हाउस के पास बुधवार को हुए सड़क हादसे में घायल छह वर्षीय मासूम की इलाज के दौरान मौत हो गई। लखनऊ ले जाते समय रास्ते में ही उसकी हालत बिगड़ गई और चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस हृदय विदारक हादसे के बाद अस्पताल परिसर में मातम छा गया।

मूल रूप से बहराइच जनपद के गड़रिया पुरवा उसरा निवासी गुलशन अपने बेटे रियाजुद्दीन (6) के साथ करनैलगंज निवासी अपने रिश्तेदार माजिद के साथ आधार कार्ड बनवाने गोंडा गई थी। लौटते समय करनैलगंज पावर हाउस के पास एक तेज रफ्तार बैटरी रिक्शा ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। दुर्घटना में रियाजुद्दीन गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि उसकी मां व बाइक चालक माजिद को मामूली चोटें आईं। तीनों को तत्काल सीएचसी करनैलगंज लाया गया, जहां से रियाजुद्दीन को गोंडा जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। गोंडा में भी हालत न सुधरने पर उसे लखनऊ रेफर किया गया, लेकिन रास्ते में ही बच्चे की हालत बिगड़ गई। परिजन उसे पुनः करनैलगंज सीएचसी लाए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

▸▸ **लखनऊ ले जाते समय रास्ते में तोड़ा दम, पोस्टमार्टम को भेजा गया शव**

कोतवाल तेज प्रताप सिंह ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने घायलों को सीएचसी पहुंचाया जहां से गंभीर रूप से घायल बच्चे को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया था। रास्ते में उसकी मौत हो गई थी। अभी तहरीर प्राप्त नहीं हुई है, मिलते ही मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## विद्यालयों के पेयरिंग-मर्जर आदेश को शिक्षकों ने बताया काला कानून

**तरबगंज, अमृत विचारः** विद्यालयों की पेयरिंग/ मर्जर किए जाने के काले कानून के खिलाफ ब्लॉक सभागार तरबगंज में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के बैनर तले शिक्षकों ने हुंकार भरी और कहा कि इस काले कानून को किसी भी कीमत पर लागू नहीं होने दिया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता तरबगंज ब्लाक के वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ ध्रुव नारायण पांडेय ने की।

ब्लॉक अध्यक्ष बलवंत सिंह के संयोजन में आयोजित बैठक में शिक्षकों ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर कहा कि हमें मर्जर किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं है। इसके लिए आर पार की लड़ाई लड़ी जाएगी। बैठक में विशेष रूप से उपस्थित हुए उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष विनय तिवारी ने कहा कि बार-बार शिक्षकों को प्रताड़ित करने के लिए तुगलकी फरमान जारी किए जाते हैं जिससे शिक्षक आंदोलन को विवश हैं। जब तक मर्जर का आदेश वापस नहीं लिया जाता तब तक संगठन का आंदोलन जारी रहेगा। आंदोलन के प्रथम चरण में कल भारी संख्या में जिले के शिक्षक कलेक्ट्रेट परिसर में इकट्ठा होकर जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित करेंगे। जिसकी तैयारी के लिए आज सभी 16 विकास खंडों में संघ ने तैयारी बैठक का आयोजन किया है। उन्होंने कहा कि सरकार शिक्षा अधिकार अधिनियम का पालन करें और बिना एक्ट का उल्लंघन किए सभी बच्चों को निशुल्क और अनिवार्य शिक्षा दिया जाना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर जिला संगठन मंत्री दिनेश कुमार मिश्रा, जिला प्रचार मंत्री हेमंत कुमार पांडेय, ब्लॉक मंत्री अतुल कुमार मिश्रा, ब्लॉक उपाध्यक्ष मनोज कुमार मिश्रा, संयुक्त मंत्री शिवकुमार गुप्ता, मीडिया प्रभारी मनोज कुमार मिश्रा, संगठन मंत्री पप्पू निषाद, उमेश कुमार पांडेय, अनिल कुमार कौशल, नरसिंह नारायण मिश्रा, धर्मेंद्र, संजय सिंह, पवन तिवारी, अरुण पांडेय, अतुल राय, अशोक सिंह, ज्ञान यादव, योगेश, रविंद्र, मलिक मिथिलेश पटेल, मुकेश जायसवाल, श्याम सुंदर, आनंद जायसवाल, चंद्रशेखर, प्रदीप मिश्रा, राहुल यादव, नीरज सिंह यादव, रामायण प्रसाद, रमेश विश्वकर्मा, हेमेंद्र विक्रम सिंह, अरविंद पाठक, गौरव सिंह, हिमांशु सिंह, चंद्रदीप यादव, गुप्ता सुजीत कुमार, अरुण वर्मा, भीम सिंह, सुंदरलाल, अमरजीत, विनोद सिंह, मानवेंद्र सिंह, रामकिंकर त्रिपाठी, सूर्य प्रकाश, जितेंद्र, छोटेलाल, संपूर्णानंद पांडेय, सुधीर तिवारी, राम बहादुर, अरविंद यादव, संतोष मिश्रा, अजय शुक्ला, ऋषिकांत, आदित्य श्रीवास्तव, काली प्रसाद पांडेय, अशोक सिंह सहित सैकड़ों शिक्षक मौजूद रहे।

▸▸ **आदेश का जमकर विरोध करने की दी चेतावनी**


विरोध बैठक करते शिक्षक संघ के पदाधिकारी व शिक्षक। अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### लायंस क्लब के अधिष्ठापन समारोह में प्रेरणा बनीं महिला शक्ति



अधिष्ठापन समारोह में प्रेरणा क्लब की महिला सदस्य व पदाधिकारी। अमृत विचार

**गोंडा :** लायंस क्लब गोंडा अवध, लायंस क्लब गोंडा प्रेरणा एवं लियो क्लब गोंडा अवध का अधिष्ठापन समारोह शहर के ड्रीम हाउस होटल एवं रिसोर्ट में आयोजित किया गया। इसमें महिला शक्ति ने अपनी उपस्थिति एवं सेवा भाव को प्रदर्शित किया। समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि मुकेश जैन डीजी, अधिष्ठापन अधिकारी डॉक्टर आरसी मिश्रा डीजी (निर्वाचित), परमजीत सिंह प्रथम (निर्वाचित) तथा विशिष्ट अतिथि दलजीत सिंह टोनी द्वितीय (निर्वाचित), रीजन चेयरपर्सन सुनील नेवटिया,जोन चेयरपर्सन अनिल अग्रवाल ने दीप प्रज्वलन के साथ किया। संचालन अधिष्ठापन चेयरमैन लायन दिलीप सिंह एवं सुरुचि अग्रवाल ने किया। दीप प्रज्वलन के बाद लायन डॉक्टर अनीता मिश्रा ने ध्वज वंदना एवं राष्ट्रगान के लिए सभी सदस्यों का आह्वान किया। इंडक्शन अधिकारी परमजीत सिंह ने लायंस क्लब गोंडा प्रेरणा की अध्यक्ष लायन डॉक्टर अनीता मिश्रा, सचिव लायन कविता अग्रवाल, कोषाध्यक्ष लायन निहारिका तुलस्यान एवं लियो क्लब गोंडा अवध के अध्यक्ष मेहुल नेवटिया, सचिव अभिषेक अग्रवाल, कोषाध्यक्ष दिव्यांशी अग्रवाल को समाज के दायित्वों के प्रति सदा सेवा भावना एवं क्लब के निर्धारित लक्ष्यों को पूरा करने की शपथ दिलाई। डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन मुकेश जैन ने लायंस क्लब गोंडा अवध के नवनिर्वाचित अध्यक्ष लायन रमेश प्रताप सिंह, सचिव लायन दुर्गेश श्रीवास्तव व कोषाध्यक्ष लायन सुदेश मोहन को आगामी नए सत्र के लिए उत्तरदायित्व सौंपा। लखनऊ से आए लायन सुदीप कुलश्रेष्ठ ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में लायंस क्लब गोंडा अवध में 18 एवं लियो क्लब गोंडा अवध में दो नए सदस्यों को शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में क्लब के राजेश जायसवाल, आलोक सिन्हा, रमेश श्रीवास्तव, दिनेश मिश्रा, अविनाश तुलसयान, संजीव पांडे, अखिलेश श्रीवास्तव, अंतरिक्ष पांडे, सुमेर सिंह, सचिन अग्रवाल, परमेश्वर नेवटिया, बीपी पासवान, मनीष दुबे, ओमी सिंधी, शिवपूजन चौरसिया, आर पी सिंह तोमर, सुमित अग्रवाल, राजकुमार, अजय मित्तल के साथ ही बलरामपुर एवं बहराइच से आए सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन पर अधिष्ठापन अधिकारी एवं क्लब के निदेशक लायन दिलीप सिंह ने आए हुए सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

### मनकापुर में भी आपदा से बचाव की हुई मॉक ड्रिल

**मनकापुर।** आपदा के समय आम जनमानस की सुरक्षा और त्वरित राहत कार्यों की तैयारी को परखने के लिए गुरुवार को क्षेत्राधिकारी आवास के बगल में मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। इस दौरान तहसील के राजस्व, पुलिस, स्वास्थ्य, वन, अग्निशमन, विकास व विद्युत आदि के अधिकारियों व कर्मचारियों ने संयुक्त रूप से प्रतिभाग किया। मॉकड्रिल का नेतृत्व उपजिलाधिकारी अवनीश त्रिपाठी व पुलिस क्षेत्राधिकारी उदित नरायन पालीवाल ने किया। अभ्यास के दौरान आपात स्थिति में तत्काल राहत पहुंचाने, घायलों को सुरक्षित स्थानों तक ले जाने और बचाव उपकरणों के प्रयोग की जानकारी दी गई। मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने बताया कि आपदा के समय समन्वय बनाकर कार्य करने से जान-माल की क्षति को कम किया जा सकता है। इस अवसर पर लोगों को प्राकृतिक आपदाओं से बचाव के तरीके बताए गए और जागरूक किया गया कि भूकंप,बाढ़ या अग्निकांड जैसी घटनाओं में घबराने की बजाय कैसे सतर्कता से काम लें। कार्यक्रम में प्रभारी निरीक्षक मनोज पाठक, खंड विकास अधिकारी गौरीशा श्रीवास्तव, रेंजर अभिषेक प्रताप सिंह,नायाब तहसीलदार चंदन जायसवाल,अनिल तिवारी, डॉक्टर रविश रिजवी,राजस्व निरीक्षक पुरुषोत्तम सिंह, लेखपाल प्रेम शकर आर्य आदि अधिकारी व कर्मचारियों के साथ-साथ आम नागरिकों की भी भागीदारी रही। सभासद वैभव सिंह ने इस अभ्यास को उपयोगी बताया और कहा कि इस प्रकार के आयोजन समय-समय पर होते रहने चाहिए, जिससे संकट के समय घबराहट की बजाय समझदारी से काम लिया जा सके।

### बुजुर्गों को वाद के लिए मिलेगी मुफ्त कानूनी सहायता


बुजुर्गों से जानकारी लेते अपर जिला जज दानिश हसनैन। अमृत विचार

**गोंडा :** बुजुर्गों को उनके भरण-पोषण के लिए यदि वाद दायर करना हो तो उन्हें अब भटकना नहीं पड़ेगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ऐसे बुजुर्गों को मुफ्त कानूनी सहायता उपलब्ध करायेगी। पंतनगर स्थित वृद्धाश्रम में निरीक्षण के दौरान आयोजित विधिक जागरूकता शिविर में अपर जिला जज व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव दानिश हसनैन ने बुजुर्गों को उनके अधिकारों की जानकारी देते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि कोई भी बुजुर्ग किसी भी प्रकार के कानूनी मामले में मुफ्त कानूनी सहायता के लिए पात्र है। विधिक सेवा प्राधिकरण ऐसे सभी जरूरतमंदों को हर संभव कानूनी सहायता दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बुजुर्गों से उनके खान-पान और स्वास्थ्य की जानकारी ली। उन्होंने केयरटेकर विशाल सिंह को बुजुर्गों की बेहतर देखभाल करने के लिए निर्देशित किया। वृद्धाश्रम के निरीक्षण के पश्चात अपर जिला जज ने पोर्टरगंज स्थित बालगृह (बालिका) का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रबंधक राजेश श्रीवास्तव से बालगृह में आवासित बालिकाओं के मामलों की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान वृद्धाश्रम व बालगृह के सभी अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

### नाली पर कब्जा कर रख लिया छप्पर

**कटरा बाजार :** कटरा बाजार ब्लाक के पैड़ी गांव में दबंगों ने सार्वजनिक नाली को बंद कर दिया है। ग्रामीणों ने नाली निर्माण के लिए इसकी शिकायत समाधान दिवस में उच्चाधिकारियों से की है लेकिन अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है। गांव के ही रामफेर ने बताया कि गांव के ही वंशीलाल व सुकई प्रसाद पुत्रगण राम राखन ने सार्वजनिक नाली को बंद कर दिया है और रास्ते मे छप्पर रख दिया है जिससे आवागमन बाधित है। अधिकारियों ने प्रकरण की जांच स्थानीय लेखपाल व राजस्व निरीक्षक को सौंपा जिसमें लेखपाल ने अपनी रिपोर्ट दी जिससे उन्होंने लिखा है कि मौके पर पुरानी नाली व खड़ंजा मौजूद है। खड़ंजा पर छप्पर रख लिया गया। इस नाली से 15 लोंगो का पानी तालाब में गिरता था। नाली करीब दो वर्षों से वंशीलाल व सुकई प्रसाद ने बंद कर दिया है। लेखपाल राजेश कुमार यादव ने बताया कि उक्त प्रकरण में हमने रिपोर्ट उपजिलाधिकारी करनैलगंज को भेज दिया है।

**अनदेखी** ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित आरोग्य मंदिरों की हकीकत, 16 में से छह केंद्रों पर एक साल से नहीं है डॉक्टर की तैनाती

## ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित जन आरोग्य केंद्रों पर सुविधाओं का अभाव


जन आरोग्य मंदिर नगदही। अमृत विचार

**संवाददाता, बेलसर, गोंडा**

**अमृत विचार :** ग्रामीण क्षेत्रों में आर्थिक रूप से कमजोर, वृद्ध एवं महिलाओं सहित अन्य लोगों को गांव में ही बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिले, सरकार ने पांच हजार आबादी वाले क्षेत्रों में जन आरोग्य मंदिर स्थापित किया था। लेकिन अधिकारियों की उदासीनता के चलते योजना परवान नहीं चढ़ सकी।

विकासखंड बेलसर में 48 ग्राम पंचायतों में 16 जन आरोग्य मंदिर हैं। इनमें 16 प्रकार की निशुल्क जांच की सुविधा दिए जाने का प्रावधान है। लेकिन किसी भी केंद्र पर सभी जांच की सुविधा नहीं है। एक कर्मी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि अभी छह सात जांच की किट उपलब्ध है अन्य जांच के लिए इंडेट किया गया है। लेकिन अभी किट मिली नहीं है। सुबह साढ़े बजे दुर्जनपुर आरोग्य मंदिर पर तैनात सीएचओ दिव्यता ने बताया कि अभी दो मरीजों को देखा है। बताया कि दिन भर में आठ से दस मरीज देखे जाते हैं। बताया कि केंद्र पर शुगर, बीपी, डेंगू, मलेरिया सहित अन्य जांच की जाती है। जन आरोग्य मंदिर नगदही पर तैनात सीएचओ शैल कुमारी ने बताया कि औसतन पंद्रह से बीस मरीज आते हैं। इनमें त्वचा, लाल आंख, पेंचिस, बुखार के मरीजों की संख्या अधिक रहती है। बताया कि केंद्र पर बिजली की व्यवस्था नहीं है। टुल्लू पंप, पंखा, बिजली केबल चोरी हो गया था। जन आरोग्य मंदिर खमरौनी में तैनात सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी आकांक्षा गुप्ता ने बताया कि प्रतिदिन बीस से पच्चीस मरीज देखे जाते हैं। केंद्र के सामने विभाग द्वारा बनाए गए शौचालय पर एक ग्रामीण ने अवैध कब्जा कर रखा है। इसके अलावा

माधवपुर, आदमपुर, उमरी, अकोनी, डिकसिर, बरौली पर ताला लटका रहता है। सीएचसी अधीक्षक डॉक्टर सतपाल सोनकर ने बताया कि सीएचओ की तैनाती सीएमओ कार्यालय से होती है। इसमें हमारे स्तर से कुछ नहीं किया जा सकता है। हमने सीएमओ ऑफिस को तैनाती किए जाने के संबंध में पत्र भेजा है।



जन आरोग्य मंदिर खमरौनी।



जन आरोग्य मंदिर दुर्जनपुर। अमृत विचार

अमृत विचार
www.amritvichar.com

विद्यामदो धनमदस्तृतीयोऽभिजनो मदः ।
मदा एतेऽवलिप्तानामेत एव सतां दमाः ॥

विद्या का अहंकार ,धन –सम्पति का अहंकार ,कुलीनता का अहंकार तथा सेवकों के साथ का अहंकार बुद्धिहीनों का होता है ,सदाचारी तो दमन द्वारा इनमें भी शांति खोज लेते है।

## संपादकीय

# भारत का कड़ा रुख

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को चीन के क्विंगदाओ में आयोजित शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के रक्षा मंत्रियों की बैठक में संयुक्त बयान पर हस्ताक्षर करने से इनकार कर एक बार फिर साबित कर दिया कि भारत अपनी संप्रभुता और आतंकवाद विरोधी नीति पर कोई समझौता नहीं करेगा। एससीओ संयुक्त बयान में आतंकवाद को लेकर पहलगाम हमले का उल्लेख नहीं किया गया और बलूचिस्तान का ज़िक्र शामिल था। इस पर भारत ने कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि यह दस्तावेज भारत की आतंकवाद विरोधी नीति को कमजोर करता है। आतंकवाद के दोषियों, वित्तपोषकों व प्रायोजकों को जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए और इससे निपटने में दोहरा मापदंड नहीं अपनाया जाना चाहिए। रक्षा मंत्री ने भारत का पक्ष जिस मजूबती के साथ रखा उसकी सराहना की जानी चाहिए। संयुक्त बयान को खारिज करके उन्होंने स्पष्ट कर दिया कि शांति-समृद्धि और आतंकवाद साथ नहीं चल सकते। कुछ देश आतंकवादियों को पनाह देने के लिए सीमा पार आतंकवाद का इस्तेमाल नीतिगत साधन के रूप में कर रहे हैं। भारत आतंकवाद के विरुद्ध अपनी जीरो टॉलरेंस नीति पर कोई समझौता नहीं करेगा। एससीओ की स्थापना वर्ष 2001 में हुई थी। मूल रूप से एससीओ का उद्देश्य आतंकवाद, उग्रवाद और अलगाववाद की बुराइयों से लड़ना रहा है। इसमें भारत, चीन, रूस, पाकिस्तान और मध्य एशियाई देश शामिल हैं।

भारत ने इस मंच पर हमेशा आतंकवाद के खिलाफ मज़बूत रुख अपनाया है और इसे वैश्विक सुरक्षा के लिए सबसे बड़ा ख़तरा माना है। एससीओ बैठक में भारत ने पहलगाम हमले को संयुक्त बयान में शामिल करने की मांग की ताकि आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक सहमति बनाई जा सके। लेकिन पाकिस्तान और चीन ने इस मांग को ठुकरा दिया और दस्तावेज में पहलगाम हमले का कोई उल्लेख नहीं किया गया। विश्लेषकों के अनुसार पाकिस्तान और चीन आतंकवाद से ध्यान हटाने की कोशिश कर रहे हैं। वास्तव में आतंकवाद से निपटने में दोहरे मानदंडों के लिए कोई स्थान नहीं होना चाहिए। एससीओ जैसे मंचों का उपयोग आतंकवाद के खिलाफ एकजुटता दिखाने के लिए होना चाहिए। भारत की मांग को नजरअंदाज करना एससीओ की विश्वसनीयता पर भी सवाल उठाता है। पाकिस्तान व चीन के रवैये पर भारत ने कड़ा रुख अपनाकर दोनों देशों को करारा जवाब दिया है। यह भारत की संप्रभुता और आतंकवाद के ख़िलाफ दृढ़ नीति का प्रतीक है।

# चीन हमेशा चाहेगा कि भारत गैर जरूरी मुद्दों में उलझा रहे



अविनाश झा
डीएफएमओ, चित्रकूट

वस्तुत: यह अत्यंत ही अनुकूल समय है कि हम अपनी अर्थव्यवस्था को मजबूत कर विश्व में तीसरी अर्थव्यवस्था बनने का प्रयास करें। साथ ही "एलिफेंट एंड ड्रैगन टैंगो "(नृत्य) या आपसी तालमेल से परस्पर विकास की गति को तीव्र करें।

वैश्विक राजनीति में 'एलिफेंट एंड ड्रैगन' टर्म का उपयोग अक्सर क्रमशः भारत और चीन के आपसी संबंधों को प्रदर्शित करने के लिए किया जाता है जो न केवल इनके आपसी संबंध बल्कि इनके संबंधों से क्षेत्रीय एवं वैश्विक मामलों में इनकी भूमिका की महत्ता को दिखाता है। इसको देखते हुए विशेषज्ञों का मानना है कि भारत को अपने अग्रसोची भू राजनैतिक हितों के दृष्टिगत हमेशा विश्व की महाशक्तियों तथा उभरती शक्तियों को ध्यान में रखकर अपनी वैश्विक राजनीति और कूटनीति को अपनाना चाहिए। इसे छोटे छोटे मसले जैसे पाकिस्तान या बांग्लादेश से उलझने के बजाय चीन को सामने रखकर प्लान बनाने चाहिए। भारत से टकराव की स्थिति बनाए रखना पाकिस्तान जैसे देशों के हित में है, क्योंकि यह इसे उसे भारत के समकक्ष आने में सहायता प्रदान करता है। वर्ष 1986 में पूर्व सेना प्रमुख जनरल कृष्णास्वामी सुंदरजी ने एक साक्षात्कार में कहा था कि 'भारत के लिए चीन ही असली खतरा है। पाकिस्तान से तो यूं ही चलते फिरते निपटा जा सकता है'। यह वक्तव्य भले ही सैन्य दृष्टिकोण से हो परंतु अर्थव्यवस्था की दृष्टि से भी यही सत्य है।

भारतीय अर्थव्यवस्था में जिस तरह से तीव्र गति से विकास हुआ है, यह आज विश्व की चौथी अर्थव्यवस्था बन गई है। अर्थशास्त्रियों का मानना है कि असल में चीन अपनी विकास यात्रा में अपने विकास के उच्च स्तर पर पहुंच चुका है और अब यह उसके स्थिर रहने या नीचे गिरने का समय है। यद्यपि पिछले कुछ दशकों में चीन ने अर्थव्यवस्था सहित अन्य क्षेत्रों में उल्लेखनीय वृद्धि हासिल की है, लेकिन चीनी अर्थव्यवस्था इस समय कुछ जटिल चुनौतियों का सामना कर रही है, जिनमें धीमी वृद्धि, बढ़ता कर्ज, जनसांख्यिकीय बदलाव, पर्यावरण संबंधी चिंताएं, वैश्विक व्यापार तनाव और तकनीकी प्रतिस्पर्धा शामिल है। वर्ष 2020 में चीनी अर्थव्यवस्था की इस तीव्र प्रगति को देखते हुए अमेरिकी थिंक-टैंक ने भविष्यवाणी की थी कि चीन वर्ष 2030 तक अमेरिका को पीछे छोड़कर दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा, लेकिन ऐसा होता दिख नहीं रहा है।

भारतीय अर्थव्यवस्था में जिस तरह से तीव्र गति से विकास हुआ है, यह आज विश्व की चौथी अर्थव्यवस्था बन गई है। अर्थशास्त्रियों का मानना है कि असल में चीन अपनी विकास यात्रा में अपने विकास के उच्च स्तर पर पहुंच चुका है ।

स्वाभाविक रूप से चीनी अर्थव्यवस्था के धीमे रहने से भारत के पास यह मौका है कि वह भारत तथा चीन के बीच जीडीपी में अंतर को समाप्त कर विश्व की दूसरी-तीसरी अर्थव्यवस्था बन जाए। इसका तात्पर्य है कि उसके सामरिक, राजनैतिक और आर्थिक वैश्विक महाशक्ति बनने का रास्ता खुल जाएगा।

वस्तुतः वर्ष 1990 में चीनी अर्थव्यवस्था भारतीय अर्थव्यवस्था की तुलना में ज्यादा बड़ी नहीं थी लेकिन आज चीन की जीडीपी भारत से लगभग 5.46 गुना बड़ी है। चीन ने वर्ष 1978 में और भारत ने वर्ष 1991 में अपने यहां ग्लोबलाइजेशन और प्राइवेटाइजेशन के माध्यम से आर्थिक सुधार शुरू किए, लेकिन दोनों ने अपनी अर्थव्यवस्थाओं को आगे बढ़ाने के लिए अलग अलग रास्तों का चयन किया। चीन ने गुणवत्ता पूर्ण श्रम, मैन्युफैक्चरिंग, सप्लाई चेन और विश्व स्तर के आधारभूत ढांचे के निर्माण पर ध्यान केंद्रित किया, जबकि भारत ने अपने सेवा क्षेत्र को आगे बढ़ाने का काम किया। इसीलिए चीन को 'दुनिया का कारखाना' कहा जाता है और भारत को 'दुनिया का बैक ऑफिस' कहा जाता है।

माना जाता है कि यदि अगले 25 वर्षों में वार्षिक औसत वृद्धि 7-7.5 प्रतिशत रहे तो भारतीय अर्थव्यवस्था का आकार वर्ष 2047 तक 20 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच जाएगा। भारतीय स्टेट बैंक के एक शोध-पत्र के अनुसार भारत वर्ष 2029 तक दुनिया में जापान की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था को पीछे छोड़ देगा। देश पहले ही क्रय शक्ति क्षमता के मामले में जापान को पीछे छोड़कर दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है।

चीन ने हाई-स्पीड रेल नेटवर्क और हवाई अड्डों जैसे बुनियादी ढांचे में भारी निवेश किया है, जिसने शुरू में इसके तेज़ विकास को बढ़ावा दिया था। वस्तुत चीन एक ऐसी अर्थव्यवस्था है, जो थका हुआ और अस्वस्थ है। तीव्र औद्योगिकीकरण और शहरीकरण के कारण वायु प्रदूषण, जल प्रदूषण और मिट्टी का क्षरण ऐसी प्रमुख समस्याएं हैं, जो सार्वजनिक स्वास्थ्य और अर्थव्यवस्था दोनों को प्रभावित कर रही है।

इन सबके पीछे चीन का जनसांख्यिकीय लाभ समाप्त होना एक महत्वपूर्ण कारण है। चीन में वृद्ध होती आबादी के कारण कार्यबल में कमी आ रही है। इतना ही नहीं यह जनसांख्यिकीय परिवर्तन पेंशन प्रणाली, स्वास्थ्य सेवा पर दबाव डालता है और सार्वजनिक वित्त पर दबाव डाल सकता है। एक अनुमान के अनुसार वर्ष 2050 तक चीन में ऐसे आश्रित लोगों की जनसंख्या 70 प्रतिशत हो जाएगी, जो क्रियाशील लोगों पर निर्भर रहेंगे, जो वर्तमान में 35 प्रतिशत है। इससे चीन और वहां की स्वास्थ्य व्यवस्था पर भी दबाव बढ़ेगा। इस मामले में भारत चीन से कहीं अधिक मज़बूत स्थिति में है। वर्ष 2050 तक 1.7 बिलियन लोगों की आबादी के साथ भारत जनसंख्या के मामले में दुनिया का सबसे बड़ा देश होगा। वर्ष 2030 के मध्य में यह अपने चरम पर होगा। इस अवधि में अपने बृहत युवा जनसंख्या का लाभ उठाकर भारत अपनी जीडीपी वृद्धि दर को 6.5 प्रतिशत से बढ़ाकर 8 प्रतिशत तक बढ़ाकर चीन को पीछे छोड़ सकता है। लेकिन इस संबंध में चीनी विश्लेषकों का मानना है कि हालांकि भारत में चीन की तुलना में अधिक युवा श्रमिक हैं, लेकिन उनका शैक्षिक और कौशल स्तर वास्तव में चीनी श्रमिकों की तुलना में कम है। इसके अतिरिक्त आज के साइबर युग में प्रौद्योगिकी श्रम से अधिक महत्वपूर्ण है, और चीन प्रौद्योगिकी इनोवेशन में भारतीयों से बेहतर है।

जान हॉपकिन्स विश्वविद्यालय में एप्लाइड इकोनॉमिक्स के प्रोफ़ेसर स्टीव के अनुसार भारत समस्याओं से दबा हुआ है। ह्यूमन फ्रीडम इंडेक्स में 165 देशों में से भारत 119वें रैंक पर है। क़ानून के शासन के मामले में भारत का रिकॉर्ड दुनिया में सबसे ख़राब देशों में से है। उनका मानना है कि क़ानून के शासन की मज़बूती से पालन के बिना कोई भी देश मज़बूत, निरंतर आर्थिक परिणाम की उम्मीद नहीं कर सकता है। वैसे इस मामले में चीन की रैंकिंग भारत से भी नीचे है। आलोचकों के अनुसार अगर चीनी अर्थव्यवस्था को इसी स्थिति में रोक दिया जाए और भारतीय अर्थव्यवस्था 7-7.50 प्रतिशत की दर से बढ़ती रही, तो इसकी अर्थव्यवस्था 20 ट्रिलियन डॉलर की होगी, यानी आज की चीनी अर्थव्यवस्था को पार करने में भारत को लगभग 25 साल लगेंगे। लेकिन इससे पृथक यदि समग्र रुप से प्रयास करें तो भारत अगले 10 वर्षों में ख़ुद को निर्यात-आधारित विकास के रास्ते पर ला सकता है, जैसा कि चीन कई दशकों से करता आया है।

वस्तुतः यह अत्यंत ही अनुकूल समय है कि हम अपनी अर्थव्यवस्था को मजबूत कर विश्व में तीसरी अर्थव्यवस्था बनने का प्रयास करें। साथ ही "एलिफेंट एंड ड्रैगन टैंगो" (नृत्य) या आपसी तालमेल से परस्पर विकास की गति को तीव्र करें। लेकिन चीन यह कभी नहीं चाहेगा कि हम ऐसा सोचें भी, इसलिए हमें वह पाकिस्तान, नेपाल, बांग्लादेश जैसे गैर जरूरी मुद्दों में उलझाए रखना चाहेगा ताकि हम अपने वृहद लक्ष्यों से दूर रहें। इस नजरिए से देखें तो भारत पाकिस्तान के साथ युद्ध में उलझकर अपना नुकसान करेगा और इससे पाकिस्तान को विश्व स्तर पर तवज्जो मिलने लगेगी, जैसा कि अभी हालिया संघर्ष में हमने देखा है। ऐसा भी माना जाता है कि पहलगाम नरसंहार के पीछे चीनी हाथ था ताकि हम भारत पाक युद्ध में लग जाए और विश्व में यह संदेश जाए कि भारत विदेशी निवेश के लिए उपयुक्त जगह नहीं है, क्योंकि यह कभी भी युद्ध या संघर्ष की स्थिति में चला जाता है और इसका लाभ चीन को मिले। हमें इससे बचने की कोशिश करनी होगी। तो "हाथी चले बाजार कुत्ता भूंके हजार " कहावत को ध्यान रखते हुए भारत अपने रास्ते पर चलते रहे, यही बेहतर विकल्प है।

## प्रसंगवश

# खाड़ी देशों में गए नेपाली युवा खा रहे जेल की हवा

रोजगार के लिए नेपाल से युवाओं का पलायन चिंता का विषय है और इससे भी अधिक चिंता इस बात को लेकर है कि विदेशों में पलायन कर रहे युवा वहां जाकर गैर कानूनी गतिविधियों में लिप्त होकर जेल की हवा खाने को मजबूर हैं। नेपाल के सैकड़ों युवा जो बेहतर जीवन शैली का सपना लेकर सउदी अरब गए लेकिन वे जेल में हैं।



यशोदा श्रीवास्तव
वरिष्ठ पत्रकार

नेपाल सरकार इस बात को लेकर चिंतित है कि उसके युवाओं का अवैध तरीके से विदेशों में प्रवेश कराकर उनका बेजा इस्तेमाल किया जा रहा है। हालांकि सरकार यह भी मान रही है कि इस अवैध गतिविधि में उसके ही नागरिक शामिल है जो किसी तीसरे देश के मानव तस्करों के हाथ की कठपुतली बन गए हैं।

नेपाल के युवाओं को अवैध रूप से खाड़ी के देशों तक पहुंचाया जाता है जहां वे अवैध गतिविधियों में शामिल होने पर पकड़े जाते हैं और जेल की हवा खा रहे हैं। नेपाल सरकार के ही आंकड़े के अनुसार 544 नेपाली युवा सउदी अरब के जेलों में बंद हैं। चूंकि वहां के नियम कानून इतने सख्त होते हैं कि जेलों में बंद नेपाली युवाओं की रिहाई आसान नहीं है। नेपाल के विदेश मंत्रालय के अनुसार करीब चार लाख नेपाली युवा सउदी अरब में रोजगार के सिलसिले में गए हैं। वहीं सउदी अरब स्थिति नेपाली दूतावास के अनुसार वहां भारी संख्या में अवैध तरीके से घुसपैठ के जरिए भी भारी संख्या में नेपाली युवा मौजूद हैं। नेपाली दूतावास के अनुसार हाल ही 3800 अवैध तरीके से नेपाली घुसपैठिए युवाओं को एक्जिट वीजा देकर नेपाल वापस भेजा गया है।

रोजगार के लिए नेपाल से युवाओं का पलायन चिंता का विषय है और इससे भी अधिक चिंता इस बात को लेकर है कि विदेशों में पलायन कर रहे युवा वहां जाकर गैर कानूनी गतिविधियों में लिप्त होकर जेल की हवा खाने को मजबूर हैं। नेपाल के सैकड़ों युवा जो बेहतर जीवन शैली का सपना लेकर सउदी अरब गए लेकिन वे जेल में हैं। माओवादी नेता प्रचंड ने नेपाली युवाओं को दलालों से बचने की अपील के साथ नेपाल सरकार से युवाओं का पलायन रोकने की मांग करते हुए कहा है कि सरकार अपने ही देश में युवाओं को रोजगार देना सुनिश्चित करे।

माओवादी केंद्र ने एक आंकड़ा जारी करते हुए इस बात पर चिंता जताई है कि सउदी अरब की जेलों में भारी संख्या में नेपाली युवा विभिन्न अपराधों में जेल की हवा खा रहे हैं। वे कहते हैं कि इनमें तमाम ऐसे हैं जो दलालों के हाथ फंसकर अवैध तरीके से सउदी गए और वहां गैर कानूनी गतिविधियों में लिप्त हो गए। नतीजतन अब सजा भुगत रहे हैं।

सऊदी अरब स्थित नेपाली दूतावास के श्रम काउंसलर कविराज उप्रेती के अनुसार, सउदी अरब में जो नेपाली युवा विभिन्न अपराधों में पकड़े गए हैं उनमें सबसे अधिक 345 लोग शराब बनाने, पीने या सप्लाई करने के आरोपी हैं। 84 लोग मादक पदार्थों की तस्करी में,53 लोग चोरी के मामलों में,12 लोग वेश्यावृत्ति में, 16 लोग तोड़फोड़ में, 15 लोग रिश्वतखोरी में, 4 लोग हत्या के आरोप में तथा 23 लोग अन्य अपराधों में जेल में हैं। इनमें से 341 कैदियों को अदालत द्वारा सजा सुनाई जा चुकी है, जबकि 203 मामलों की सुनवाई अभी जारी है।

सऊदी अरब में नियुक्त नेपाली राजदूत नरेश विक्रम धकाल ने नेपाली युवाओं की गिरफ्तारी पर दुःख व्यक्त करते हुए कहा कि सऊदी में कार्यरत नेपाली नागरिकों को कानून की जानकारी होनी चाहिए और किसी भी गैरकानूनी गतिविधि से दूर रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस तरह की घटनाओं से बचने के लिए नेपाली युवाओं को स्वयं सतर्क और जिम्मेदार बनना होगा। यह बेहद दुखद है कि हमारे नौजवान, जो बेहतर भविष्य की उम्मीद लेकर विदेश जाते हैं, वहां जानकारी की कमी, कभी लालच और कभी गलत संगत में पड़कर क़ानून तोड़ने की राह पर चल पड़ते हैं।

# यह यूरेनियम और तेल का खेल है



रजत मेहरोत्रा
वित्तीय सलाहकार

ऐसी स्थिति में भारत को एक सतर्क लेकिन मजबूत कूटनीतिक नीति अपनानी होगी। इसके साथ ही दीर्घकालिक रणनीतिक तैयारी अनिवार्य है।

दुनिया के तमाम भू-राजनीतिक तनावों के पीछे एक सच्चाई छुपी है, जो अक्सर अंतर्राष्ट्रीय सुर्खियों से ओझल रह जाती है- यह लड़ाई परमाणु हथियारों की नहीं, बल्कि यूरेनियम, तेल और दुर्लभ खनिजों की है। अमेरिका और उसके सहयोगी देशों की भूख इन संसाधनों पर अपना नियंत्रण बढ़ाने की है, जिसके चलते वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति, तकनीकी प्रगति और आर्थिक स्थिरता गंभीर संकट में पड़ सकती है। इस बदलाव का असर भारत जैसे उभरते और ऊर्जा-निर्भर देशों पर दीर्घकालिक होगा, जिसकी रणनीतिक तैयारी अभी से जरूरी है।

पिछले कुछ वर्षों में अमेरिका ने जिन क्षेत्रों में सैन्य दखल, आर्थिक प्रतिबंध और कूटनीतिक हस्तक्षेप की नीति अपनाई है -मसलन, मध्य-पूर्व, अफ्रीका, मध्य एशिया- उन सभी इलाकों में एक समान तत्व मौजूद हैः वहां तेल, गैस, यूरेनियम और दुर्लभ खनिजों का प्रचुर भंडार है। रूस-यूक्रेन युद्ध के पीछे भी अगर गहराई से देखा जाए तो यूरोप की ऊर्जा निर्भरता को अमेरिका के हितों के अनुरूप मोड़ने की रणनीति दिखती है। रूस को वैश्विक ऊर्जा बाजार से काटने के प्रयास इसी दिशा में हैं। दूसरी ओर, अफ्रीका के सहारा-पट्टियों में अमेरिका और फ्रांस वर्षों से यूरेनियम खनन क्षेत्रों में अपनी पकड़ बनाए रखने के लिए सैन्य हस्तक्षेप और राजनीतिक अस्थिरता को बढ़ावा दे रहे हैं।

केवल तेल और यूरेनियम ही नहीं, बल्कि आधुनिक तकनीकी विकास की रीढ़ बन चुके 'रेयर अर्थ मिनरल्स' पर भी अमेरिका की नजर है। लिथियम, कोबाल्ट, नियोडियम जैसे दुर्लभ खनिज आज के इलेक्ट्रिक वाहनों, सौर ऊर्जा पैनलों, स्मार्टफोनों और अत्याधुनिक रक्षा उपकरणों में अनिवार्य हो गए हैं। वर्तमान में चीन इस क्षेत्र में सबसे बड़ा खिलाड़ी है, जिसकी वैश्विक खनिज सप्लाई चेन पर मजबूत पकड़ है। इसी संतुलन को तोड़ने के लिए अमेरिका अफ्रीकी देशों में दखल बढ़ा रहा है। कई अंतर्राष्ट्रीय विश्लेषकों का मानना है कि निकट भविष्य में इन खनिजों को लेकर एक नया 'कोल्ड वॉर' छिड़ सकता है। यदि अमेरिका तेल उत्पादक देशों में अस्थिरता को और बढ़ाता है-जैसा कि इराक, सीरिया, ईरान और अब मध्य एशिया में देखने को मिल रहा है-तो इसका सीधा असर वैश्विक तेल कीमतों पर पड़ेगा। हाल के महीनों में ब्रेंट क्रूड फिर 90 डालर प्रति बैरल के करीब पहुंच चुका है। यदि पश्चिम एशिया या अफ्रीका में कोई बड़ा भू-राजनीतिक संकट खड़ा होता है, तो तेल की कीमत 100-120 डालर प्रति बैरल तक जा सकती है। ऐसे परिदृश्य में भारत जैसे देशों को सबसे ज्यादा नुकसान उठाना पड़ता है।

सिर्फ ऊर्जा संकट ही नहीं, दुर्लभ खनिजों की आपूर्ति बाधित होने की स्थिति में भारत की 'ईवी पॉलिसी' और ग्रीन एनर्जी ट्रांजिशन को भी गहरा झटका लगेगा। भारत ने वर्ष 2030 तक कुल वाहनों में 30 प्रतिशत इलेक्ट्रिक वाहनों का लक्ष्य रखा है। यदि कोबाल्ट, लिथियम जैसी सामग्रियों की कीमत बढ़ती है या आपूर्ति में रुकावट आती है, तो यह लक्ष्य हासिल करना कठिन हो जाएगा। इलेक्ट्रिक वाहनों, सोलर एनर्जी, हाई-टेक उत्पादों में भारत की आत्मनिर्भरता के प्रयास रुक सकते हैं। यह संकट केवल आर्थिक नहीं, बल्कि कूटनीतिक भी होगा। भारत की विदेश नीति अब तक 'स्ट्रैटेजिक ऑटोनॉमी' यानी स्वतंत्र रणनीतिक संतुलन पर आधारित रही है। लेकिन यदि अमेरिका यूरेनियम, तेल और दुर्लभ खनिजों की वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला को अपने नियंत्रण में लेता है, तो भारत की स्वतंत्र ऊर्जा और तकनीकी रणनीति पर दबाव बढ़ेगा।

ऐसी स्थिति में भारत को एक सतर्क लेकिन मजबूत कूटनीतिक नीति अपनानी होगी। इसके साथ ही दीर्घकालिक रणनीतिक तैयारी अनिवार्य है। भारत को अपने ऊर्जा स्रोतों में विविधता लानी होगी। सौर, पवन, हाइड्रो और परमाणु ऊर्जा को आक्रामक तरीके से बढ़ावा देना होगा। तेल और गैस के लिए कम से कम 6-12 महीने का रणनीतिक भंडार तैयार करना चाहिए, ताकि वैश्विक संकट के समय भारतीय बाजारों में स्थिरता बनी रहे। दुर्लभ खनिजों के लिए घरेलू प्रोसेसिंग संयंत्रों को बढ़ावा देना चाहिए, ताकि चीन और अमेरिका पर निर्भरता घटे। इसके अलावा रूस, ईरान, ब्राजील, अफ्रीका जैसे साझेदार देशों के साथ दीर्घकालिक ऊर्जा-खनिज आपूर्ति समझौते किए जाने चाहिए। निष्कर्ष के तौर पर यही कहा जा सकता है कि दुनिया के वर्तमान भू-राजनीतिक तनावों के पीछे असली लड़ाई अब परमाणु हथियारों की नहीं, बल्कि ऊर्जा संसाधनों और दुर्लभ खनिजों की है। अमेरिका का यह लालच वैश्विक अर्थव्यवस्था को अस्थिर कर सकता है, जिससे भारत जैसे विकासशील देशों के आर्थिक और तकनीकी विकास मार्ग पर गंभीर असर पड़ सकता है।

## सोशल फोरम

# प्रश्न करने की आदत



भगवान सिंह
वरिष्ठ लेखक

जब हम अपनी अल्पज्ञता की बात करते हैं तो ज्ञान विमुखता की बात नहीं करते। ज्ञान का अपना आनंद होता है, जैसे पर्यटन का होता है। परंतु यदि हमें कहीं पहुंचना होता है तो पर्यटक की तरह भटकते हुए नहीं चलते, न विश्व के भूगोल को याद करते हैं। सबसे सीधा रास्ता और सबसे सुविधाजनक साधन का चुनाव करते हैं। सही समझ के लिए बहुत अधिक ज्ञान की जरूरत नहीं होती, जरूरी ज्ञान और सही प्रश्न की आवश्यकता होती है। सही प्रश्न ही शिलीभूत मान्यताओं को ध्वस्त करने और समाधान बन जाने में सक्षम होता है। जिस सीमित ज्ञान के बल पर मैंने आर्यों, उनके आक्रमण और संस्कृत भाषा और भारतीय सभ्यता के विषय में स्थापित झूठ को ध्वस्त किया था वह वैदिक भाषा, साहित्य, इतिहास और पुरातत्व के आधिकारिक ज्ञान के बल पर संभव नहीं हुआ था, बल्कि उन प्रश्नों की शृंखला के उत्तर तलाशने के क्रम में स्वतः हो गया था। केवल तीन प्रश्न यहां उदाहरण के लिए रखना चाहूंगा। ऋग्वेद में जितनी बार गो का प्रयोग हुआ है, लगभग उतनी ही बार रथों का। फिर ये गो (गाय,बैल आदि) चरवाहों के हैं, या मालवहन करने वालों के? जितनी बार जित (जीतने वाला, पैदा करने वाला) की आवृत्ति है, उससे कई गुना बार भीति, पाहि, त्राहि, अव, रक्ष (डर, प्रारक्षा करो) का आर्तनाद। ये आक्रमणकारी हो सकते हैं या स्वयं लुटेरों और उपद्रवकारियों से आतंकित? यदि संस्कृतभाषी अपनी भाषा और ज्ञान कहीं अन्यत्र से लेकर भारत में किसी रूप में आए थे, जिसका स्तर ग्रीस और रोम के उत्कर्षकाल की भाषाओं और ग्रीक दर्शन से तुलनीय था तो इस स्तर की सभ्यता भारोपीय भूभाग में उनके प्रस्थान लिए कल्पित काल 2000 ईसा पूर्व में कहां थी? फिर वैदिक समाज हड़प्पा सभ्यता का निर्माता हुआ या विनाशक? हमने इन प्रश्नों की ओर आपका ध्यान यह याद दिलाने के लिए आकर्षित किया कि इनमें से कोई प्रश्न ऐसा नहीं, जो अकेले ही पुरानी मान्यताओं को खंडित करने के लिए पर्याप्त न हो। प्रश्न करने की आदत व्यक्ति और समाज को भटकने से बचाती है, वैज्ञानिक बनाती है, और अपनी समस्याओं का समाधान स्वयं करने में समर्थ बनाती है।

**-फेसबुक वॉल से**

# मौत से लड़ते सीवरेज साफ-सफाई कर्मचारी



सुनील कुमार महला
स्तंभकार

आज हम विज्ञान और तकनीक के क्षेत्र में इतनी अधिक प्रगति कर चुके हैं कि पारंपरिक तरीकों से सीवरेज की साफ-सफाई पर पूरी तरह से रोक लगनी चाहिए।

विश्व की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था का तमगा हासिल करने के बाद भी जब हमारे यहां से सीवर की सफाई करते लोगों की मौत की खबरें आती हैं, तो विचलित करतीं हैं। दुखद है कि आए दिन हमें मीडिया की सुर्खियों में सीवर और सेप्टिक टैंक की सफाई के दौरान मजदूरों की मौत के मामले पढ़ने सुनने को मिलते रहते हैं। हमारे देश में सीवरेज की सफाई का काम अक्सर समाज का सबसे कमजोर व गरीब वर्ग करता है, ऐसे में क्या इन वर्गों की चिंता हम सभी को तथा सरकार को नहीं करनी चाहिए, यह प्रश्न अपने आप में एक यक्ष व ज्वलंत प्रश्न है।

जुलाई 2022 में लोकसभा में पेश सरकारी आंकड़ों के अनुसार, पांच सालों में भारत में सीवर और सेप्टिक टैंक की सफाई के दौरान कम से कम 347 लोगों की मौत हुई, जिनमें से 40 प्रतिशत मौतें उत्तर प्रदेश, तमिलनाडु और दिल्ली में हुईं। यदि हम यहां पर सीवर सफाई के दौरान होने वाली मौतों के प्रमुख कारणों की बात करें तो इनमें क्रमशः मैनुअल सीवर सफाई (सीवर और सेप्टिक टैंकों में जहरीली गैसों के कारण),सुरक्षा उपकरणों का अभाव (सीवर की सफाई के दौरान सुरक्षा उपकरणों का उपयोग न करना),लापरवाही (ठेकेदारों और स्थानीय प्रशासन की लापरवाही),सीवर सफाई के दौरान सुरक्षा नियमों का पालन नहीं करना, तथा सीवर सफाई के खतरों के बारे में जागरूकता की कमी हैं। बहरहाल, देश में साल 1993 में पहली बार सीवरों की मैनुअल सफाई और मैला ढोने की प्रथा पर बैन लगाया गया था तथा इसके 20 साल बाद मैनुअल स्कैवेंजिंग एक्ट, 2013 के जरिए इस पर पूरी तरह पाबंदी लगा दी गई थी, लेकिन इसके बाद भी आए दिन सीवर और सेप्टिक टैंक की सफाई के दौरान मजदूरों की मौत के मामले सामने आते रहे हैं।

आज हम एआई चैटबाट (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) के आधुनिक युग में जी रहे हैं। देश के पास चांद तक पहुंचने की तकनीक उपलब्ध है, लेकिन सीवर और सेप्टिक टैंक की सफाई के लिए आज भी मशीनों, तकनीक और सुरक्षा उपकरणों की कमी है। शायद यही वजह है कि मजदूर इन जहरीली गैस वाले टैंकरों में खुद उतरकर सीवरेज की सफाई करते हैं। हैरानी की बात तो यह है कि हमारे देश में आज मैनुअल सीवर की सफाई पर कानूनन प्रतिबंध है। कानून के मुताबिक, अगर मजदूरों को परिस्थितिवश अगर सीवर में उतरना पड़ता है तो उनको 27 दिशा-निर्देशों का पालन करना होता है, लेकिन इन दिशा-निर्देशों पर ज्यादा ध्यान नहीं दिया जाता और मजदूरों को सीधा मौत में उतार दिया जाता है। उपलब्ध जानकारी के अनुसार अगर कोई व्यक्ति या एजेंसी एमएस अधिनियम, 2013 के प्रावधानों का उल्लंघन तो इस उसे अधिनियम की धारा 8 के तहत दो साल तक की कैद या 1 लाख रुपये तक का जुर्माना या दोनों से दंडित किया जा सकता है।

आज हम विज्ञान और तकनीक के क्षेत्र में इतनी अधिक प्रगति कर चुके हैं कि पारंपरिक तरीकों से सीवरेज की साफ-सफाई पर पूरी तरह से रोक लगनी चाहिए। फिर भी यदि किसी कारणवश इन सीवरेज की साफ-सफाई के लिए मजदूरों को इनमें उतरना ही पड़ता है तो सीवर सफाई के लिए सुरक्षा दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित किया जाना बहुत ही जरूरी और आवश्यक है। सीवर में उतरने वाले व्यक्तियों को गैस डिटेक्टर, सुरक्षात्मक कपड़े (जैसे कि दस्ताने, जूते, और सुरक्षात्मक सूट), और श्वसन उपकरण (जैसे कि गैस मास्क या एयर-सप्लाई रेस्पिरेटर) का उपयोग करना चाहिए। उचित प्रशिक्षण तो जरूरी है। सीवर को साफ करने से पहले, उसका अच्छी तरह से निरीक्षण किया जाना चाहिए, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि यह सुरक्षित रूप से साफ किया जा सकता है। जेटिंग मशीन, स्नेकिंग उपकरण (जो सीवर में एक धातु की छड़ डालकर रुकावटों को तोड़ता है), तथा अन्य आधुनिक मशीनों जैसे कि रोबोटिक उपकणों आदि का प्रयोग किया जाना बहुत ही जरूरी है। इसके साथ ही किसी भी सीवर को साफ करने के बाद, उसे ठीक से बंद करना चाहिए। कहना ग़लत नहीं होगा कि सीवर में काम करने वाले व्यक्तियों के स्वास्थ्य और सुरक्षा की रक्षा करना बहुत आवश्यक है। देश की शीर्ष अदालत ने वर्ष 2023 में केंद्र और राज्यों को उचित उपाय करने, नीतियां बनाने और निर्देश जारी करने का निर्देश दिया था, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि मैनुअल सीवर सफाई को चरणबद्ध तरीके से पूरी तरह से समाप्त कर दिया जाए। इतना ही नहीं, उस समय न्यायालय ने कई निर्देश जारी करते हुए केंद्र और राज्य सरकारों से सीवर की सफाई के दौरान मरने वालों के परिजनों को 30 लाख रुपये का मुआवजा देने को भी कहा था। वास्तव में आज जरूरत इस बात की है कि हम सीवर में साफ-सफाई करने उतरे मजदूरों की जोखिम भरी जिंदगी और इस काम में उनके अस्तित्व और गरिमा के सवाल पर चिन्तन-मनन करें और इस दिशा में आवश्यक और जरूरी कदम उठाएं।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- विवेक सक्सेना*** 05278-352045 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharayodhya@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/84450, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।

# भू-माफिया के हौसले बुलंद,सरकारी भूमि पर हो रहे अवैध कब्जे

संवाददाता, बाबागंज, बहराइच

**अमृत विचार।** सीमावर्ती विकास खण्ड नवाबगंज क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न ग्रामपंचायतों में भूमाफियाओं की नजर सरकारी जमीनों को गड़ी हुई है। ऐसे में जिम्मेदारों की अनदेखी कहि जाए या लापरवाही जिसके कारण सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जे की भरमार है। जहाँ तक ग्रामीणांचलों तालाबो व खलिहानों की जमीनों पर नजर जाएगी वहाँ अवैध पक्के मकान जरूर नजर आएंगे। लेकिन नोटो की चमचमाती चमक के आगे यह कब्जे फीके पड़ जाते है। जिससे भूमाफियाओं को अवैध कब्जे करने में सुगमता प्रतीत होती है। कुछ स्थानो पर भूमाफियों ने प्राइवेट स्कूल व मकान तक बना रखा है। लेकिन क्षेत्रीय लेखपाल को वह नजर नही आ रहा है। कुछ स्थानों पर अवैध कब्जे को लेकर विरोध हुआ तो बुलडोजर की कार्यवाही भी हुई लेकिन कुछ दिन बाद ही पुनः भूमाफियाओं ने अपना मकान बनाना शुरू कर दिया। जहाँ एक बार लेखपालों से लेकर उच्चाधिकारियों तक ने जमीन पर सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे को बुल्डोजर से मुक्त करवाया वह अब वैध कैसे हो गया यह क्षेत्र में चर्चा का विषय भी बना हुआ है। लेकिन अब उन जगहों पर सरेआम मकानों के निर्माण भी कराया जा रहा है। तो क्या पहले की बुलडोजर की कार्यवाही को गलत माना जाए या चमचमाती नोटो की हनक मानी जाए। फिलहाल कब्जे हो रहे है। जिम्मेदार सो रहे है। जी हाँ, हम बात कर रहे है ग्रामपंचायत सोरहिया, जमुनहा बाबागंज, चरदा, जैतापुर सहित आस पास के कई ग्रामपंचायतों व गाओ की जहाँ पशुओ की पानी पीने के लिए उमस भरी गर्मी में लाले पड़ रहे है। उन्ही तालाबो में इनदिनों पक्के मकानों की भरमार है। चकमार्गो में भी अतिक्रमण बढता जा रहा है।


तालाब को पाटकर किया जा रहा अवैध कब्जा। अमृत विचार

### अनदेखी

▸▸ तालाबो, चकमार्गो, खलिहानों पर बन रहे पक्के मकान, लेकिन जिम्मेदार है मौन

सूत्रों की माने तो ग्रामीणों के शिकायतों के बावजूद राजस्व कर्मचारी मौके पर जांच करने नहीं पहुंच रहे हैं। गंगापुर, जैतापुर, गणेशपुर, शहजराम पुरवा, भगवानपुर, रामगढ़िया, तकिया, वीरपुर, सुरैहीया, बाबागंज, चरदा और गंगापुर के ग्रामीणों का आरोप है कि लेखपाल क्षेत्र में पैमाइश नहीं कर रहे हैं। इससे चकरोड पर दोनों तरफ से अतिक्रमण हो रहा है। सामाजिक कार्यकर्ता बद्री सिंह के अनुसार राजस्व कर्मियों की लापरवाही से सरकारी जमीनों पर कब्जे बढ़ रहे हैं। रामगढ़ी गांव में एक व्यक्ति की पुश्तैनी जमीन पर लेखपाल रास्ते का दबाव बना रहे हैं। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से मामले की जांच की मांग की है।

### क्या बोले जिम्मेदार

सोरहिया के लेखपाल मनीष कुमार का कहना है कि कुछ स्थानों पर शिकायत मिलने पर कब्जा मुक्त कराया गया है। आगे जैसे जैसे उच्चाधिकारियों के द्वारा आदेश मिलेंगे उचित कार्यवाही होती रहेगी।

## एक नजर

### जिला उद्योग बन्धु की बैठक 30 को

**बहराइच।** उपायुक्त उद्योग, जिला उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन केन्द्र बहराइच ने बताया कि 30 जून 2025 को अपरान्ह 04 :00 बजे से विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में उद्योग बन्धु समिति एवं एम.ओ.यू. से सम्बन्धित बैठक आहूत की गई है। उपायुक्त उद्योग ने जिले के उद्यमियों, व्यापारियों एवं निर्यातकों से अपेक्षा की है कि बैठक में समय से उपस्थित होकर अपनी समस्याओं से समिति को अवगत करायें।

### संदिग्ध हालात में फंदे से लटकता मिला महिला का शव

**पयागपुर, बहराइच।** थाना क्षेत्र अंतर्गत वैनी निवासिनी एक विवाहिता का शव घर के अंदर फंदे से लटकता मिला। विवाहिता की पहचान पूजा(28) पत्नी उमेश के रूप में हुई है। बताया जाता है कि विवाहिता ने घर के अंदर ही फंदे से लटककर अपनी जान दे दी। सूचना पर पहुंचे थानाध्यक्ष करुणाकर पांडेय ने शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुये शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। इसकी वजह का पता अभी तक नही चल सका है।

### वाहन ने बाइक सवारों को रौंदा, दो की मौत, एक घायल

**मटेरा, बहराइच।** बहराइच नानपारा हाईवे पर गुरुवार को तड़के अज्ञात वाहन ने बाइक सवारों को जोरदार टक्कर मार दी। इस घटना में बाइक पर सवार दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना नानपारा थाना क्षेत्र के डिहवा गांव के निकट की है। रुपईडीहा थाना क्षेत्र के अडगोडवा निवासी वसीम अहमद(25) व गुलाम रसूल रूपईडीहा से बाइक पर सवार होकर सुबह 4 बजे के करीब बहराइच के लिए जा रहे थे। उनके साथ बाइक पर सिंधौरा निवासी मुजीब भी बैठा था। जब यह तीनों बाइक सवार कोतवाली नानपारा थाना क्षेत्र के डिहवा पेट्रोल पंप के पास पहुंचे। अचानक सामने से आ रहे तेज वाहन ने टक्कर मार दी। तीनों बाइक सवार सड़क पर गिर गए। इस दुर्घटना में वसीम अहमद और गुलाम रसूल की मौके पर मौत हो गई है। जबकि तीसरा बाइक सवार मुजीब गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के दौरान बाइक के परखच्चे उड़ गए। वाहन चालक घटना के बाद फरार हो गया। आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे। इसकी सूचना नानपारा पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मृतक दोनों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक वसीम के पिता की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। वाहन चालक की तलाश की जा रही है।

# पुलिस से मुठभेड़ में दुष्कर्म का आरोपी घायल, दबोचा गया

## पैर में लगी गोली, नेपाल भागने की फिराक में था

▸▸ रुपईडीहा पुलिस और क्राइम ब्रांच की स्वाट टीम ने पचपकड़ी गांव के पास की घेराबंदी

संवाददाता, रुपईडीहा, बहराइच

**अमृत विचार।** किशोरी के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम देने वाले आरोपी को रुपईडीहा पुलिस और क्राइम ब्रांच की स्वाट टीम ने बुधवार की रात मुठभेड़ में उसे उस समय गिरफ्तार कर लिया जब वह नेपाल भागने की फिराक में था। मुठभेड़ के दौरान आरोपी के पैर में गोली लगी है। घटना बीती रात करीब 2:00 बजे की है। पुलिस ने घायल आरोपी को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है।

पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दुर्गा प्रसाद तिवारी ने बताया कि बढ़ेया कला अड़गोड़वा के रहने वाले अजमेर (22) पुत्र गुलाम वारिस ने पड़ोस की रहने वाली 13 वर्षीय बालिका के साथ दुष्कर्म किया था। जिस पर पीड़िता के पिता ने रूपईडीहा थाने में नामजद तहरीर दी थी। पुलिस ने अजमेर पुत्र गुलाम वारिस के खिलाफ पास्को एक्ट के अंतर्गत रिपोर्ट दर्ज की थी। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए क्राइम ब्रांच की स्वाट टीम और रूपईडीहा पुलिस की टीम के द्वारा संयुक्त रूप से आरोपी की तलाश की जा रही थी। मुखबिर ने रुपईडीहा पुलिस को जानकारी दी कि दुष्कर्म का आरोपी नेपाल भागने के फिराक में है तभी पुलिस ने नेपाल जाने वाले मार्ग पर पचपकड़ी गांव के पास घेराबंदी की। पुलिस से घिरा देख दुष्कर्म के आरोपी ने देसी तमंचे से फायर कर दिया। पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी फायर किया जिसमें उसके दाहिने पैर में गोली लगी और वह घायल होकर गिर गया। पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया। बाद में प्राथमिक इलाज के लिए उसे अस्पताल भेजा गया। उसके पास से एक तमंचा और कारतूस बरामद किया गया है। मौके पर पुलिस क्षेत्राधिकारी नानपारा प्रद्युम्न सिंह, प्रभारी निरीक्षक रूपईडीहा रमेश रावत, मुख्य आरक्षी आजाद सिंह, आरक्षी हेमंत वर्मा सहित स्वाट टीम के अधिकारी मौजूद रहे।


पुलिस टीम के साथ मुठभेड़ में घायल आरोपी। अमृत विचार

### पुलिस ने पास्को एक्ट के आरोपी को किया गिरफ्तार

**बहराइच।** थाना रामगांव पुलिस ने फरार चल रहे पास्को एक्ट के आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थानाध्यक्ष राम गांव राजकुमार पांडेय ने बताया कि कुछ दिन पहले थाना क्षेत्र के एक गांव से श्याम दासपुर थाना महमूदाबाद जनपद सीतापुर निवासी रोहित कुमार पुत्र ईश्वरी लाल नाबालिग बालिका को बहला फुसला कर भगा ले गया था और उसके साथ शादी कर पति-पत्नी की तरह रहने लगा। इस संबंध में बालिका के पिता ने रोहित कुमार के खिलाफ नाबालिग बालिका को भगाने, दुष्कर्म व पास्को एक्ट के अंतर्गत रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उस मामले में पुलिस रोहित कुमार की तलाश कर रही थी। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर आरोपी की गिरफ्तारी के लिए थानाध्यक्ष के नेतृत्व में टीम गठित की गई थी जिसमें उप निरीक्षक उमाशंकर त्रिपाठी तथा हेड कांस्टेबल ओमनाथ पटेल शामिल थे। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने आरोपी को गोविंदपुर तिराहे से गुरुवार की सुबह गिरफ्तार कर लिया गया।

## इंटीग्रेटेड चेकपोस्ट रुपईडीहा में भारत-नेपाल सीमा सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न

रुपईडीहा बहराइच

अमृत विचार। भारत-नेपाल सीमा पर स्थित एकीकृत जांच चौकी (आई सी पी) रुपईडीहा में बृहस्पतिवार को भारत-नेपाल सीमा सुरक्षा समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य दोनों देशों के बीच सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति, सुरक्षा, अपराध नियंत्रण,मादक पदार्थों सहित अन्य तस्करी और समन्वय को मजबूत करना था।

बैठक में मित्र राष्ट्र नेपाली जिला बर्दिया के जिलाधिकारी सुरेंद्र पौडेल, नेपाली पुलिस के डीएसपी चक्र डम्बर पाल, आर्म्ड पुलिस फोर्स के एसपी मान बहादुर शाही, बांके जिले के जिलाधिकारी धर्मराज जोशी, एसपी राम प्रसाद घर्ती व ए पी एफ के एसपी शोभाकांत खनाल, तथा भारत की तरफ से बहराइच की जिलाधिकारी मोनिका रानी, पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक दुर्गा प्रसाद तिवारी,उपजिलाधिकारी नानपारा लालधर यादव,पुलिस क्षेत्राधिकारी नानपारा प्रद्युम्न सिंह, क्षेत्राधिकारी मिहींपुरवा हर्षिता तिवारी, एसएसबी 42वी वाहिनी के कमांडेंट गंगा सिंह उदावत सहित अनेकों अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में सीमावर्ती क्षेत्रों में सक्रिय अपराधियों, मानव तस्करी, नशीले पदार्थों की तस्करी तथा सीमा पर होने वाली अन्य आपराधिक गतिविधियों को रोकने के लिए ठोस रणनीति पर चर्चा की गई। दोनों देशों के अधिकारियों ने सीमावर्ती थाना स्तर पर निरंतर संवाद बनाए रखने, संयुक्त गश्त बढ़ाने, खुफिया सूचना साझा करने और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए मिलकर काम करने पर सहमति जताई। बैठक में यह भी तय किया गया कि दोनों देशों की सुरक्षा एजेंसियां समय-समय पर संयुक्त समीक्षा बैठक करेंगी, ताकि सीमा पार से होने वाले अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके। इस अवसर पर एसएसबी कमांडेंट गंगा सिंह रावत ने सीमा सुरक्षा के तकनीकी पक्षों को विस्तार से प्रस्तुत किया, वहीं जिलाधिकारी मोनिका रानी ने द्विपक्षीय सहयोग और समन्वय को और सशक्त बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। बैठक सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुई और दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के सहयोग की सराहना की।वैसे दोनों देशों की तरफ से इस तरह की बैठके प्रत्येक तीसरे माह होती रहतो है लेकिन इन बैठकों का धरातल पर कोई असर देखने को नहीं मिलता।

### जिला कृषि अधिकारी के कार्यालय में स्थापित हुआ कन्ट्रोल रूम

**बहराइच।** जनपद में कृषकों को सुगमतापूर्वक तथा गुणवत्तायुक्त उर्वरक निर्धारित दरों पर उपलब्ध कराने के लिए जिलाधिकारी मोनिका रानी के निर्देश पर जिला कृषि अधिकारी कार्यालय मे कन्ट्रोल रूम की स्थापना की गई है। इसकी जानकारी देते हुए जिला कृषि अधिकारी डॉ. सूबेदार यादव ने बताया कि उर्वरक प्राप्त करने में किसी भी प्रकार की कोई समस्या होने पर किसान बन्धु कन्ट्रोल रूम के मो.न. 7839882245, 9839701048 व 8423270566 पर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं जहां से किसानों की समस्या का यथोचित समाधान तत्काल किया जायेगा। कन्ट्रोल रूम प्रत्येक कार्य दिवस मे प्रातः 10 :00 बजे से सायं 05 :00 बजे तक किसानों की समस्याएं सुनी जाएगी।

## सार-संक्षेप

### राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता को लेकर की बैठक

**बहराइच, अमृत विचार।** आगामी 13 सितम्बर 2025 को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत का अधिकाधिक लाभ आमजन को दिलाये जाने के उद्देश्य से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बहराइच के अध्यक्ष/जनपद न्यायाधीश सतेन्द्र कुमार के निर्देश पर सिविल कोर्ट सभागार में अपर जिला जज/नोडल अधिकारी, लोक अदालत बहराइच अरबिंद कुमार गौतम व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव/अपर जिला जज विराट शिरोमणि की उपस्थिति में बैठक सम्पन्न हुई जिसमें लीड बैंक प्रबन्धक जितेन्द्र कुमार मसन्द तथा विभिन्न बैंकों के शाखा प्रबन्धक मौजूद रहे।नोडल अधिकारी श्री गौतम द्वारा समस्त शाखा प्रबन्धकों को निर्देशित किया गया कि अधिकाधिक संख्या में बैंक वसूली मामलों को चिन्हित कर उनका निस्तारण आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में किया जाये। साथ ही समस्त शाखा प्रबन्धकों से पिछले राष्ट्रीय लोक अदालत से अधिक संख्या में बैंक वसूली मामलों का निस्तारण इस राष्ट्रीय लोक अदालत में किये जाने की अपेक्षा की गयी। बैंक वसूली मामलों में निर्देश दिया गया कि कम से कम दो बार नोटिसे जारी की जाये। श्री गौतम ने सचिव श्री शिरोमणि को निर्देशित किया कि बैंक द्वारा जारी नोटिसों का तामीला कराकर राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिकाधिक संख्या में बैंक वसूली मामलों का निस्तारण कर सफल बनाये। बैठक में राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाये जाने के सम्बन्ध में बैंक प्रबन्धकों से सुझाव भी प्राप्त किये गये।

### जिला कारागार व पुलिस लाइन में लगा जागरूकता शिविर

**बहराइच, अमृत विचार।** नशीली दवाओं के दुरूपयोग और अवैध तस्करी के विरूद्ध अन्तर्राष्ट्रीय दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष/जनपद न्यायाधीश सतेन्द्र कुमार के निर्देश पर जिला कारागार में आयोजित जागरूकता शिविर में जिला कारागार में निरूद्ध बंदियों को नशीली दवाओं व अन्य नशा का सेवन न किये जाने के लिए शपथ दिलायी गयी। उल्लेखनीय है कि वर्ष 1987 में संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा 26 जून को नशीली दवाओं के दुरूपयोग और अवैध तस्करी के विरूद्ध अन्तर्राष्ट्रीय दिवस मनाये जाने का निर्णय लिया गया था। वर्ष 2025 के लिए संयुक्त राष्ट्र द्वारा 'बाधाओं को तोड़ना, सभी के लिए रोकथाम, उपचार और पुर्नप्राप्ति' की थीम निर्धारित की गई है। इसकी जानकारी देते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव/पंचम अपर जनपद न्यायाधीश विराट शिरोमणि ने बताया कि इस दिवस का मुख्य उद्देश्य नशीली दवाओं के उपयोग से होने वाली हानियों से आमजन को जागरूक करना, ड्रग्स तस्करी के वैश्विक नेटवर्क के विरूद्ध कार्यवाही में सहयोग के लिए प्रेरित करना, युवाओं और बच्चों को नशे की लत से दूर रखना तथा नशा मुक्ति और पुनर्वास केन्द्रों के लिए समर्थन जुटाना है। श्री शिरोमणि ने बताया कि इसके अतिरिक्त पुलिस लाईन में आयोजित जागरूकता शिविर में प्रशिक्षु आरक्षियों को नशे की रोकथाम की शपथ भी दिलाई गई।

### पयागपुर पहुंचे जनता दल सेक्युलर के प्रदेश अध्यक्ष

**पयागपुर, बहराइच, अमृत विचार।** एनडीए की सहयोगी पार्टी जनता दल एस के प्रदेश अध्यक्ष ओंकार सिंह ने भूपगंज बाजार में आयोजित एक कार्यक्रम में अपने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए संगठन को मजबूत करने की अपील की। उन्होंने कहा कि 2027 में विधान सभा चुनावों में प्रत्येक मंडल में एक सीट पर एनडीए के साथ मिलकर चुनाव लड़ेंगे। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि देश मे फिर से आपातकाल की पुनरावृत्ति न हो इसलिए लोकतंत्र की रक्षा के लिए युवाओं को आगे आना चाहिए। प्रदेश में कानून व्यवस्था में और सुधार की आवश्यकता है। पार्टी किसानों, मजदूरों के अधिकारों के लिए सदैव लड़ाई लड़ने के लिए तैयार हैं। हम भाजपा के साथ है। लेकिन हमारी नीतियां और सिद्धांत अलग हैं। उन्होंने आपातकाल की चर्चा करते हुए कहा कि कांग्रेस लोकतंत्र खत्म कर तानाशाही व्यवस्था लागू करना चाहती थी। लेकिन लोक नायक जयप्रकाश ने लाठियां खाकर जेल में रहने का रास्ता चुना लेकिन तमाम जुल्मों के बाद भी झुके नहीं। इस त्याग से प्रेरणा लेकर लाखों नौजवानों ने जेल भरो आंदोलन चलाया और तानाशाही कांग्रेस सरकार को उखाड़ फेंका। उन्होंने कांग्रेस और सपा को लोकतंत्र का हत्यारा बताया। मंडल उपाध्यक्ष हेमराज सिंह ने भी संबोधित किया। इस दौरान रियाजुद्दीन, जिलाध्यक्ष राम बहादुर सिंह, अशोक पाठक तमाम पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### डीएम की अध्यक्षता में हुई जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक


कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक करतीं जिलाधिकारी मोनिका रानी।

**बहराइच,अमृत विचार।** बुधवार की देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति के शासी निकाय की बैठक हुई। इस दौरान जनपद में 01 से 31 जुलाई तक संचालित होने वाले संचारी रोग नियंत्रण अभियान की तैयारियों की समीक्षा की गई। डीएम ने स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिया कि समय रहते ग्राम पंचायतों व नगर निकायों को एन्टी लार्वा केमिकल उपलब्ध करा दें। डीएम ने ग्राम पंचायतों व नगर निकायों को निर्देश दिया कि शहरी व नगरीय क्षेत्रों में नालियों की साफ-सफाई तथा झाड़-झंखाड़ की कटाई तथा अन्य नियन्त्रण के उपाय के साथ-साथ जलाशयों एवं तालाबों से हाईसिन्स के पौधों की सफाई कराई जाए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, सीएमओ डा संजय कुमार, सीएमएस डॉ एम.एम. पाण्डेय, बीएसए आशीष कुमार सिंह, डीएचईआईओ बृजेश सिंह, डीपीएम सरजू खान, सम्बन्धित एमओआईसी व अन्य सम्बन्धित अधिकारी मौजूद रहे।

### बिजली आपूर्ति रहेगी बाधित, उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील

**नानपारा (बहराइच)।** 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र नानपारा से पोषित 11 केवी मिहींपुरवा फीडर के उपभोक्ताओं को सूचित किया गया है कि 27 जून 2025 (शुक्रवार) को फीडर की विद्युत लाइन के सुदृढ़ीकरण का कार्य किया जाएगा। इस कार्य के कारण मिहींपुरवा फीडर से जुड़ी विद्युत आपूर्ति प्रातः 9 :30 बजे से सायं 5 :00 बजे तक पूर्णतः बाधित रहेगी। इसके अतिरिक्त, मटेरा, एसएसबी कैंप व सहाबा/बाबागंज को जोड़ने वाली 33 केवी विद्युत लाइन भी इसी दिन दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक आंशिक रूप से बाधित रहेगी। विद्युत विभाग ने उपभोक्ताओं से सहयोग की अपेक्षा जताई है और असुविधा के लिए खेद प्रकट किया है।यह सूचना विद्युत वितरण उपखंड नानपारा के उपखंड अधिकारी द्वारा प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से जारी की गई है।

## सिलौटा, तपेसिपाह व बौण्डी में हुआ बाढ़ से बचाव व राहत कार्यों का मेगा मॉकड्रिल

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार।** बाढ़ से पूर्व प्रभावित क्षेत्रों में बचाव व राहत कार्यों को प्रभावी ढंग से संचालित किये जाने के उद्देश्य से तहसील महसी के ग्राम बौंडी स्थित सिलौटा के रामघाट पर मुख्य राजस्व अधिकारी देवेन्द्र पाल सिंह, तहसील कैसरगंज के ग्राम तप्पेसिपाह स्थित घाघराघाट पर अति. मजिस्ट्रेट प्रथम राम दयाल तथा तहसील नानपारा के ग्राम बौण्डी में उप जिलाधिकारी मिहींपुरवा (मोतीपुर) प्रकाश सिंह के नेतृत्व में मेगा मॉक ड्रिल का आयोजन कर तैयारियों को परखा गया।


माकड्रिल करते एनडीआरएफ के जवान।

ग्राम सिलौटा में आयोजित मॉक ड्रिल की पटकथा के अनुसार घटना स्थल सिलौटा रामघाट पर घाघरा नदी में एक नाव पलट जाने का दृश्य दर्शाया गया। नाव में सवार सभी लोगों के डूबने और खुद को बचाने की पुकार सुनकर पलक झपकते ही निरीक्षक दीपक मण्डल के नेतृत्व में एन.डी.आर.एफ. 11वीं बटालियन के जवान मोटरबोट पर सवार होकर नदी के बीच पहुंच गये और लाइफब्वाय को पानी में फेंककर डूबते हुए लोगों को मोटरबोट में सवार कर उन्हें सुरक्षित नदी के किनारे लेकर आये।

नदी से रेस्क्यू किये गये लोगों को तत्काल स्ट्रेचर पर लेटा कर मेडिकल कैम्प में लाया गया जहां चिकित्सकों की टीम द्वारा बचाये गये लोगों की जांच व प्राथमिक उपचार कर उन्हें स्ट्रेचर के सहारे ही पास खड़ी एम्बुलेन्स पर सवार कराया। जीवनरक्षक उपकरणों से सुसज्जित एम्बुलेन्स पर मौजूद चिकित्सकों ने भी तत्काल पीड़ित व्यक्तियों को साथ लेकर चिकित्सालय की ओर रवाना हो गये। रामघाट पर मुख्य राजस्व अधिकारी/इन्सीडेन्ट कमाण्डर व प्लानिंग सेक्शन चीफ देवेन्द्र पाल सिंह के नेतृत्व में सम्पन्न माकड्रिल काफी जीवन्त था। कि नदी के आस-पास मौजूद ग्रामीण इसे वास्तविक घटना समझ रहे थे। मॉकड्रिल के दौरान पशुओं के रेस्क्यू का भी रिहर्सल किया गया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ संजय कुमार, जिला विकास अधिकारी राजकुमार, डीपीआरओ सर्वेश कुमार कमाण्डेन्ट ताज रसूल, थानाध्यक्ष तथा अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।


## वर्ग पहेली-14

**बाएं से दाएं**

2. 1. अवनति,गिरावट 2. क्षय 3. अपमान 4. अपयश 5. हीनता।
4. 1. दैनिक जीवन की परेशानियां 2. व्यर्थ के झगड़े 3. झंझट या बखेड़ा 4. इधर-उधर फैला हुआ कबाड़ या कूड़ा-करकट।
6. 1. घड़ा 2. अंधविश्वास के कारण प्रेतक्रिया में पीपल से लटकाया जाने वाला घड़ा।
7. 1. समाप्त न होना, कम न पड़ना 2. लड़खड़ाना।
8. 1. निशाना लगाने का कार्य या कौशल 2. निशाना लगाने का अभ्यास।

**ऊपर से नीचे**

1. चैत्र के बाद पड़ने वाला माह।
3. परिगणन, अनुसूची, (शेड्यूल)।
5. वह स्थान या गृह जहां नाटक का मंचन किया जाता है, नाट्यशाला।
7. आकाश में सहसा क्षण भर के लिए दिखाई देने वाला वह प्रकाश जो बादलों में वातावरण की विद्युत शक्ति के संचार के कारण होता है, विद्युत, तड़ित, जोखना




### वर्ग पहेली -13 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 भो | | | 2 च | | |
| | ज | | 3 छ | पा | का | |
| | 4 क | चो | ट | ना | | |
| | | | क | | 5 शा | ना |
| | 6 सा | 7 नु | ना | सि | क | |
| | | जू | | | भा | |
| 8 कॉ | ल | म | | | जी | |

## सुडोकू -21

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 4 | | 6 | | 8 | | 5 |
| | | 8 | | 7 | 1 | 2 | 4 | |
| | 9 | | | 2 | | | 3 | |
| 9 | | | 7 | | | | | 6 |
| | | 3 | | | | 1 | | |
| 5 | | | | | 8 | | | 2 |
| | 6 | | | 4 | | | 8 | |
| | 2 | 1 | 9 | 8 | | 7 | | |
| 8 | | 7 | | 3 | | 9 | | |

### सुडोकू - 20 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 1 | 6 | 3 | 7 | 8 | 4 | 2 |
| 2 | 8 | 4 | 1 | 9 | 5 | 3 | 6 | 7 |
| 3 | 7 | 6 | 4 | 2 | 8 | 1 | 9 | 5 |
| 4 | 6 | 9 | 2 | 1 | 3 | 7 | 5 | 8 |
| 8 | 1 | 5 | 9 | 7 | 6 | 4 | 2 | 3 |
| 7 | 3 | 2 | 5 | 8 | 4 | 6 | 1 | 9 |
| 6 | 4 | 7 | 8 | 5 | 2 | 9 | 3 | 1 |
| 9 | 2 | 3 | 7 | 4 | 1 | 5 | 8 | 6 |
| 1 | 5 | 8 | 3 | 6 | 9 | 2 | 7 | 4 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 27 जून, शुक्रवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-आषाढ़, पक्ष-शुक्ल पक्ष, द्वितीया-11.19 तक तत्पश्चात तृतीया।

### आज का पंचांग




दिशाशूल- पश्चिम ऋतु- ग्रीष्म।
चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुम्भ।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-पुनर्वसु 07 .22 तक तत्पश्चात पुष्य।

**मेष** — आज अपने व्यवहार को लेकर लोगों के बीच आपका सम्मान बढ़ेगा। आप नया व्यवसाय शुरू कर सकते हैं। गले में इन्फेक्शन और जुकाम की समस्या हो सकती है। किसी दीर्घकालिक लक्ष्य को लेकर आप योजना बना सकते हैं। किसी को बिना मांगे राय न दें।

**वृष** — आज आपकी सेहत बहुत ही अच्छी रहेगी। कारोबार में आपको अपेक्षाकृत लाभ प्राप्त होगा। आप काफी ज्यादा व्यस्त रहेंगे। उलझे हुए मामलों को आप सुलझाने का प्रयास करें। जीवनसाथी की सलाह आपके काफी काम आने वाली है। अचानक धन लाभ हो सकता है।

**मिथुन** — आज परिवार में प्रसन्नता का वातावरण रहेगा। आर्थिक मामलों में लापरवाही न करें। आपके आत्मविश्वास में कमी आ सकती है। तनाव आपके ऊपर हावी हो सकता है। धन उधार देने से आपको बचना चाहिए। पेट खराब होने की सम्भावना है।

**कर्क** — आज पति-पत्नी के मध्य आपसी सामंजस्य बहुत अच्छा रहेगा। रक्तचाप की समस्या से निजात मिल सकती है। नया कारोबार शुरू करने के योग बन रहे हैं। नई संपत्ति खरीद सकते हैं। सभी काम समय पर पूरा कर लेंगे। पुराने मित्रों से अपेक्षित मदद मिलेगी।

**सिंह** — आज मानसिक अशांति के कारण एकाग्रता में कमी हो सकती है। एक साथ कई काम करने पड़ेंगे। बच्चों के ऊपर गर्व की अनुभूति होगी। दोस्तों पर आंख-मूंदकर विश्वास न करें। आपका फोन खराब हो सकता है। नींद पर्याप्त मात्रा में अवश्य लें।

**कन्या** — आज दांपत्य जीवन काफी रोमान्टिक रहेगा। आपको नयी जिम्मेदारियां मिल सकती है। जोखिम भरे निवेश लाभकारी सिद्ध हो सकते हैं। साझेदारी वाले व्यवसाय में विशेष उन्नति की संभावना बन रही है। युवाओं को प्रेम प्रस्ताव मिल सकते हैं।

**तुला** — आज आपको सहकर्मियों से मदद मिल सकती है। आज बहुत सारा समय आत्ममंथन में व्यतीत होगा। सोशल मीडिया में आप महत्वपूर्ण मुद्दों की चर्चा में सम्मिलित हो सकते हैं। व्यापार में कुछ कमी महसूस होगी। दाम्पत्य सम्बन्धों में निकटता बढ़ेगी।

**वृश्चिक** — आज अपनी आवश्यकताओं से अधिक धन खर्च न करें। आपके भीतर नई ऊर्जा का संचार होगा। कड़ी मेहनत के बाद ही सफलता मिलेगी। अजनबियों से अपने मन की बातें शेयर न करें। गृहकार्यों में पूरा ध्यान नहीं दे पायेंगे। भविष्य को लेकर योजना बना सकते हैं।

**धनु** — आज धैर्य में कमी होने के कारण महत्वपूर्ण अवसरों को खो सकते हैं। अपनी वाणी में नियंत्रण रखने की आवश्यकता है। अप्रिय कार्यों में आप रुचि ले सकते हैं। बच्चों की परवरिश पर ध्यान अवश्य दें। ऑनलाइन पेमेन्ट आदि के दौरान विशेष सावधानी रखें।

**मकर** — आज नई वस्तुओं को खरीद सकते हैं। पुराने ऋणों को चुकाने के लिए दिन बहुत अच्छा है। घर के अनुभवी सदस्यों से राय अवश्य लें। व्यापारियों के लिए दिन बहुत ही अच्छा है। अपने उत्पादों की गुणवत्ता पर ध्यान दें। प्रेम संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी।

**कुंभ** — आज समाज में आपको मान-सम्मान की चिंता रहेगी। विद्युतीय उपकरणों में खराबी आ सकती है। वरिष्ठ अधिकारियों से बहसबाजी न करें। नई व्यापारिक साझेदारी होने के योग बन रहे हैं। राजनीति से जुड़े लोगों को सावधानी पूर्वक बयानबाजी करनी चाहिए।

**मीन** — आज आपकी कार्यक्षमता में वृद्धि होगी। तकनीकी विषयों के अध्ययन में आप रुचि ले सकते हैं। पारिवारिक सदस्यों के साथ हंसी-मजाक भरा समय बितायेंगे। मानसिक तनाव और भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। पाचन संबंधी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

# सराफा डकैती कांडः एसटीएफ सीओ ने दर्ज कराया बयान

## कोतवाली देहात के मिश्रपुर पुरैना के पास एसटीएफ की टीम पर हुई फायरिंग से जुड़ा मामला

**अदालत से**

विधि संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** बहुचर्चित सर्राफा डकैती कांड के आरोपी मंगेश यादव और उसके साथी द्वारा एसटीएफ टीम पर फायरिंग के मामले में दाखिल फाइनल रिपोर्ट पर गुरुवार को सुनवाई हुई। एसटीएफ के तत्कालीन सीओ डीके शाही एसीजेएम प्रथम शुभम वर्मा की अदालत में उपस्थित होकर अपना बयान दर्ज कराया। उनके वकील रणशेर सिंह ने बताया उन्होंने रिपोर्ट पर कोई आपत्ति न जताते हुए मुकदमा समाप्त करने की मांग की। कोर्ट ने मामले की सुनवाई कर आदेश सुरक्षित रखा है।

उल्लेखनीय है कि बीते 28 अगस्त को चौक स्थित सराफा व्यवसायी भरत जी सोनी की दुकान में हथियारबंद बदमाशों ने करोड़ों के जेवर लूटे थे। जांच में सामने आया कि जौनपुर निवासी मंगेश यादव और उसका साथी जेवरात लेकर फरार थे। 5 सितंबर 2024 को मिश्रपुर पुरैना के पास एसटीएफ ने जब उन्हें घेरने की कोशिश की, तो उन्होंने पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में मंगेश यादव की मौत हो गई थी। मामले में पुलिस ने मंगेश और उसके साथी के खिलाफ केस दर्ज किया था, लेकिन साथी का सुराग न लगने और मंगेश की मौत के चलते अदालत में फाइनल रिपोर्ट दाखिल की गई थी।



दीवानी न्यायालय में अपने तख्तों पर कामकाज करते अधिवक्तागण। अमृत विचार

### पूर्व विधायक अनूप संडा के मामले में दरोगा तलब

**संवाददाता, सुलतानपुर :** खराब विद्युत व्यवस्था के खिलाफ ख्वाजा कांप्लेक्स के सामने हाईवे जाम कर प्रदर्शन करने के मामले में आरोपी पूर्व विधायक अनूप संडा समेत अन्य के मामले में गुरुवार को विशेष कोर्ट एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा की अदालत अभियोजन गवाह न आने के कारण सुनवाई टल गई। कोर्ट ने जरिए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग तत्कालीन दरोगा स्वयंबर सिंह को 14 जुलाई को तलब किया है। खराब विद्युत व्यवस्था के खिलाफ सपाइयों ने दो सितंबर 2008 को शहर के ख्वाजा कांप्लेक्स के सामने हाईवे जाम कर प्रदर्शन किया था। पुलिस ने इसी मामले में पूर्व विधायक अनूप संडा, उनके सहयोगी और अब राज्यसभा सांसद संजय सिंह, पूर्व सपा जिलाध्यक्ष रघुवीर यादव, रवींद्र तिवारी, रिजवान व सबलू समेत 34 आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी।

### कटका कांड के आरोपी को हाईकोर्ट से मिली जमानत

**संवाददाता, सुलतानपुर :** वर्ष 2018 में गोसाईगंज क्षेत्र के कटका बाजार निवासी व्यवसायी राकेश अग्रहरि के दो बच्चों के अपहरण और एक की हत्या के चर्चित मामले में आरोपी सूरज बहेलिया को हाईकोर्ट से जमानत मिल गई है। बचाव पक्ष के अधिवक्ता अरविंद सिंह राजा ने बताया कि 23 दिसंबर 2022 को तत्कालीन जिला जज जय प्रकाश पांडेय ने मामले में चारों दोषियों रघुवर यादव, शिवपूजन राय, रुद्रेश भारद्वाज और सूरज बहेलिया को उम्रकैद तथा कुल 56 लाख रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई थी। अभियुक्तों ने 50 लाख रुपये की फिरौती के लिए 20 दिसंबर 2018 को दो बच्चों श्रेयांश व दिव्यांश का अपहरण किया था, जिसमें से एक मासूम श्रेयांश की हत्या कर दी गई थी। यह मामला जनपद में काफी सनसनीखेज रहा था।

### जानलेवा हमले के मामले में आरोपियों की अग्रिम जमानत अर्जी खारिज

**संवाददाता, सुलतानपुर :** प्रभारी सत्र न्यायाधीश संतोष कुमार की अदालत ने ग्राम चोरमा थाना जयसिंहपुर निवासी अमर बहादुर व रणविजय सिंह द्वारा दाखिल अग्रिम जमानत प्रार्थना पत्र को खारिज कर दिया है। दोनों आरोपियों पर वादी महेन्द्र गुप्ता के पिता श्यामलाल को लाठी-डंडों से मारकर गंभीर रूप से घायल करने का आरोप है। डीजीसी क्रिमिनल रामअचल मिश्र के मुताबिक घटना 16 मई 2025 की है, जब दोनों आरोपी अपने एक अन्य साथी के साथ दो मोटरसाइकिलों से पहुंचे और श्यामलाल को गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की नीयत से हमला किया। चिकित्सा रिपोर्ट के अनुसार पीड़ित के शरीर पर छह गंभीर चोटें पाई गईं।

### संदीप यादव हत्याकांड में बहस जारी

पूर्व प्रधान के बेटे संदीप यादव की हत्या के मामले में गुरुवार को बचाव पक्ष ने बहस की परंतु बहस पूरी न होने के कारण सुनवाई के लिए 27 जून की तारीख तय की गई है। मामला एडीजे प्रथम की अदालत संतोष कुमार की अदालत में विचाराधीन है। एडीजीसी वेद प्रकाश के मुताबिक अमेठी जिले के पीपरपुर के परसूपुर रामपुर निवासी पूर्व प्रधान दशरथ यादव ने 23 अगस्त 2014 को अपने बेटे संदीप यादव की गला काटकर हत्या किए जाने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया था जिसमें उन्होंने गांव निवासी बृजेश सिंह, उनके भाई उमेश सिंह, सह आरोपी दिनेश सिंह, रिश्तेदार संतोष सिंह निवासी भारामल का पुरवा एवं आरोपी सूरज सिंह निवासी असरवन के खिलाफ हत्या समेत अन्य आरोप में मुकदमा दर्ज कराया था।

### इमरान हत्याकांडः अभियोजन गवाह से जिरह जारी

मुसाफिरखाना थाना क्षेत्र के औरंगाबाद में चार साल पूर्व इमरान हत्याकांड में गुरुवार को अभियोजन के पांचवे गवाह मंसूर की गवाही अपर सत्र न्यायाधीश संतोष कुमार की अदालत में दर्ज की गई। बचाव पक्ष के वकील सुरेश तिवारी ने गवाह से जिरह की। जिरह पूरी न होने के कारण कोर्ट ने शेष जिरह के लिए 30 जून की तारीख तय की है। अभियोजन के मुताबिक 25 अप्रेल 2021 की घटना में वादी अमीर उल्ला ने आरोपियों मोईन, मोतीन, मोजीब, मोहम्मद कमर, सुहेल आदि के खिलाफ केस दर्ज कराया था।

### दहेज हत्या के मामले में बहस जारी

कुड़वार थाना क्षेत्र के पहड़ौली मिठनेपुर बेला पश्चिम गांव में पांच साल पूर्व हुई विवाहिता सुमित्रा की दहेज हत्या के मामले में न्यायाधीश राकेश पांडेय की अदालत में गुरुवार को सुनवाई टल गई। बचाव पक्ष के वकील संतोष पांडेय ने बहस के लिए मौके की मांग की जिस पर कोर्ट ने शेष बहस की सुनवाई के लिए चार जुलाई की तारीख नियत की है। अमेठी जनपद के मुसाफिरखाना थाना क्षेत्र के उतरपाती कस्थुनी पूरब निवासी सोमराज ने अपनी पुत्री सुमित्रा की शादी कुड़वार क्षेत्र के ज्ञानेंद्र पुत्र रामकेवल से की थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल वाले दहेज की मांग को लेकर सुमित्रा को प्रताड़ित करते थे। 29 जून 2020 को सुमित्रा की गला दबाकर हत्या कर दी गई। पीड़िता के पिता की तहरीर पर पुलिस ने पति ज्ञानेंद्र, ससुर रामकेवल, सास फूलमती और देवर वीरेंद्र के खिलाफ मामला दर्ज कर चार्जशीट दाखिल की थी।

### डॉक्टर हत्याकांड में दरोगा तलब

शहर के शास्त्री नगर मोहल्ले में बीते साल संविदा चिकित्सक घनश्याम तिवारी हत्याकांड में अपर सेशन जज संतोष कुमार की कोर्ट में गुरुवार को दरोगा व दूसरे विवेचक पूर्व नगर कोतवाल श्रीराम पांडेय गवाही देने कोर्ट में हाजिर नही हुए। वादी के वकील संतोष पांडेय ने बताया कोर्ट ने पूर्व नगर कोतवाल श्रीराम पांडेय को गवाही के लिए दो जुलाई को तलब किया है। 23 सितंबर 2023 की शाम हुए हत्याकांड के मुख्य आरोपी अजय नारायण सिंह, उसके पिता जगदीश नारायण सिंह और ड्राइवर दीपक सिंह पर कोर्ट ने सामान्य आशय से हत्या, आपराधिक षड्यंत्र और दहशत फैलाने के आरोपों में मुकदमा चलाने के लिए आरोप तय किए थे जिनका ट्रायल जारी है। इसी मामले में एक आरोपी विजय नारायण सिंह की हत्या हो चुकी है वहीं आरोपी जगदीश नारायण की मृत्यु हो चुकी है। जिससे दोनो पर मुकदमा समाप्त हो गया है।

# कम छात्र संख्या वाले 73 स्कूलों की पेयरिंग

▸▸ जिले में 444 विद्यालयों की होनी है पेयरिंग, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बीएसए ने जारी किया आदेश

जिला संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** जिले में छात्र नामांकन 50 से कम वाले विद्यालयों को लेकर शिक्षा विभाग ने बड़ा कदम उठाया है। अपर मुख्य सचिव, बेसिक शिक्षा विभाग उत्तर प्रदेश शासन एवं महानिदेशक स्कूल शिक्षा के निर्देशों के क्रम में "पेयरिंग ऑफ स्कूल" योजना के तहत जिले के 73 विद्यालयों को आपस में जोड़ा गया है। यह निर्णय स्थानीय परिस्थितियों, आवश्यकताओं एवं संसाधनों के समुचित उपयोग के दृष्टिगत लिया गया है।

सोशल मीडिया पर शिक्षक संगठनों व शिक्षक नेताओं के विरोध के बीच कम छात्र संख्या वाले विद्यालयों की पेयरिंग शुरू हो गई है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी उपेंद्र गुप्ता ने बताया कि जिले में कुल 444 ऐसे प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय चिन्हित किए गए हैं, जिनमें छात्र संख्या 50 से कम है। खंड शिक्षा अधिकारियों द्वारा इन विद्यालयों में से 94 स्कूलों का पेयरिंग हेतु प्रस्ताव बीएसए कार्यालय को उपलब्ध कराया गया था। समीक्षा उपरांत इनमें से 73 विद्यालयों की पेयरिंग का आदेश जारी कर दिया गया है, जबकि शेष प्रस्तावों पर परीक्षण जारी है। बीएसए उपेंद्र गुप्ता ने बताया कि इस योजना का उद्देश्य विद्यालयी शिक्षा में नवाचार के साथ-साथ भवन, कक्षा-कक्ष, आईसीटी उपकरण जैसे संसाधनों का समुचित उपयोग सुनिश्चित करना है। इससे शिक्षकों की तैनाती, शैक्षणिक गुणवत्ता एवं प्रशासनिक कार्यों में भी सुधार होगा।

### जल्द ही शेष विद्यालयों पर भी होगा निर्णय

बीएसए ने बताया कि शेष विद्यालयों के पेयरिंग प्रस्तावों पर परीक्षण जारी है और उनकी स्थिति स्पष्ट होने के बाद अगला निर्णय लिया जाएगा। शिक्षा विभाग का मानना है कि इस पहल से ग्रामीण व दूरस्थ क्षेत्रों के बच्चों को बेहतर शैक्षिक वातावरण मिल सकेगा।

**सार-संक्षेप**



बलिदान दिवस कार्यक्रम में शामिल लोग। अमृत विचार

### श्रद्धापूर्वक मना महारानी दुर्गावती का बलिदान दिवस

▸▸ गोंड समाज ने उठाई अनुसूचित जनजाति के हक की आवाज

**लंभुआ, सुलतानपुर, अमृत विचार :** अखिल भारतवर्षीय गोंड महासभा उत्तर प्रदेश शाखा सुलतानपुर के तत्वावधान में लंभुआ की पुरानी तहसील पर गोंड वीरांगना महारानी दुर्गावती का बलिदान दिवस श्रद्धा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बाबूलाल धुरिया ने की और मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष राम उजागिर धुरिया रहे। जिलाध्यक्ष घनश्याम गोंड की अगुवाई में हुए आयोजन में महारानी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनकी वीरता को नमन किया गया। वक्ताओं ने गोंड समाज को प्रदेश के सभी जिलों में अनुसूचित जनजाति का दर्जा दिए जाने की मांग उठाई। पत्रकारों को बृजेश कुमार गौड़ द्वारा अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उमेश कुमार, संजय गोंड, विजय, तीतू, दयाराम, संदीप, श्यामलाल, हीरालाल, छेदीलाल, राम अनुज, रामराज, छोटेलाल परशुराम आदि रहे। सभी ने समाज के हक और सम्मान के लिए एकजुटता का संदेश दिया।

### माह भर बाद लिखा गया बाइक चोरी का केस

**दोस्तपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** भांजी की शादी में शामिल होने आए आजमगढ़ निवासी जान मोहम्मद की बाइक 22 मई को बेथरा गांव से चोरी हो गई थी। उन्होंने 27 मई को तहरीर दी थी, लेकिन पुलिस ने मामला दर्ज नहीं किया। करीब माह भर बाद बुधवार को चोरी का मुकदमा दर्ज किया गया। थाना प्रभारी अनिरुद्ध सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर बाइक की तलाश की जा रही है।

### पान की गुमटी का ताला तोड़कर चोरी

**मोतिगरपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** कस्बे के दोस्तपुर रोड स्थित पान की गुमटी को चोरों ने निशाना बनाते हुए हजारों का सामान उड़ा लिया। ख़नुहट (विशुनपुर) निवासी राकेश कुमार वर्मा की गुमटी से गुटखा, सिगरेट व तंबाकू समेत लगभग 1200 रुपये का सामान चोरी हो गया। गुरुवार सुबह दुकान खोलते समय टूटी हुई सिटकिनियां और खाली गुमटी देख पीड़ित ने तत्काल थाने पर तहरीर दी। थानाध्यक्ष विजय सिंह ने बताया कि शिकायत प्राप्त हुई है, जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### पारिवारिक विवाद से आहत महिला ने खाया जहर, गंभीर

**मोतिगरपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** पारिवारिक विवाद से परेशान एक महिला द्वारा विषाक्त पदार्थ खाने का मामला सामने आया है। बुधवार रात लगभग 9 बजे उमन नागर (25) पत्नी विपिन नागर ने कहासुनी के बाद घर में रखा विषाक्त पदार्थ खा लिया। परिजनों की सतर्कता से उसे तुरंत सीएचसी मोतिगरपुर ले जाया गया, जहां से हालत गंभीर होने पर सुलतानपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। डॉ. गंगाराम के अनुसार, महिला की हालत चिंताजनक है, इलाज जारी है।

### महर्षि विद्या मंदिर में शिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला सम्पन्न

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** महर्षि शिक्षा संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 'महर्षि चेतना' आधारित शिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला के द्वितीय सत्र का शुभारंभ परंपरागत गुरु पूजन व दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. डी.पी. मिश्रा, प्राचार्य इंदिरा गांधी पी.जी. कॉलेज व जे.एन. उपाध्याय, प्राचार्य महर्षि विद्या मंदिर रहे। कार्यशाला का संचालन महर्षि संस्थान के अध्यक्ष वेद विद्या मार्तंड ब्रह्मचारी गिरीश के निर्देशन में किया गया, जिसका उद्देश्य शिक्षा के माध्यम से चेतना और शांति का वैश्विक विस्तार करना है। कार्यक्रम के दौरान ब्रह्मचारी गिरीश ने ऑनलाइन माध्यम से शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि "शिक्षार्थी को नौकर या सेवक नहीं बल्कि नेतृत्वकर्ता बनना चाहिए। यह तभी संभव है जब शिक्षक स्वयं चेतना में स्थापित हो। शिक्षक को केवल दिखावटी नहीं, ओजस्वी और समर्थ होना चाहिए ताकि वह छात्रों के भविष्य का मार्गदर्शन कर सके।" कार्यक्रम में एनईपी 2020 पर भी विशेष चर्चा हुई।

### चोर घर का ताला तोड़कर लाइसेंसी बंदूक लेकर फरार



चोरी के बाद बिखरा हुआ सामान। अमृत विचार

**करौंदीकला, सुलतानपुर, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के बांगर खुर्द गांव में बीती रात अज्ञात चोरों ने अनिल दुबे पुत्र स्व. राम नयन के बंद घर का ताला तोड़कर लाइसेंसी बंदूक चोरी कर ली। अनिल दुबे मुंबई में नौकरी करते हैं। घर पर बरामदे का निर्माण कार्य चल रहा है। सुबह मजदूरों ने दरवाजे का ताला टूटा देखा तो सूचना दी। पीड़ित ने मुंबई से ही डायल 112 और थाने को सूचना दी। प्रभारी निरीक्षक चंद्रभान वर्मा मौके पर पहुंचे और फॉरेंसिक व डॉग स्क्वॉड टीम के साथ जांच कराई, लेकिन कोई ठोस सुराग नहीं मिला। चोरी गई बंदूक अनिल दुबे के नाम से लाइसेंसी थी। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### कुड़वार कस्बे में चोरी, चप्पल व फोन छोड़कर भागा चोर

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** बुधवार रात कस्बा निवासी गोविंद कुमार के घर सीढ़ी के रास्ते घुसे चोर ने 20,000 रुपये नकद व मोबाइल चुरा लिया। भागते वक्त मोबाइल और चप्पल घटनास्थल पर छूट गईं। जांच में पाया गया कि छोड़ा गया मोबाइल और पर्स पावर हाउस कर्मी सुनील कनौजिया का है, जिनकी भी चोरी की शिकायत मिली है। सीसीटीवी कैमरा खराब मौसम के चलते रात में काम नहीं कर रहा था। प्रभारी निरीक्षक अमित मिश्रा ने बताया कि मामले की जांच जारी है।

**एक नजर**

### संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** कुड़वार थाना क्षेत्र के देवलपुर गांव में बुधवार को सविता (37) पत्नी मुकेश कुमार की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। गुरुवार को सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। उपनिरीक्षक दिनेश यादव ने बताया कि फांसी की सूचना थी, लेकिन शव नीचे उतारा जा चुका था, जिससे स्पष्ट कारण नहीं पता चल सका। मायके पक्ष की मौजूदगी में पंचनामा भरते समय किसी ने कोई आरोप नहीं लगाया। प्रभारी निरीक्षक अमित मिश्रा ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद आगे की कार्रवाई होगी।

### बीए रक्षा अध्ययन की प्रायोगिक परीक्षा कल

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** राणा प्रताप पीजी कॉलेज रक्षा अध्ययन विषय की बीए द्वितीय, चतुर्थ, षष्टम सेमेस्टर एवं रिसर्च प्रोजेक्ट की प्रायोगिक/मौखिकी परीक्षा 28 जून को 9 बजे से महाविद्यालय में सपन्न होगी। सभी छात्र निर्धारित समयानुसार अपनी प्रायोगिक फ़ाइल, प्रवेश पत्र के साथ अनिवार्य रुप से उपस्थित हो। यह जानकारी विभागाध्यक्ष डॉ हीरालाल यादव ने प्रदान की।

### दो साल पुराने एक्सीडेंट केस में अब दर्ज हुआ केस

**दोस्तपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** दो वर्ष पूर्व हुई सड़क दुर्घटना में मृत राज मिस्त्री राम तीरथ की पत्नी साधना ने अब गाड़ी नंबर के खिलाफ थाना दोस्तपुर में मुकदमा दर्ज कराया है। 14 जून 2023 की शाम शाहीपुल के पास हुए इस हादसे में राम तीरथ की मौत हो गई थी। घटना के बाद मानसिक रूप से व्यथित पत्नी अपने मायके चली गई थी। गुरुवार को वह थाने पहुंची और तहरीर दी। थाना प्रभारी अनिरुद्ध कुमार सिंह ने बताया कि क्षेत्राधिकारी के आदेश पर केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# पहिए में साड़ी फंसने से युवती की मौत

▸▸ हादसे में बाल-बाल बची बाइक सवार युवती की गोद में मौजूद एक वर्षीय बेटी

धनपतगंज, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** गुरुवार दोपहर थाना क्षेत्र के चंदौर गांव के पास एक दर्दनाक सड़क हादसे में 22 वर्षीय विवाहिता की मौत हो गई। घटना उस वक्त हुई जब चलती बाइक के पहिए में साड़ी फंस गई, जिससे महिला असंतुलित होकर सड़क पर गिर गई और सिर में गंभीर चोट लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

फूल कुमार निवासी अरवल, थाना बल्दीराय, अपनी पत्नी खुशबू (22) और एक साल की बेटी आर्या को बाइक से लेकर धनपतगंज क्षेत्र के सेवरा गांव जा रहे थे। रास्ते में चंदौर गांव के पास यह हादसा हुआ। सड़क पर गिरने से खुशबू के सिर में गंभीर चोट आई और वह बेहोश हो गई। उसकी गोद में बैठी एक वर्षीय बेटी आर्या हादसे में सुरक्षित बच गई। परिजनों द्वारा आनन-फानन में उसे सीएचसी धनपतगंज ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। थाना प्रभारी प्रवीण कुमार ने बताया कि शव का पंचनामा भरकर विधिक कार्रवाई की जा रही है।



रोते-बिलखते मृतका के परिवारीजन। अमृत विचार

### सड़क दुर्घटना में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

23 मार्च को हसनपुर गुमटी के पास रोडवेज बस की टक्कर से घायल हुए शिव सागर निवासी हरखपुर की इलाज के दौरान गुरुवार को मौत हो गई। दुर्घटना के बाद उन्हें लखनऊ ट्रॉमा सेंटर भेजा गया था। हालत गंभीर होने पर डिस्चार्ज कर दिया गया था। मौत की सूचना पर एसआई राकेश सिंह ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। बंधुआकला प्रभारी धर्मवीर सिंह ने बताया कि पूर्व में दुर्घटना का मुकदमा दर्ज है, अब मौत की रिपोर्ट जोड़ी जाएगी।

# ट्रेन की चपेट में आने से मजदूर की मौत

▸▸ सोशल मीडिया के जरिए हुई शव की पहचान

▸▸ प्रयागराज-सुलतानपुर रेल ट्रैक पर हुआ दर्दनाक हादसा

भदैंया, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** प्रयागराज-सुलतानपुर रेलवे ट्रैक पर बुधवार रात एक दर्दनाक हादसे में 30 वर्षीय मजदूर की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। यह हादसा कोतवाली देहात क्षेत्र के प्रतापगंज चौकी अंतर्गत अहिमाने रेलवे अंडरपास के निकट हुआ, जहां युवक का शव क्षत-विक्षत हालत में ट्रैक पर पड़ा मिला।

हादसे की सूचना मिलते ही रेलवे पुलिस और पीआरवी टीम मौके पर पहुंची। शव को ट्रैक से हटाकर रेल यातायात बहाल कराया गया। शव लंबे समय तक ट्रैक पर पड़ा रहने के कारण कुछ समय के लिए रेल संचालन भी प्रभावित रहा। शुरुआत में मृतक की पहचान नहीं हो सकी थी, लेकिन सोशल मीडिया पर चली खबरों और फोटो की मदद से युवक की पहचान थाना कूरेभार क्षेत्र के बेलौली धर्मराजपुर निवासी अरुण कुमार पुत्र निठुरी के रूप में हुई। उसके भाई दिलीप कुमार ने मौके पर पहुंचकर शव की पहचान की। बताया गया कि अरुण कुमार मजदूरी के लिए प्रतापगढ़ गया था और संभवतः लौटते समय यह हादसा हुआ। कोतवाल ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# वायरल ऑडियो के मामले में तीन शिक्षक हुए निलंबित

▸▸ बीएसए बोले-डेढ़ माह पुराना है मामला, विभागीय जांच जारी

**जिला संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचारः** सोशल मीडिया पर वायरल एक ऑडियो क्लिप को लेकर शिक्षा विभाग ने स्थिति स्पष्ट करते हुए बताया है कि संबंधित मामले में पहले ही आवश्यक कार्रवाई की जा चुकी है। यह ऑडियो क्लिप करीब डेढ़ महीने पुरानी है, जिसमें तीन शिक्षक बीएसए के नाम का उल्लेख करते हुए अनर्गल वार्ता करते सुनाई दे रहे हैं।

बीएसए उपेंद्र गुप्ता ने बताया कि मामला प्राथमिक विद्यालय कोंची, विकासखंड जयसिंहपुर के प्रधानाध्यापक रामलोचन से जुड़ा है, जिन पर 9 मई को सरकारी धन के दुरुपयोग की शिकायत के बाद जांच की गई। जांच में आरोप प्रथम दृष्टया सही पाए गए और तत्काल प्रभाव से उन्हें निलंबित कर दिया गया। प्रारंभिक जांच के बाद, उसी प्रकरण से जुड़ी ऑडियो क्लिप में अनर्गल बयानबाजी करने वाले दो अन्य शिक्षकों रवि कुमार सिंह और शरीफ आलम को भी 21 मई 2025 को निलंबित कर दिया गया। तीनों के विरुद्ध विभागीय अनुशासनात्मक कार्रवाई प्रक्रियाधीन है। बीएसए ने कहा कि यदि किसी भी व्यक्ति द्वारा उनके नाम या पदनाम का उपयोग कर अनुचित चर्चा की जाती है, तो इसकी सूचना उनको दें।

# कस्टडी से बाइक गायब होने के मामले में दरोगा और सिपाही किए गए निलंबित

▸▸ हेड मोहर्रिर लाइन हाजिर, एसपी ने की त्वरित कार्रवाई, नया चौकी प्रभारी नियुक्त, मुकदमा दर्ज

जिला संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** नगर कोतवाली क्षेत्र में पुलिस कस्टडी से एक बाइक रहस्यमय ढंग से गायब हो जाने के मामले ने तूल पकड़ लिया है। अमहट चौकी क्षेत्र में सड़क हादसे में युवक की मौत के बाद थाने लाई गई, उसकी बाइक अचानक लापता हो गई, जिस पर पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह ने गंभीर रुख अपनाते हुए त्वरित कार्रवाई की है।

मामले की जांच में पुलिस की लापरवाही सामने आने पर एसपी ने अमहट चौकी के एक उपनिरीक्षक संतोष पाल सिंह व सिपाही अभिषेक मिश्रा को निलंबित कर दिया, जबकि नगर कोतवाली के हेड मोहर्रिर संजय सोनकर को लाइन हाजिर कर दिया गया है। साथ ही अमहट चौकी में रजत पांडेय को नया चौकी प्रभारी नियुक्त किया गया है। जानकारी के अनुसार, 10 जून को अयान हॉस्पिटल, अमहट चौराहे के पास रोडवेज बस की टक्कर से हरखी दौलतपुर थाना बंधुआ कलां निवासी धर्मेन्द्र कुमार की मौके पर ही मौत हो गई थी। पुलिस ने मौके से मृतक की बाइक और बस को कब्जे में लेकर थाने भेजा था। परंतु जब मृतक का भाई मनोज गौतम बाइक लेने पहुंचा, तो उसे टाल दिया गया।

बाद में जब थाने की सीसीटीवी फुटेज खंगाली गई, तो पता चला कि एक सिपाही बाइक को थाने के भीतर लाता है और 12 जून को एक होमगार्ड उसे बाहर ले जाता दिखाई देता है। पीड़ित की शिकायत के बाद संबंधित दरोगा और सिपाही को सस्पेंड कर दिया गया और बाइक चोरी का मुकदमा भी दर्ज कर लिया गया है।

कोतवाल नगर के अनुसार, मामले की जांच उच्च अधिकारियों की निगरानी में जारी है।

**आक्रोश** कटका क्लब ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपकर की कार्रवाई की मांग

# ब्राह्मण समाज पर टिप्पणियों के खिलाफ सौंपा ज्ञापन

जिला संवाददाता, सुलतानपुर



सिटी मजिस्टेट को ज्ञापन सौंपते समाजसेवी। अमृत विचार

**अमृत विचारः** ब्राह्मण समाज के खिलाफ सोशल मीडिया पर हो रहे आपत्तिजनक टिप्पणियों और इटावा में कथावाचक के साथ हुई अभद्रता को लेकर कटका क्लब के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट प्रवीण कुमार को सौंपा और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की।

संस्था अध्यक्ष सौरभ मिश्र विनम्र ने कहा कि इटावा में श्रीमद् भागवत कथा के दौरान कथावाचक के साथ जो अभद्रता हुई, वह पूरे समाज का अपमान है। इसके विरोध में जनमानस में रोष है, वहीं सोशल मीडिया पर भी लगातार ब्राह्मण समाज को निशाना बनाया जा रहा है। एडवोकेट वेदांग त्रिपाठी ने कहा कि अपनी जाति छिपाकर समाज में घुसना और महिलाओं से अभद्रता करना शर्मनाक है। सोशल मीडिया पर ब्राह्मण समाज के विरुद्ध शब्दों की मर्यादा लांघी जा रही है। इस अवसर पर एडवोकेट विमल कुमार दुबे, आई.टी. सेल प्रभारी बृजेन्द्र मिश्र, विनय त्रिपाठी, प्रज्वल मिश्र, रितिक द्विवेदी सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

### प्राथमिक विद्यालयों के विलय के विरोध में सौंपा ज्ञापन

**संवाददाता, सुलतानपुर :** प्राइमरी स्कूलों के विलय और बंदी के खिलाफ भारत की जनवादी नौजवान सभा ने प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन अपर जिलाधिकारी संजीव कुमार को सौंपा। जिलाध्यक्ष अरविंद श्रीवास्तव ने कहा कि यह फैसला बच्चों की शिक्षा पर कुठाराघात है। छोटे बच्चे दूर नहीं जा सकते, जिससे स्कूल बंद होने पर वे शिक्षा से वंचित हो सकते हैं। जिला मंत्री शिवपूजन पांडे ने आरोप लगाया कि सरकार लगातार सार्वजनिक शिक्षा प्रणाली को कमजोर कर रही है। मांग की कि विद्यालयों का विलय रोका जाए, शिक्षकों की नियुक्ति की जाए और सरकारी कर्मियों के बच्चों को सरकारी स्कूलों में पढ़ाना अनिवार्य किया जाए। प्रदर्शन में अभिषेक कुमार, विकास यादव, राहुल मिश्र, गुलजार समेत कई कार्यकर्ता शामिल रहे।

### जल निकासी को नाला निर्माण का भूमि पूजन संपन्न

**लंभुआ, सुलतानपुर, अमृत विचार :** नगर पंचायत लंभुआ के मुख्य मार्ग पर जलभराव की स्थायी समस्या से निजात दिलाने के लिए गुरुवार को सीवेज एवं जल निकासी योजना के अंतर्गत नाले के निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया गया। लंभुआ कस्बे में लंबे समय से जलनिकासी एक गंभीर समस्या रही है। जनप्रतिनिधियों द्वारा बार-बार टाल-मटोल की नीति अपनाई जाती रही, लेकिन जनता के दबाव के चलते अंततः सत्तारूढ़ दल के नेताओं ने शासन स्तर पर पैरवी कर इस योजना को मंजूरी दिलवाई। इसके तहत नगर पंचायत लंभुआ को 2,10,72,463 रुपये की राशि स्वीकृत हुई है। परियोजना को छह माह के भीतर पूरा किया जाना है, लेकिन टेंडर स्वीकृत होने के एक माह बाद ही कार्य की शुरुआत हुई है, जिससे लोगों के मन में योजना की गति को लेकर सवाल उठ रहे हैं। इस संदर्भ में नगर पंचायत लंभुआ के अधिशासी अधिकारी (ईओ) से संपर्क किया गया, लेकिन उनका फोन नहीं उठ सका।

# विभागों से समन्वय कर व्यापारियों की समस्या का निस्तारण करायें

## डीएम की अध्यक्षता में हुई जिला स्तरीय उद्योग बन्धु की बैठक, अधिकारियों को दिए निर्देश

संवाददाता, सिद्धार्थनगर



उद्योग बंधु की बैठक में भाग लेते जिलाधिकारी। फोटो : अमृत विचार

**अमृत विचार**। जिला स्तरीय उद्योग बन्धु, व्यापार बन्धु एवं एमओयू की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी डा राजा गणपति आर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। पिछली बैठक की कार्यवृत्ति की समीक्षा के बाद जिलाधिकारी ने उपायुक्त उद्योग को निर्देश दिया कि जिन लोगो द्वारा एमओयू पर हस्ताक्षर किये गये है, उनसे सम्पर्क कर उनकी समस्याओं का समाधान करायें तथा ज्यादा से ज्यादा निवेश करने के लिए प्रेरित करें। जिलाधिकारी ने व्यापारियों की समस्याओं को सुना तथा सम्बन्धित अधिकारियों को उसके निस्तारण हेतु निर्देश दिया गया।

जिलाधिकारी ने उपायुक्त उद्योग को ओडीओपी योजना, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना हेतु शासन से प्राप्त लक्ष्य को शतप्रतिशत पूर्ण करने तथा विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के लाभार्थियों के आवेदन को अधिक से अधिक कराने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने उद्योग स्थापित करने हेतु, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना की जो पत्रावलियां बैंको में ऋण उपलब्ध कराने के लिए जाती हैं उसको समय से स्वीकृत कराने का निर्देश दिया। उद्यमियों द्वारा उद्योग के बारे में अपना अनुभव साझा किया गया। निवेश मित्र पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का समयान्तर्गत निस्तारण कराने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने प्रमुख चौराहो पर भूमि चिह्नित कर सामुदायिक शौचालय, पेयजल आपूर्ति व्यवस्था कराने का निर्देश दिया। उपायुक्त उद्योग को निर्देश दिया कि व्यापारियों की समस्याओं का सम्बंधित विभाग से समन्वय स्थापित कर निस्तारण करायें। विद्युत व्यवस्था सुचारू रूप से सम्पादित कराये जाने हेतु निर्देश दिया गया। नगर पालिका नगर पंचायत के प्रमुख चौराहों पर सीसीटीवी कैमरा लगाने एवं पुलिस गश्त बढ़ाने का निर्देश दिया जिससे व्यापारियों के साथ अप्रिय घटना न हो। नगर पंचायत शोहरतगढ़ में दुकानों का आवंटन कराने का निर्देश दिया।

दुग्ध विभाग पशुपालन विभाग, एमएसएमई, उद्यान विभाग, पर्यटन विभाग, प्रधानमंत्री स्वरोजगार सृजन योजना, मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना, एक जपपद एक उत्पाद योजना आदि के संबध में व्यापारियों को लाभ दिलाने का निर्देश दिया गया। व्यापारियों द्वारा समस्याओं का समय से निस्तारण कराने पर जिलाधिकारी को बधाई दी गई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, क्षेत्राधिकारी सदर अरूणकान्त सिंह, उपायुक्त उद्योग उदय प्रकाश, उपायुक्त राज्यकर, वरिष्ठ निरीक्षक बाट-माप, अधिशासी अभियन्ता विद्युत ज्ञानप्रकाश, लीड बैंक अधिकारी आरके सिन्हा, अधिशासी अधिकारी उपस्थित रहे।

### शांतिपूर्ण संपन्न कराएं त्योहार, नयी परंपरा न डालें: डीएम

**सिद्धार्थनगर अमृत विचार।** मोहर्रम, कांवड़ यात्रा एवं श्रावण मेला को शान्तिपूर्ण वातावरण में मनाने के सम्बन्ध में जिलाधिकारी डा राजागणपति आर की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक डा अभिषेक महाजन की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में पीस कमेटी की बैठक हुई। इस दौरान जिलाधिकारी ने जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आये हुए संभ्रान्त नागरिकों, धर्मगुरुओ, उपजिलाधिकारियों, समस्त क्षेत्राधिकारियों, थानाध्यक्षों व जनपद स्तरीय अधिकारियों को त्यौहार शान्तिपूर्ण तरीके से मनाये जाने हेतु निर्देश दिए। थानाध्यक्षों से कहा कि छोटी से छोटी बातों पर विशेष ध्यान दिये जाने की आवश्यकता है। नगर पालिका व नगर पंचायत साफ-सफाई, नालियो की सफाई, ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव कराने को कहा। अधिशासी अभियंता विद्युत को निर्देश दिये कि जिन मार्गों से मोहर्रम का जुलूस निकलना है, उन पर विद्युत तारो को ठीक करा ले। ताजियों की ऊचांई कम रखे जिससे कोई समस्या न हो। डीजे की आवाज मानक अनुसार ही रहे। कोई नयी परम्परा शुरू नही होनी चाहिए। सीएमओ को अस्पतालों में इमरजेंसी सेवा सतर्क रहने के निर्देश दिए। कावड़ यात्रा के दौरान रास्ते में पड़ने वाली मांस की दुकानें को हटवा लें। जल भरने वाले स्थानों, नदियो के किनारे गोताखोर, नावें व पुलिस बल की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित कर ले। पुलिस अधीक्षक ने समस्त क्षेत्राधिकारियों व समस्त थानाध्यक्षों को निर्देश दिये कि जिलाधिकारी द्वारा जो भी निर्देश दिये गये है उनका हर हाल में पालन कराया जाए। कहा कि मोहर्रम, कावड़ यात्रा तथा श्रावण मेला का त्यौहार सकुशल सम्पन्न कराएं। संचालन अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा किया गया। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा रजत कुमार चौरसिया, अपर जिलाधिकारी गौरव श्रीवास्तव, अपर पुलिस अधीक्षक प्रशान्त कुमार, समस्त उपजिलाधिकारी, समस्त क्षेत्राधिकारी, अपर जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला आबकारी अधिकारी वीर अभिमन्यु कुमार, समस्त अधिशासी अधिकारी नगर पालिका नगर पंचायत, अधिशासी अभियन्ता विद्युत, समस्त थानाध्यक्ष, एवं संभ्रान्त नागरिक आदि उपस्थित रहे।


पीस कमेटी की बैठक में भाग लेते जिलाधिकारी। फोटो : अमृत विचार

## भारत नेपाल बॉर्डर पर खाद की तस्करी जोरों पर

**सिद्धार्थनगर अमृत विचार।** भारत नेपाल सीमा पर वर्तमान समय में खाद की तस्करी काफी जोरों पर है। सूत्र बताते हैं कि नेपाल सीमा के बॉर्डर पर तस्करों द्वारा खाद जगह-जगह इकट्ठा किया जाता है और फिर मौका देखकर उसे साइकिलों और मोटरसाइकिलों पर लाद कर बॉर्डर पार करके ऊंचे दामों में बेचा जाता है। जबकि जनपद में खाद के लिए हाहाकार मचा हुआ है। धान की रोपाई जोरों पर है और किसान अधिक दामों में खाद खरीदने के लिए मजबूर है। कृषि विभाग का कहना है कि जनपद में खाद पूरी तरह से उपलब्ध है जबकि किसी भी समिति पर खाद न होने के कारण किसान ऊंचे मूल्य खाद खरीदने को मजबूर हैं। प्रश्न उठता है कि जब जनपद मंऔ खाद की अनुपलब्धता है ऐसे में तस्करों को खाद कैसे मिल रही है। समितियां पर खाद जैसे ही पहुंचता है कृषि विभाग की मिलीभगत से रातों-रात वह खाद तस्करों की मिल जाती है और नेपाल बॉर्डर पर पहुंच जाती है। किसानों का कहना है कि जब भी खेती का कार्य शुरू हो जाता है तो इसी तरह की समस्याएं किसानों के सामने आ जाती हैं।

## फागू बाबा की मजार पर कड़ी हुई सुरक्षा व्यवस्था

संवाददाता, सिद्धार्थनगर

**शांति की अपील**

- **सुरक्षा के मद्देनज़र विधायक को चौखडा कस्बे में जाने से रोका गया**

**अमृत विचार**। एक मुस्लिम संत की मजार को हिंदू संत की समाधि बताये जाने को लेकर जिले के चौखड़ा कस्बे की स्थिति संवेदनशील हो गई है। हालांकि स्थिति पूरी तरह सामान्य है परन्तु एहतियात के तौर पर कस्बे में कई थानों की पुलिस तैनात कर दी गई है। सुरक्षा की दृष्टि से विधायक सैयद खातून को भी मौके पर जाने से रोके दिया गया है। स्थानीय नागरिकों के बीच आपस में कोई द्वेष की भावना नहीं है। फिर भी पुलिस हालात पर गहरी नजर बनाऐ हुए है।

मिली जानकारी के अनुसार इटवा थानान्तर्गत कस्बानुमा गांव चौखड़ा में फागू बाबा की मजार है। यह मजार सैकड़ों वर्ष पुरानी है। यहां हिंदू-मुस्लिम समुदायों के लोग श्रद्धापूर्वक जाते हैं और मनौती इत्यादि मांगते हैं। यहां उर्स आदि का आयोजन भी होता रहा है। मगर इस मामले में साम्प्रदायिकता का पुट तब आ गया, जब क्षेत्र के एक नेता का इस आशय का बयान सुर्खियों में आया कि फागू बाबा की मजार वास्तव में हिंदू संत की समाधि है। इसके बाद कुछ तत्वों ने एकजुट होकर उस मजार पर हनुमान चालीसा पढ़ने का एलान कर दिया। इसके बाद पुलिस हरकत में आई और मजार के चरित्र में परिवर्तन की आशंका के मद्देनजर अलर्ट हो गई। पुलिस अधीक्षक अभिषेक महाजन के निर्देश पर चौखड़ा में तत्काल ही इटवा, डुमरियागंज, त्रिलोकपुर आदि कई थानों की पुलिस तैनात कर दी गई है। समाचार लिखे जाने तक पुलिस पूरे कस्बे में गश्त कर रही थी। कस्बे में पूरी तरह शांति है। इस बारे में क्षेत्रीय विधायक सैयदा खातून के प्रतिनिधि ज़हीर मालिक ने कहा है कि डुमरियागंज क्षेत्र में गंगा जमुनी तहजीब की परंपरा रही है। कुछ लोग इसे समाप्त करने में लगे हैं, मगर उन्हें सफल नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने सभी वर्गों से शांति की अपील की है।

## संचारी रोग नियंत्रण अभियान को लेकर हुई बैठक

**शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर,** अमृत विचार। नगर पंचायत कार्यालय शोहरतगढ़. में संचारी रोग नियन्त्रण अभियान एवं दस्तक अभियान की रोकथाम हेतु आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में बीएमसी यूनिसेफ अशोक विश्वकर्मा ने बताया कि 01 जुलाई 2025 से 31 जुलाई 2025 तक संचारी रोग नियन्त्रण अभियान एवं दस्तक अभियान दिनांक 11 जुलाई 2025 से 31 जुलाई 2025 तक सम्पादित किया जाना है। बैठक में निम्न कई बिन्दुओं पर चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि नगरीय क्षेत्रों में मोहल्ला निगरानी समिति के माध्यम से दिमागी बुखार एवं अन्य व्यक्ति जनित रोगों जल जनित तथा उच्च मौसम से सम्बन्धित रोगों के विषय में निरन्तर जागरूकता अभियान चलाएं, शहरी क्षेत्र में फॉगिंग एवं एंटी लारवा का छिड़काव कराया जाएं, नगरीय क्षेत्रों में वातावरणीय तथा व्यक्तिगत स्वच्छता के उपाय खुले में शौच न करने शुद्ध पेयजल के प्रयुक्त तथा मच्छरों की रोकथाम हेतु जागरूकता अभियान चलाया जाए, खुली नालियों को ढकने की व्यवस्था करें तथा नालियों व कचरो की सफाई करवाया जाए।

## विशेष ट्रेनों में उपलब्ध हैं बर्थ और सीट

संवाददाता, गोरखपुर

**अमृत विचार**। ग्रीष्मकाल में यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे प्रशासन द्वारा विशेष गाड़ियों का संचलन किया जा रहा है। विशेष गाड़ियों में बर्थ/सीट की उपलब्धता है।

मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने बताया कि गोरखपुर से चलने वाली 04021 गोरखपुर-नई दिल्ली विशेष गाड़ी में 05 जुलाई को वातानुकूलित प्रथम श्रेणी में 19, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 80 तथा वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 315 बर्थ, 12 जुलाई,2025 को वातानुकूलित प्रथम श्रेणी में 20, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 79, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 350 तथा शयनयान श्रेणी में 320 बर्थ उपलब्ध हैं। वाराणसी सिटी से 28 जून,2025 को चलने वाली 05029 वाराणसी सिटी-लालकुआँ वाया गोरखपुर के वातानुकूलित द्वितीय में 09 बर्थ उपलब्ध हैं। छपरा से चलने वाली 05305 छपरा-आनन्द विहार टर्मिनस वाया गोरखपुर गाड़ी में 07 जुलाई,2025 को वातानुकूलित इकोनॉमी में 639, 10 जुलाई,2025 को वातानुकूलित इकोनॉमी में 673 तथा शयनयान में 112, 14 जुलाई को वातानुकूलित इकोनॉमी में 221 तथा शयनयान में 668 बर्थ उपलब्ध हैं। छपरा से चलने वाली 05113 छपरा-आनन्द विहार टर्मिनस वाया गोरखपुर में 09 जुलाई को वातानुकूलित द्वितीय में 25 तथा वातानुकूलित तृतीय में 80 बर्थ, 16 जुलाई को वातानुकूलित द्वितीय में 31, वातानुकूलित तृतीय में 123 तथा शयनयान श्रेणी में 479 बर्थ उपलब्ध हैं। मऊ से चलने वाली 05301 मऊ-अम्बाला कैण्ट वाया गोरखपुर में 10 जुलाई को वातानुकूलित प्रथम में 02, वातानुकूलित द्वितीय में 99 तथा वातानुकूलित तृतीय में 315, वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी में 89 बर्थ, 17 जुलाई को वातानुकूलित प्रथम में 06, वातानुकूलित द्वितीय में 104 तथा वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 342, वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी में 124 तथा शयनयान में 235 बर्थ उपलब्ध हैं। छपरा से 05113 छपरा-आनन्द विहार टर्मिनस वाया गोरखपुर में 09 जुलाई को वातानुकूलित द्वितीय में 25 तथा वातानुकूलित तृतीय में 80 बर्थ, 16 जुलाई को वातानुकूलित द्वितीय में 31 तथा वातानुकूलित तृतीय में 123 तथा शयनयान में 479 बर्थ उपलब्ध हैं। मऊ से 07328 मऊ-बेलगावि में 09 जुलाई को वातानुकूलित द्वितीय में 64, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 191, शयनयान श्रेणी में 56 बर्थ, 16 जुलाई,2025 को वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 65, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 242 तथा शयनयान श्रेणी में 481 बर्थ उपलब्ध हैं।

### ट्रेनों में बढ़ाए जाएंगे अतिरिक्त कोच

**गोरखपुर, अमृत विचार।** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा हेतु 2 जोड़ी एक्सप्रेस गाड़ियों में सामान्य द्वितीय श्रेणी का 1 अतिरिक्त कोच स्थायी रूप से बढ़ाया जा रहा है। गाड़ी संख्या-15203/15204 बरौनी-लखनऊ जं-बरौनी एक्सप्रेस में बरौनी से 27 जून से तथा लखनऊ जं से 30 जून से सामान्य द्वितीय श्रेणी का एक अतिरिक्त कोच स्थायी रूप से लगाया जायेगा। गाड़ी संख्या-15205/15206 लखनऊ जं-जबलपुर-लखनऊ जं एक्सप्रेस में लखनऊ जं से 28 जून से तथा जबलपुर से 29 जून से सामान्य द्वितीय श्रेणी का एक अतिरिक्त कोच स्थाई रूप से लगाया जायेगा। फलस्वरूप संशोधित रेक संरचना के अनुसार इन गाड़ियों में जनरेटर सह लगेज यान का 1, एलएसएलआरडी का 1, सामान्य द्वितीय श्रेणी के 5, शयनयान श्रेणी के 6, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 5, वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी श्रेणी का 1, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी के 2 तथा वातानुकूलित प्रथम श्रेणी के 1 कोच सहित कुल 22 कोच लगाये जायेंगे। उक्त जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

## सार-संक्षेप

### निर्माण कार्यों को निर्धारित समय में पूर्ण कराने के निर्देश

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** वित्तीय वर्ष 2025-26 में लोक निर्माण विभाग द्वारा प्रस्तावित कार्यों की कार्ययोजना के सम्बन्ध में सांसद डुमरियागंज जगदम्बिका पाल की अध्यक्षता एवं जिलाधिकारी डा राजा गणपअति आर एवं मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह की उपस्थिति में अम्बेडकर सभागार में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में सांसद डुमरियागंज जगदम्बिका पाल ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में लोक निर्माण विभाग द्वारा प्रस्तावित कार्यों की कार्ययोजना के अनुसार कार्यों को निर्धारित समय में पूर्ण कराने का निर्देश दिया। इसके साथ ही भी निर्देश दिया कि शिलान्यास लोकार्पण का पत्थर बोर्ड लगवाये। आपदा में जो सड़क क्षतिग्रस्त हो जाता है उसकी मरमम्त कराये। इस अवसर पर बांसी विधायक जय प्रताप सिंह, कपिलवस्तु विधायक श्याम धनी राही, पीडी नागेन्द्र मोहन राम त्रिपाठी, अधिशासी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग (प्रा0ख0) कमल किशोर, बांसी विवेक राय, इटवा आशीष भारद्वाज, व अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

### महामहिम राष्ट्रपति 30 जून को गोरखपुर आएंगी

**गोरखपुर, अमृत विचार।** महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के प्रस्तावित आगमन 30 जून व 1 जुलाई को एम्स और आयुष विश्व विद्यालय तथा गोरखनाथ विश्वविद्यालय में हो रहा है, जिसकी सुरक्षा व्यवस्था की तैयारी एडीजी जोन डॉक्टर के एस प्रताप कुमार के अध्यक्षता में मंडलायुक्त सभागार में आयोजित कर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। बैठक में पुलिस उपमहानिरीक्षक गोरखपुर परिक्षेत्र गोरखपुर एस चन्नप्पा जिलाधिकारी कृष्ण करुणेश एसएसपी राजकरन नय्यर अपर आयुक्त कुंवर बहादुर सिंह नगर आयुक्त गौरव सिंह सोगरवाल एडीएम सिटी अंजनी कुमार सिंह सिटी मजिस्ट्रेट उत्कर्ष श्रीवास्तव एयर फोर्स सहित संबंधित विभागों के अधिकारी गण मौजूद रहे।

### जिला जज ने किया कारागार का निरीक्षण


कारागार का निरीक्षण करने जाते अधिकारी।

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** जिला जज, जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा जिला कारागार का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। जिला जज, जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा संयुक्त रूप से जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान भोजनालय, बैरकों तथा बन्दियों का गहन निरीक्षण किया। जेल अधीक्षक द्वारा बताया गया कि नियमित रूप से उनके व जेल स्टाफ द्वारा जेल की चेकिंग की जाती है। जेल के अंदर कोई भी प्रतिबंधित सामग्री ना जाए इसके लिए संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। साथ ही जिला कारागार में आने वाले प्रत्येक नये कैदियों का जेल चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण कराया जाए। पुलिस अधीक्षक द्वारा जिला कारागार अधीक्षक को निर्देशित किया गया कि नियमित रूप से कारागार का निरीक्षण करते रहे व निरूद्ध बन्दियों पर विशेष सतर्क दृष्टि रखे एवं आवश्यकतानुसार समय-समय पर निरूद्ध बन्दियों की जानकारी देते रहें।

### पुलिस ने तीन वाहन चोरों को दबोचा


प्रेस वार्ता करते एसपी।

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** बृहस्पतिवार को एसओजी तथा विशेष पुलिस की संयुक्त टीम ने मोहाना थाना अंतर्गत सड़ा तिराहे पर चेकिंग के दौरान तीन वाहन चोरों को दबोच लिया। पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन ने पत्रकारों को बताया कि बृहस्पतिवार को संयुक्त टीम ने मोहाना थाना अंतर्गत सड़ा तिराहे पर चेकिंग के दौरान एक मोटरसाइकिल पर तीन लोग आते दिखाई दिए। पुलिस कर्मियों द्वारा उन्हें रोका तो वे लोग भागने लगे। टीम ने दौड़ा कर तीनों को पकड़ लिया और गाड़ी के कागज मांगे तो वे नहीं दिखा सके। पूछताछ में पकड़े गए लोगों ने अपने नाम सुधाकर हरिजन पुत्र स्व. कृष्ण मोहन निवासी वेद कुइयां थाना मधुबेनिया जिला रूपंदेही राष्ट्र नेपाल, राजेश वर्मा पुत्र शंकर वर्मा निवासी गढ़मोर थाना मोहाना, अजय सोनकर पुत्र श्याम प्रकाश ग्राम गोपीजोत थाना मोहाना बताए। तीनों ने बताया कि वे लोग आसपास के बाजारों से गाड़ियां उठा लाते थे और नेपाल भेज देते थे। पुरानी गाड़ियों के पार्ट निकाल कर कबाड़ियों को भेज देते थे। पकड़े गए तीनों लोगों के खिलाफ कई थानों में गंभीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत है। पुलिस टीम को पुलिस अधीक्षक द्वारा 20000 रुपये पुरस्कार दिया गया है।

### पर्यटन विकास परियोनाओं की हुई समीक्षा बैठक



बैठक में भाग लेते जिलाधिकारी।

**कुशीनगर अमृत विचार:** कुशीनगर विशेष क्षेत्र प्राधिकरण अंतर्गत पर्यटन विकास परियोजनाओं की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने यूपी प्रोजेक्ट कारपोरेशन निर्माण इकाई द्वारा कराए जा रहे विभिन्न निर्माण कार्यों की एक एक कर समीक्षा की गई। बौद्ध बिहार में पर्यटन सुविधा के सृजन कार्य अंतर्गत पिपरा कुटी, चाइनीज मंदिर, चंद्र मंदिर, वार्मिज मंदिर, के हो रहे कार्यों की अद्यतन स्थिति की जानकारी लेते हुए सभी कार्यों को संयंत्रगत पूर्ण किए जाने का निर्देश दिये गए, उक्त सभी कार्यों का निरीक्षण करने हेतु संबंधित को निर्देशित किया। इसी क्रम में बुद्धा थीम पार्क में हो रहे कार्यों को निर्धारित 25 जून तक पूर्ण नहीं होने पर नाराजगी जताई गई एवं अग्रिम तिथि को पोर्टल पर अपडेट किए जाने का निर्देश कार्यदाई संस्था को दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि 23 करोड़ की परियोजनाओं पर कार्य चल रहा है तो उतने बजट का कार्य दिखना भी चाहिए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गुंजन द्विवेदी, अपर जिलाधिकारी वैभव मिश्रा सहित अन्य संबंधित अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## 'रेल मदद' ऐप से यात्रियों की मदद

**गोरखपुर, अमृत विचार।** ग्राहकों की संतुष्टि को लक्ष्य कर भारतीय रेल अपने सम्मानित उपभोक्ताओं को बेहतर यात्रा सुविधा उपलब्ध करा रहा है। रेल यात्रा के दौरान यात्रियों को स्टेशन अथवा ट्रेनों में उत्कृष्ट सुविधायें प्रदान करने के लिए रेल प्रशासन निरन्तर प्रयासरत है। रेल यात्रा के दौरान यात्रियों को होने वाली किसी भी प्रकार की असुविधा के सम्बन्ध में प्राप्त परिवादों के त्वरित निस्तारण हेतु 24 घंटे निगरानी की जाती है। रेल यात्री 'रेल मदद' ऐप, हेल्प लाइन नम्बर-139, एस.एम.एस एवं वेब पोर्टल के माध्यम से अपना परिवाद रजिस्टर्ड करते हैं, जिसका समय से रेलवे प्रशासन द्वारा निस्तारण किया जा रहा है। परिवादों के त्वरित निस्तारण के फलस्वरूप यात्रियों से उत्कृष्ट फीडबैक प्राप्त हो रहा है।

## युवक की चाकू मारकर हत्या, चार गिरफ्तार

संवाददाता कुशीनगर।

**अमृत विचार:** जनपद के सेवरही थाना क्षेत्र के राजपुरखास गांव स्थित टोला बेनिया में गुरुवार सुबह पंचायत के दौरान हुए विवाद में एक युवक की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान 38 वर्षीय जगु निषाद पुत्र स्व. हिरालाल निषाद के रूप में हुई है। घटना के बाद गांव में अफरा-तफरी मच गई और परिजनों व ग्रामीणों ने जमकर हंगामा किया। हालात को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को भारी फोर्स के साथ मौके पर पहुंचना पड़ा। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पीपरा घाट टोला नरवा निवासी कुछ लोगों के बीच बुधवार को आपसी विवाद हुआ था। आरोप है कि मारपीट के साथ मोबाइल व मोटरसाइकिल छीने गए थे। इसी मामले को सुलझाने के लिए गुरुवार सुबह जगु निषाद पंचायत लेकर आरोपी प्रिंस निषाद पुत्र मुन्ना निषाद, सोनू, सचिन व सन्नी पुत्र नत्थू निषाद के घर पहुंचे थे। पंचायत के दौरान कहासुनी ने उग्र रूप ले लिया और प्रिंस निषाद ने आपा खोते हुए चाकू से जगु निषाद पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल अवस्था में परिजन उसे आनन-फानन में सेवरही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही सेवरही थानाध्यक्ष धीरेंद्र राय पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास किया। इस दौरान ग्रामीणों और पुलिस के बीच हल्की झड़प भी हुई। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए अपर पुलिस अधीक्षक, सीओ, एसडीएम सहित कई थानों की फोर्स को गांव में तैनात कर दिया गया है। घटना के बाद ग्रामीणों ने पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाया है। पुलिस क्षेत्राधिकारी राकेश कुमार सिंह ने बताया कि चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## बाढ़ आपदा के दृष्टिगत मॉकड्रिल का आयोजन

संवाददाता कुशीनगर।

**अमृत विचार:** जनपद के तहसील-खड्डा अंतर्गत ग्राम-भैसहा में बाढ़ आपदा के दृष्टिगत मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। बाढ आपदा प्रबंधन मे सभी विभाग सामंजस्य बनाकर कैसे कार्य करेंगे एक सजीव अभ्यास था। जिसमें राजस्व, पुलिस, पशुपालन, स्वास्थ्य विभाग, पीडब्ल्यूडी, अग्निशमन विभाग आदि विभाग सम्मिलित थे। कार्यक्रम का संचालन जिला आपदा विशेषज्ञ रवि प्रताप राय द्वारा किया गया। मॉकड्रिल कार्यक्रम के अंतर्गत एसडीएम खड्डा द्वारा वायरलेस के माध्यम से बडी गंडक नदी के जल स्तर में वृद्धि से ग्राम ग्राम-भैसहाँ के जलमग्न होने व 10 व्यक्तियों को फसें होने एवं 5 व्यक्तियों की डुबने की सूचना प्राप्त हुई। आवश्यक कार्रवाई अपेक्षित है। तैनात अधिकारी ने सूचना रजिस्टर में दर्ज करते हुए रेडियो सेट के माध्यम अपर जिलाधिकारी को सूचित किया गया। अपर जिलाधिकारी द्वारा एसडीआरएफ टीम को सडक मार्ग पर ग्रीन कॉरिडोर उपलब्ध कराने की सूचना दी गई।

**कवायद** — सीडीओ की अध्यक्षता में विकास भवन में एनीमिया मुक्त भारत की बैठक हुई

# एनीमिया मुक्त गोरखपुर के लिए समन्वित प्रयासों पर हो जोर

संवाददाता, गोरखपुर


विकास भवन में बैठक में भाग लेते मुख्य विकास अधिकारी। फोटो : अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिले को एनीमिया मुक्त बनाने के लिए सभी स्टेकहोल्डर्स को समन्वित प्रयास करने होंगे। उक्त बातें जिले के सीडीओ शाश्वत त्रिपुरारी ने विकास भवन सभागार में बुधवार को एनीमिया मुक्त भारत संबंधित बैठक को संबोधित करते हुए कहे बैठक में। एम्स गोरखपुर, स्वास्थ्य विभाग, आईसीडीएस और यूनिसेफ सहित कई सहयोगी विभाग और संस्थाएं शामिल हुईं।

बैठक में सैम प्रबंधन, एनीमिया नियंत्रण और छह माह तक के शिशुओं के पोषण संवर्धन को लेकर गहन चर्चा हुई। वर्ष भर की उपलब्धियों का विस्तृत प्रस्तुतीकरण किया गया। चुनौतियों पर विचार-विमर्श और आगामी रणनीति तय की गई।

इस अवसर पर सीडीओ शाश्वत त्रिपुरारी ने कहा कि मातृत्व एनीमिया प्रबंधन को सुदृढ़ करने के लिए समुदाय और स्वास्थ्य सुविधाओं के बीच मजबूत संपर्क स्थापित किया जाए, जिससे नवजात शिशुओं और माताओं को एनीमिया के दुष्प्रभावों से बचाया जा सके। बैठक में सीडीओ को बताया गया कि ब्लॉक स्तर पर मातृ एनीमिया प्रबंधन केंद्रों की स्थापना होगी, जिनमें आदर्श केंद्रों का विकास और प्रदर्शन किया जाएगा। एनीमिया मुक्त भारत कार्यक्रम के लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए नियमित समीक्षा और जिला प्रशासन की अध्यक्षता में तिमाही जिला टास्क फोर्स बैठकें आयोजित की जाएंगी। आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत करने के लिए स्वास्थ्य केंद्रों, स्कूलों, और आंगनवाड़ी केंद्रों तक आवश्यक पोषण और चिकित्सा सुविधाएं पहुंचाने पर बल दिया जाएगा।

सीएमओ डॉ राजेश झा ने बताया कि बैठक में 6 माह से छोटे शिशुओं में प्रारंभिक वृद्धि बाधा की रोकथाम के लिए बांसगांव के आंगनवाड़ी केंद्रों पर एक विशेष पायलट प्रोग्राम संचालित करने के बारे में भी चर्चा हुई। यह प्रोग्राम पूरे जिले और प्रदेश के लिए एक आदर्श मॉडल बनेगा। इस केंद्र पर स्वास्थ्य विभाग भी सभी आवश्यक सहयोग देगा। 6-59 माह के सैम बच्चों के प्रबंधन के लिए संभव अभियान के अंतर्गत सैम बच्चों की पहचान एवं समुदाय स्तर पर प्रबंधन किया जाएगा। यह समग्र रणनीति कुपोषण और एनीमिया के उन्मूलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी और बच्चों व माताओं के स्वास्थ्य को सशक्त बनाएगी। एम्स गोरखपुर और यूनिसेफ उत्तर प्रदेश के संयुक्त प्रयास से अप्रैल 2024 में स्टेट रिसोर्स सेंटर फॉर न्यूट्रिशन की स्थापना की गई, जिसका उद्देश्य बच्चों और महिलाओं में कुपोषण की रोकथाम और प्रबंधन को सुदृढ़ बनाना है। यह केंद्र एम्स गोरखपुर के बाल एवं शिशु रोग विभाग, स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग और कम्युनिटी मेडिसिन विभाग द्वारा संचालित किया जा रहा है। गोरखपुर और श्रावस्ती जिलों में इस केंद्र के माध्यम से एनीमिया और वेस्टिंग पर विशेष कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं, जो उत्तर प्रदेश सरकार के स्वास्थ्य और आईसीडीएस विभाग को तकनीकी सहायता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।



अमृत विचार
www.amritvichar.com
अयोध्या, शुक्रवार, 27 जून 2025


# सेंसेक्स 1000 अंक चढ़ा, बाजार झूमा

## भू-राजनीतिक तनाव कम होने और बड़ी कंपनियों के शेयरों में लिवाली से आई तेजी

**मुंबई, एजेंसी**

भू-राजनीतिक तनाव कम होने और चुनिंदा बड़ी कंपनियों के शेयरों में लिवाली से स्थानीय शेयर बाजार गुरुवार को लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में बढ़त के साथ बंद हुए। सेंसेक्स में जहां 1,000 अंक का जोरदार उछाल आया, वहीं निफ्टी 304 अंक चढ़ गया।

प. एशिया में तनाव कम होने और घरेलू स्तर पर उपजे आशावाद ने निवेशकों की धारणा को मजबूती दी। साथ ही अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये में मजबूती के रुख से भी तेजी को समर्थन मिला। बीएसई का सेंसेक्स 1,000.36 अंक बढ़कर 83,755.87 अंक पर बंद हुआ। एनएसई का निफ्टी भी 304.25 अंक बढ़कर 25,549 अंक पर बंद हुआ।सेंसेक्स में टाटा स्टील, बजाज फाइनेंस, भारती एयरटेल, अडाणी पोर्ट्स, इटर्नल, बजाज फिनसर्व, एनटीपीसी, एचडीएफसी बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज और एक्सिस बैंक के शेयरों में तेजी रही। वहीं, ट्रेंट, एसबीआई, टेक महिंद्रा, मारुति और महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयरों में गिरावट आई।



● अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये में मजबूती के रुख से भी बाजार को मिला समर्थन

जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, प. एशिया में शांति के बाद मानक सूचकांक ने निवेशकों के भरोसे को दर्शाया। हालांकि, विदेशी संस्थागत निवेशकों की बिकवाली जारी है, लेकिन घरेलू संस्थागत निवेशक घरेलू खपत बढ़ने और नकदी की स्थिति सुधरने से शुद्ध खरीदार बने हैं। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजित मिश्रा ने कहा, मासिक वायदा अनुबंधों के निपटान के दिन बाजार 1% से अधिक चढ़ गए। सत्र की शुरुआत से ही सकारात्मक कारोबार हुआ, जिसके पीछे वैश्विक संकेतों की अहम भूमिका रही। चुनिंदा कंपनियों में खरीदारी से बढ़त को मजबूती मिली। एशिया के अन्य बाजारों में जापान का निक्की बढ़त, जबकि दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग के हैंग सेंग में गिरावट रही।

### तीन सत्र में निवेशकों की संपत्ति 9.70 लाख करोड़ बढ़ी

नई दिल्ली। भू-राजनीतिक तनाव कम होने के बाद बढ़ती सकारात्मक धारणा के बीच बाजार में तीन सत्र में तेजी से निवेशकों की संपत्ति 9.70 लाख करोड़ रुपये बढ़ गई। सेंसेक्स में तीन सत्र में 1,859.08 अंक या 2.27 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई। बीएसई में शामिल कंपनियों का बाजार पूंजीकरण तीन सत्र में 9,70,200.71 करोड़ रुपये बढ़कर 4,57,52,700.57 करोड़ रुपये हो गया। बीएसई में 2,097 शेयर में तेजी आई, 1,900 में गिरावट आई तथा 156 शेयर में कोई बदलाव नहीं हुआ।

### क्षेत्रवार सूचकांकों में भी रही बढ़त

व्यापक बाजार में बीएसई मिडकैप सूचकांक में 0.56 प्रतिशत की तेजी रही जबकि स्मॉलकैप 0.12 प्रतिशत चढ़ गया। क्षेत्रवार सूचकांकों में से धातु खंड में सर्वाधिक 2.28 प्रतिशत की तेजी रही जबकि तेल एवं गैस खंड में 1.88 प्रतिशत और ऊर्जा खंड में 1.68 प्रतिशत की बढ़त रही। बीएसई पर सूचीबद्ध 2,097 शेयरों में तेजी रही जबकि 1,900 शेयर गिरकर बंद हुए और 156 अन्य के भाव अपरिवर्तित रहे।

### एफआईआई ने 2427 करोड़ के शेयर बेचे

वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.18% बढ़कर 67.80 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। शेयर बाजार के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बुधवार को 2,427.74 करोड़ के शेयर बेचे, जबकि घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने 2,372.96 करोड़ के शेयर खरीदे। बुधवार को सेंसेक्स 700.40 अंक उछलकर 82,755.51 अंक पर और निफ्टी 200.40 अंक चढ़कर 25,244.75 अंक पर रहा था।

## द्वैधाधिकार मॉडल: बढ़ता व्यापारिक रुझान

द्वैधाधिकार (दोहरी लाइसेंसिंग) एक व्यापारिक रणनीति है, जिसमें कोई कंपनी एक ही सॉफ़्टवेयर या उत्पाद को दो अलग-अलग लाइसेंसों के तहत जारी करती है। आमतौर पर एक ओपन-सोर्स और दूसरा व्यावसायिक। यह मॉडल तकनीकी कंपनियों, विशेष रूप से सॉफ़्टवेयर विकास में आम है। इससे कंपनियों को उत्पाद की व्यापक स्वीकार्यता और व्यावसायिक लाभ दोनों मिलते हैं। उद्यमी ओपन-सोर्स संस्करण को मुफ्त में अपनाकर उत्पाद का मूल्य समझ सकते हैं, जबकि व्यावसायिक संस्करण उन कंपनियों के लिए होता है जिन्हें अतिरिक्त सुविधाएं, समर्थन या सुरक्षा चाहिए होती है।



### क्या है द्वैधाधिकार

द्वैधाधिकार- एक ही उत्पाद को दो अलग-अलग लाइसेंस शर्तों पर उपलब्ध कराना। सामान्यत:, एक ओपन-सोर्स लाइसेंस के तहत सॉफ्टवेयर को सार्वजनिक रूप से मुफ्त उपलब्ध कराया जाता है, जबकि दूसरा- प्रोप्रायटरी या वाणिज्यिक लाइसेंस- भुगतान आधारित सुविधाओं और सेवाओं के साथ आता है। यह रणनीति तकनीकी स्टार्टअप्स, सॉफ़्टवेयर कंपनियों और ओपन-सोर्स परियोजनाओं में व्यापक रूप से अपनाई जाती है।

### इस रणनीति से फायदे

- **बाजार विस्तार :** ओपन-सोर्स से उत्पाद का प्रसार, जिससे उपयोगकर्ता समुदाय बनता है।
- **राजस्व सृजन :** वाणिज्यिक लाइसेंस के माध्यम से कंपनियां राजस्व प्राप्त कर सकती हैं।
- **फीडबैक और सुधार :** फ्री उपयोगकर्ता फीडबैक देते हैं, जिससे उत्पाद बेहतर होता है।
- लचीली ग्राहक सेवा : ग्राहकों के अनुसार सेवाएं और सुविधाएं कस्टमाइज करना।

### जोखिम को समझें

- **लाइसेंस भ्रम :** ग्राहकों को ओपन-सोर्स व वाणिज्यिक लाइसेंस की शर्तों में भ्रम होता है।
- **कस्टमर कन्वर्जन चुनौती :** सभी मुफ्त उपयोगकर्ता भुगतान ग्राहक नहीं बनते।
- **सुरक्षा :** ओपन-सोर्स संस्करण के कोड सार्वजनिक होने से साइबर जोखिम बढ़ सकता है।
- **कानूनी जटिलता :** लाइसेंस उल्लंघन पर कंपनी की प्रतिष्ठा को नुकसान हो सकता है।

**किन क्षेत्रों में प्रभावी :** आईटी कंपनियां, एंटरप्राइज सॉफ़्टवेयर कंपनियां, साइबर सुरक्षा समाधान प्रदाता, डेटा एनालिटिक्स और मशीन लर्निंग प्लेटफ़ॉर्म

# रेपो दर में 0.50% कटौती का लाभ ग्राहकों तक पहुंचाएं सभी बैंक :आरबीआई रिपोर्ट

**मुंबई, एजेंसी**

● प्रमुख नीतिगत दर रेपो को केंद्रीय बैंक ने 0.50% घटाकर 5.50% कर दिया है

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की रिपोर्ट में सुझाव दिया गया है कि सभी बैंकों को नीतिगत दरों में कटौती का लाभ ग्राहकों तक तेजी से पहुंचाते हुए कर्ज को सस्ता करना चाहिए। केंद्रीय बैंक ने इसी महीने प्रमुख नीतिगत दर रेपो को 0.50% घटाकर 5.50% कर दिया है।

रिजर्व बैंक के जून बुलेटिन में प्रकाशित एक लेख में इस बात पर जोर दिया गया है कि दरों में कटौती का लाभ ग्राहकों तक प्रभावी तरीके से पहुंचाने के लिए वित्तीय स्थितियां अनुकूल बनी हुई हैं। अधिकांश बैंक फरवरी और अप्रैल में घोषित दरों में कटौती का लाभ ग्राहकों तक पहले ही पहुंचा चुके हैं। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), बैंक ऑफ बड़ौदा (बीओबी) और एचडीएफसी बैंक सहित कई बड़े बैंक 6 जून को आरबीआई द्वारा रेपो दर में 0.50% की कटौती के कुछ ही दिन में अपनी मानक ऋण दर से जुड़ी ब्याज दर में इतनी ही कटौती कर चुके हैं।

इसी महीने रेपो दर में 0.50% की कटौती के अलावा, आरबीआई ने वर्ष की दूसरी छमाही के दौरान चरणबद्ध तरीके से नकद आरक्षित अनुपात (सीआरआर) में 1% की कटौती करके इसे शुद्ध मांग और सावधि देयताओं (एनडीटीएल) के 3% तक लाने की घोषणा की थी। रिजर्व बैंक के जून के बुलेटिन में अर्थव्यवस्था की स्थिति विषय पर प्रकाशित लेख में कहा गया, वित्तीय स्थितियां ब्याज दर में कटौती का लाभ ऋण बाजार तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने के लिए अनुकूल बनी हुई हैं।

## रिलायंस इंडस्ट्रीज की पूंजी फिर 20 लाख करोड़ के पार

**नई दिल्ली।** रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर में गुरुवार को 2% की तेजी आई और कंपनी की पूंजी (मार्केट कैप) फिर 20 लाख करोड़ के आंकड़े को पार कर गया। कंपनी का शेयर 1.90% की तेजी के साथ 1,495.20 रुपये पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 2.14% चढ़कर 1,498.70 रुपये पहुंचा था। एनएसई पर शेयर 1.90% चढ़कर 1,495.30 रुपये पर पहुंच गया। कंपनी का बाजार मूल्यांकन 37,837.9 करोड़ बढ़कर 20,23,375.31 करोड़ हो गया।

# 7 आवासीय बाजारों में कीमतें 11% बढ़ी, बिक्री 20% घटी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

देश के शीर्ष 7 शहरों में तिमाही में आवास की कीमते सालाना आधार पर 11% बढ़ीं, जिससे बिक्री में 20% की गिरावट आई। रियल एस्टेट सलाहकार एनारॉक ने भारत के 7 प्रमुख आवासीय बाजारों के आंकड़े गुरुवार को जारी किए। अप्रैल-जून तिमाही में मकानों की बिक्री में 20% की गिरावट आई। अप्रैल-जून तिमाही में इस साल 96,285 मकान बेचे गए जबकि पिछले साल इसी तिमाही में 1,20,335 इकाइयों की बिक्री की गई थी। दिल्ली-एनसीआर, मुंबई महानगर क्षेत्र (एमएमआर), बेंगलुरु, हैदराबाद, पुणे और कोलकाता में मकानों की बिक्री में गिरावट आई। चेन्नई में मांग में वृद्धि दर्ज की गई। एनारॉक के चेयरमैन अनुज पुरी ने कहा, 2025 की दूसरी (अप्रैल-जून) तिमाही भारतीय आवास बाजार के लिए उतार-चढ़ाव भरी रही। देश और विदेश में सैन्य कार्रवाइयां भी इसकी मुख्य वजह रही।



● रियल एस्टेट सलाहकार एनारॉक ने आवासीय बाजारों के आंकड़े किए जारी

### रियल एस्टेट में पीई निवेश घटकर 1.73 अरब डॉलर

**नई दिल्ली।** भारतीय रियल एस्टेट क्षेत्र में निजी इक्विटी (पीई) निवेश चालू कैलेंडर साल में 15 जून तक 1.73 अरब डॉलर रहा, जो 2024 की पहली छमाही के 2.96 अरब डॉलर के मुकाबले बेहद कम है। संपत्ति सलाहकार नाइट फ्रैंक इंडिया ने कहा कि 2025 की पहली छमाही में रियल एस्टेट क्षेत्र में पीई निवेश और गिरने की आशंका है क्योंकि निवेशक सतर्क रुख अपना रहे हैं। उच्च ब्याज दरें, नकदी की सख्त स्थिति और जोखिम-समायोजन एवं कर-पश्चात रिटर्न को लेकर निवेशकों की बढ़ती पड़ताल के कारण वैश्विक पूंजी प्रवाह में बदलाव इस संभावित गिरावट के मुख्य कारण हैं।

### 7 शहरों में कार्यालय स्थल की पट्टा मांग 11% बढ़ी

वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के बावजूद कंपनियों की अच्छी मांग से 7 प्रमुख शहरों में कार्यालय स्थल की पट्टा मांग 11% बढ़कर 178 लाख वर्ग फीट हो गया। अप्रैल-जून 2024 में 7 प्रमुख शहरों में सकल पट्टा मांग 161 लाख वर्ग फीट था। रियल एस्टेट सलाहकार कोलियर्स इंडिया के अनुसार, 6 शहरों बेंगलुरु, चेन्नई, दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर), हैदराबाद, कोलकाता और पुणे में मांग बढ़ी है। मुंबई में कार्यालय स्थल की पट्टा मांग में गिरावट आई है। कोलियर्स के प्रबंध निदेशक (भारत में कार्यालय सेवाएं) अर्पित मेहरोत्रा ने कहा, भारत का कार्यालय बाजार दो वर्ष में भी और वृद्धि करेगा।



## एक नजर

### छत्तीसगढ़ : मुठभेड़ में दो महिला नक्सली ढेर

**नारायणपुर।** छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में दो महिला नक्सली को मार गिराया। पुलिस अधिकारियों ने गुरुवार को बताया कि अबूझमाड़ क्षेत्र में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में दो महिला नक्सलियों को मार गिराया। माओवादियों के माड़ डिवीजन के नक्सलियों के होने की सूचना पर नारायणपुर और कोंडागांव जिले के जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) और एसटीएफ के संयुक्त दल को नक्सल विरोधी अभियान में रवाना किया गया था। बुधवार शाम को जब सुरक्षाबल के जवान क्षेत्र में थे तब नक्सलियों के साथ मुठभेड़ शुरू हुई।

### बांग्लादेश सीमा के पास से सोने के 20 बिस्कुट बरामद

**कोलकाता।** बीएसएफ ने प. बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले में भारत-बांग्लादेश सीमा के पास सोने के 20 बिस्कुट बरामद किए हैं। एक अधिकारी ने गुरुवार को बताया कि जब्त हुए 2.367 किलोग्राम सोने का अनुमानित बाजार मूल्य 2.31 करोड़ रुपये से अधिक है। जीतपुर सीमा चौकी पर तैनात 59 बटालियन के जवानों ने बुधवार को सीमा पार करने की कोशिश कर रहे साइकिल सवार व्यक्ति को रोका और उसके पास से सोने के बिस्कुट बरामद किए।

### शिअद नेता मजीठिया को सतर्कता रिमांड में भेजा

**चंडीगढ़।** मोहाली की अदालत ने गुरुवार को शिरोमणि अकाली दल के नेता बिक्रम सिंह मजीठिया को 7 दिन की सतर्कता रिमांड में भेज दिया। सतर्कता ब्यूरो ने 540 करोड़ से अधिक के मादक पदार्थ से अर्जित धन के शोधन में गिरफ्तार किया था। अदालत में पेश करने से पहले पुलिस ने कई समर्थकों को हिरासत में लिया जो प्रदर्शन कर रहे थे।

# हिंदी किसी भारतीय भाषा की विरोधी नहीं

## भाषा विभाग के स्वर्ण जयंती समारोह में गृह मंत्री शाह बोले- किसी विदेशी भाषा का विरोध नहीं होना चाहिए

**नई दिल्ली, एजेंसी**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को कहा कि हिंदी किसी भारतीय भाषा की विरोधी नहीं है, बल्कि यह सभी भारतीय भाषाओं की सखी है और देश में किसी विदेशी भाषा का विरोध नहीं होना चाहिए। केंद्र सरकार के आधिकारिक भाषा विभाग के स्वर्ण जयंती समारोह को संबोधित करते हुए शाह ने सभी राज्य सरकारों से चिकित्सा और इंजीनियरिंग शिक्षा स्थानीय भाषा में प्रदान करने की पहल करने भी आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि केंद्र सभी राज्य सरकारों को प्रशासनिक कामकाज में भारतीय भाषाओं का उपयोग करने में मदद करेगा। गृह मंत्री ने कहा, मेरा विश्वास है कि हिंदी किसी भी भारतीय भाषा की विरोधी नहीं हो सकती। हिंदी सभी भारतीय भाषाओं की सखी है। हिंदी और अन्य भारतीय भाषाएं मिलकर देश की संस्कृति के स्वाभिमान को और बढ़ा सकती हैं। गृह मंत्री ने कहा कि गुलामी की मानसिकता से सभी को मुक्ति मिलनी चाहिए और जब तक कोई व्यक्ति अपनी भाषा पर गर्व नहीं करेगा या अपनी भाषा में अपनी बात नहीं कहेगा, तब तक वह व्यक्ति गुलामी की मानसिकता से मुक्त नहीं हो सकता।



उन्होंने कहा, किसी भाषा का विरोध नहीं है। किसी विदेशी भाषा का विरोध नहीं होना चाहिए, लेकिन अपनी भाषा का गौरव बढ़ाने की ललक होनी चाहिए, अपनी भाषा बोलने की ललक होनी चाहिए, अपनी भाषा में सोचने की ललक होनी चाहिए। शाह ने कहा कि जहां तक देश का सवाल है, भाषा सिर्फ संचार का माध्यम नहीं है, यह राष्ट्र की आत्मा है। शाह ने कहा, भारतीय भाषाओं को जीवंत रखना और उन्हें समृद्ध बनाना महत्वपूर्ण है। हमें आने वाले दिनों में सभी भारतीय भाषाओं, विशेषकर राजभाषा के लिए हरसंभव प्रयास करने चाहिए।

### मादक पदार्थ तस्करों पर प्रहार कर रही सरकार

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मादक पदार्थ को युवाओं के लिए सबसे बड़ी समस्या बताते हुए गुरुवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार नशीले पदार्थों की तस्करी करने वालों पर बेरहमी से प्रहार कर रही है और नशे की लत में फंसे युवाओं को सहानुभूति के साथ सामान्य जीवन की ओर लौटा रही है। शाह ने अंतर्राष्ट्रीय मादक पदार्थ निषेध और तस्करी रोकथाम दिवस के अवसर पर नशा मुक्त भारत की लड़ाई में शामिल योद्धाओं और सहयोगियों को शुभकामनाएं देते हुए यह बात कही। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा, नशीले पदार्थ हमारे युवाओं के लिए सबसे बड़ी समस्या हैं। इस खतरे से निपटने के लिए पूरी मोदी सरकार काम कर रही है, 'नार्को-कार्टेल' पर बेरहमी से प्रहार कर रही है और नशे की लत में फंसे युवाओं को सहानुभूति के साथ सामान्य जीवन की ओर लौटा रही है। गृह मंत्री ने उम्मीद जताई कि यह दिन नशीले द्रव्यों के दुरुपयोग के खतरे के खिलाफ देश के संकल्प को और मजबूत करेगा।

## भाषा के आधार पर लोगों को बांटने की कोशिश : उद्धव

**मुंबई, एजेंसी**

शिवसेना (उबाठा) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने गुरुवार को आरोप लगाया कि भाजपा भाषा के आधार पर लोगों के बीच विभाजन पैदा करने की कोशिश कर रही है और महाराष्ट्र में भाषाई आपातकाल लगा रही है।

उद्धव ने कहा कि उनकी पार्टी हिंदी के विरोध में नहीं है, लेकिन मराठी भाषी राज्य में हिंदी भाषा थोपे जाने के खिलाफ जरूर है। मराठी और अंग्रेजी माध्यम के स्कूलों में कक्षा 1 से 5 तक के छात्रों को हिंदी पढ़ाने के मुद्दे पर जारी विवाद के बीच उन्होंने कहा कि हम किसी भाषा का विरोध या उससे नफरत नहीं करते हैं, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि हम किसी भी भाषा को थोपने की अनुमति देंगे।



● उद्धव बोले- मराठी भाषी राज्य में हिंदी थोपे जाने के खिलाफ

उन्होंने अपनी पूर्व सहयोगी पार्टी पर निशाना साधते हुए दावा किया कि भाजपा भाषा के आधार पर लोगों के बीच विभाजन पैदा करने की कोशिश कर रही है। ठाकरे ने आरोप लगाया कि भाजपा का गुप्त एजेंडा हिंदी को थोपने का है। पूर्व मुख्यमंत्री ने यह दावा भी किया कि सत्तारूढ़ पार्टी भाषाई आपातकाल लगा रही है।

# एक साथ चुनाव के मुद्दे पर संसदीय समिति के सामने पक्ष रखेंगे दो पूर्व सीजेआई

**नई दिल्ली, एजेंसी**

पूर्व प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़ और जेएस खेहर एक साथ चुनाव कराने के प्रस्ताव वाले विधेयकों का अध्ययन कर रही संसदीय समिति के समक्ष अपना पक्ष रखेंगे। एक सूत्र ने गुरुवार को बताया कि संविधान (129वां संशोधन) विधेयक, 2024 और केंद्र शासित प्रदेश कानून (संशोधन) विधेयक, 2024 पर संसद की संयुक्त समिति की अगली बैठक 11 जुलाई को तय है, जब समिति के सदस्य दोनों पूर्व सीजेआई से बात करेंगे। वहीं, वरिष्ठ अधिवक्ता और पूर्व राज्यसभा सदस्य ईएम सुदर्शन नचियप्पन, जो कार्मिक, लोक शिकायत, कानून और न्याय पर स्थायी समिति के पूर्व अध्यक्ष भी हैं और पूर्व केंद्रीय कानून मंत्री एम वीरप्पा मोइली भी समिति के समक्ष उपस्थित होंगे। यह 39 सदस्यीय समिति एक साथ चुनाव कराने के मुद्दे से संबंधित दो विधेयकों की जांच कर रही है, जिसमें संविधान में संशोधन करने वाला विधेयक भी शामिल है। पीपी चौधरी की अध्यक्षता वाली समिति का कार्यकाल मानसून सत्र के अंतिम सप्ताह के पहले दिन तक बढ़ाया गया है।





## बचपन की मस्ती



गुजरात के राजकोट में भारी बारिश के बाद कई इलाकों में जलभराव हो गया, जिससे आम जनजीवन प्रभावित हो गया। वहीं दूसरी ओर बच्चों ने इसे खेल का अवसर बना लिया और पानी भरे सड़को पर मस्ती करते नजर आएं। एजेंसी

## सीबीआई का 42 ठिकानों पर छापा, नौ हिरासत में

**देहरादून/नई दिल्ली, अमृत विचार।** सीबीआई ने 700 से अधिक बैंक शाखाओं में 8.5 लाख ऐसे फर्जी या निष्क्रिय खातों का पता लगाया है, जिनका इस्तेमाल डिजिटल अरेस्ट, धोखाधड़ी वाले निवेश और यूपीआई-आधारित धांधली से कमाई के लिए हो रहा था।

सीबीआई प्रवक्ता ने बताया कि इन खातों पर कार्रवाई करते हुए ऑपरेशन चक्र के तहत राजस्थान, दिल्ली, हरियाणा, उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश में 42 ठिकानों पर तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान नौ संदिग्धों (दिल्ली से 3, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और राजस्थान से 2-2) को हिरासत में लिया गया, जिनमें कथित बिचौलिये, एजेंट, एग्रीगेटर, खाताधारक और बैंकिंग प्रतिनिधि शामिल हैं। इन पर फर्जी खाते खोलने में मदद करने का आरोप है।

# वैवाहिक मामलों में मध्यस्थता को लेकर गलतफहमी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कहा कि वैवाहिक मामलों में मध्यस्थता की अवधारणा के बारे में गलतफहमी है और अक्सर मध्यस्थता का मतलब यह माना जाता है कि दोनों पक्षों को एक साथ रहना होगा।

न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन और एन कोटिश्वर सिंह ने एक स्थानांतरण याचिका पर यह टिप्पणी की। न्यायमूर्ति विश्वनाथन ने कहा, वैवाहिक मामलों में हमने पाया गया कि मध्यस्थता की अवधारणा को लेकर गलतफहमी है। जैसे ही हम मध्यस्थता की बात करते हैं, उन्हें लगता है कि हम उन्हें साथ रहने को कह रहे हैं। हमें इस बात से कोई मतलब नहीं है कि वे साथ हैं या अलग। हम बस मामले का हल चाहते हैं। हम चाहेंगे कि वे साथ रहें। सुप्रीम कोर्ट ने वाणिज्यिक अदालतें अधिनियम, 2015 का उल्लेख किया, जिसमें मुकदमे से पहले मध्यस्थता और समाधान का प्रावधान है। पीठ ने कहा, वाणिज्यिक अदालतें अधिनियम में भी आपको इससे गुजरना होता है।



### कर्नाटक पुलिस की याचिका पर सुनवाई को शीर्ष सहमति

सुप्रीम कोर्ट ने हत्या के मामले में आरोपी की हिरासत से जुड़े आदेश को कर्नाटक हाईकोर्ट द्वारा खारिज करने के खिलाफ राज्य पुलिस की याचिका पर सुनवाई के लिए गुरुवार को सहमत जताई। हाईकोर्ट ने ये कहते हुए हिरासत से जुड़े अधीनस्थ अदालत के आदेश को खारिज कर दिया था कि आरोपी को गिरफ्तारी का आधार नहीं बताया गया था। न्यायमूर्ति के. वी. विश्वनाथन और एन. कोटिश्वर सिंह की पीठ ने कहा कि इस मामले पर विचार करने की आवश्यकता है। विशेष अनुमति याचिका और स्थगन अर्जी पर नोटिस जारी करें।

### न्यायालय ने चिकित्सकों की याचिका की खारिज

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि बेंगलुरु का महानगरीय जीवन बहुत आकर्षक है और उसने शहर से बाहर स्थानांतरण के खिलाफ दायर चिकित्सकों की याचिका पर विचार करने से इन्कार कर दिया। न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां और के.विनोद चंद्रन की पीठ ने यह उल्लेख किया कि यदि चिकित्सकों का बेंगलुरु से बाहर तबादला किया गया है तो इसमें कोई पूर्वाग्रह नहीं है। बेंगलुरु का महानगरीय जीवन बहुत आकर्षक है। कर्नाटक के अन्य क्षेत्र भी विकसित हैं। आप समाज के विशेषाधिकार प्राप्त वर्ग हैं। यदि आप स्थानांतरण का विरोध करेंगे तो दूसरों का क्या होगा। हम याचिका पर विचार करने के लिए इच्छुक नहीं हैं।

## एक महिला को इसलिए गुजारा भत्ते से वंचित नहीं कर सकते क्योंकि वह कमाती है : बंबई हाईकोर्ट

**मुंबई।** बंबई हाईकोर्ट ने कहा कि एक महिला को अलग रह रहे पति से मिलने वाली वित्तीय सहायता से सिर्फ इसलिए वंचित नहीं किया जा सकता, क्योंकि वह कमाती है। न्यायमूर्ति मंजूषा देशपांडे की पीठ ने 18 जून के आदेश में कहा कि पत्नी उसी जीवन स्तर की हकदार है, जिस तरह का जीवन वह पति से अलग होने से पहले ससुराल में गुजार रही थी।

अदालत ने एक व्यक्ति की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसे अगस्त 2023 के कुटुम्ब अदालत के आदेश को चुनौती देते हुए दायर किया गया था। कुटुम्ब अदालत ने व्यक्ति को पत्नी को 15,000 रुपये मासिक गुजारा भत्ता देने का निर्देश दिया था। याचिकाकर्ता ने कहा कि उसकी पत्नी 25,000 रुपये प्रतिमाह से अधिक कमाती है, इसलिए उसे गुजारा भत्ते की जरूरत नहीं है। अदालत ने कहा कि पत्नी कमा रही है, लेकिन यह उसके भरण-पोषण को पर्याप्त नहीं है।

# नीट स्नातक : दोषपूर्ण बायोमेट्रिक प्रणाली वाली याचिका पर एनटीए से जवाब तलब

**नई दिल्ली, एजेंसी**

● दिल्ली हाईकोर्ट ने अभ्यर्थी की याचिका पर एजेंसी को नोटिस किया जारी

दि ल्ली हाईकोर्टने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट)-स्नातक 2025 में शामिल हुए अभ्यर्थी की दोषपूर्ण बायोमेट्रिक सत्यापन प्रणाली के कारण मानसिक रूप से परेशानी पर क्षतिपूर्ति अंक देने का अनुरोध करने वाली याचिका पर राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) से जवाब तलब किया है। न्यायमूर्ति प्रतिभा एम. सिंह ने 20 जून को अभ्यर्थी की याचिका पर एजेंसी को नोटिस जारी किया।

याचिकाकर्ता ने आरोप लगाया कि परीक्षा से पहले प्रमाणीकरण प्रक्रिया के दौरान परीक्षा केंद्र पर बायोमेट्रिक सत्यापन प्रणाली काम नहीं कर रही थी, जिसके बाद उसे परीक्षा हॉल में प्रवेश की अनुमति के लिए आवेदन जमा करने पर मजबूर किया गया। न्यायालय ने परीक्षा केंद्र पर सीसीटीवी रिकॉर्डिंग, लॉग बुक प्रविष्टियों और सभी अन्य रजिस्टर को सुरक्षित रखने का निर्देश दिया है। अभ्यर्थी ने 4 मई को उत्तर प्रदेश के मेरठ में 'त्रिशला देवी कनोहर लाल बालिका इंटर कॉलेज' में नीट-स्नातक 2025 की परीक्षा दी थी। याचिकाकर्ता ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा में प्रतिपूरक अंक और संबंधित परीक्षा केंद्र से सीसीटीवी फुटेज को सुरक्षित रखने सहित राहत देने का अनुरोध किया था। उसे परीक्षा शुरू होने से 5 मिनट पहले प्रवेश की अनुमति दी गई थी।

# लीड्स का सकारात्मक पहलू बल्लेबाजी में बदलाव पटरी पर

## महज एक मैच से फैसला नहीं लिया जा सकता, शीर्ष चार बल्लेबाजों ने लाइन-अप को मजबूत रखा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

महज एक मैच से ही कोई फैसला नहीं लिया जा सकता लेकिन भारत ने निश्चित रूप से इंग्लैंड के खिलाफ शुरुआती टेस्ट में संन्यास ले चुके सुपरस्टार विराट कोहली और रोहित शर्मा की कमी महसूस नहीं की और शीर्ष चार खिलाड़ियों ने बल्लेबाजी लाइन-अप को मजबूत बनाए रखा। रोहित और कोहली की कमी को पूरा करने में कितना समय लगेगा? यह सवाल हेडिंग्ले में शुरुआती टेस्ट से पहले चर्चाओं का विषय रहा।

नए कप्तान शुभमन गिल के सेना देशों (दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया) में रिकॉर्ड पर सवाल उठाए गए थे लेकिन उन्होंने महत्वपूर्ण योगदान करके ड्रेसिंग रूम का सम्मान हासिल किया। उन्होंने नंबर चार पर खेलते हुए शानदार शतक बनाया और मेहमान टीम ने दो पारियों में पांच शतक बनाए लेकिन फिर भी मैच हार गए क्योंकि भारत का गेंदबाजी आक्रमण पूरी तरह से जसप्रीत बुमराह पर निर्भर है।

केएल राहुल ने शीर्ष क्रम में शानदार प्रदर्शन किया जिससे निकट भविष्य के लिए उनके बल्लेबाजी स्थान पर बहस बंद हो गई। उन्होंने दिखाया कि इंग्लैंड की परिस्थितियों में बल्लेबाजी करने का तरीका क्या है। उनके सलामी जोड़ीदार यशस्वी जायसवाल ने ऑस्ट्रेलिया के अपने पहले दौरे की शुरुआत में यादगार शतक लगाया था और इंग्लैंड में अपनी पहली पारी में यही दोहराया। गिल ने जिस तरह



कप्तान शुभमन गिल ने शतक लगा इरादे जता दिए थे। बुमराह ने भी एक पारी में पांच विकेट लिए। ● एजेंसी

से अपने पैरों का इस्तेमाल किया, उसे खेल के महान खिलाड़ियों ने भी देखा जिसमें पूर्व कप्तान सौरव गांगुली भी शामिल थे जो उनके सुधार से हैरान थे। गांगुली ने हाल में पीटीआई को दिए एक साक्षात्कार में कहा मैं विदेशी सरजमीं पर उनके पैरों के 'मूवमेंट' को देखकर बहुत खुश हूं। उनके पैरों में बहुत सुधार हुआ है। शुभमन ने पैरों का अच्छा इस्तेमाल किया और कोई गलती नहीं की।

पांचवें नंबर पर ऋषभ पंत ने परिपक्वता और तेज तर्रार बल्लेबाजी करते हुए एक टेस्ट में दो शतक बनाने की दुर्लभ उपलब्धि हासिल की। तीसरे नंबर पर उतरे साई सुदर्शन पहली पारी में एक सहज गेंद पर आउट हो गए लेकिन दूसरी पारी में टिककर खेले। उम्मीद है कि उन्हें लंबे समय तक मौका दिया जाएगा और यही बात करुण नायर पर भी लागू होती है। लेकिन भारत को गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण विभाग में बहुत सुधार करना होगा, लेकिन बल्लेबाजी अभी ठीक लगती है।

पूर्व भारतीय मुख्य चयनकर्ता एमएसके प्रसाद ने कहा रोहित और कोहली के संन्यास के बाद बदलाव हुआ है या नहीं, हम सीरीज के अंत में बता पाएंगे। उन्होंने कहा बल्लेबाजी में अच्छा प्रदर्शन कोई हैरानी की बात नहीं है क्योंकि वे अनुभवी क्रिकेटर हैं। गिल, यशस्वी, पंत, राहुल सभी बेहतरीन हैं और लंबे समय से खेल रहे हैं। राहुल जब टेस्ट क्रिकेट में इस तरह से खेलते हैं तो अपना सर्वश्रेष्ठ करते हैं। कुलदीप यादव को शामिल करने की चर्चाओं के बावजूद प्रसाद एजबेस्टन में अंतिम एकादश में कोई बदलाव नहीं करना चाहते। पूर्व भारतीय विकेटकीपर ने कहा शार्दुल ठाकुर को इसलिए चुना गया क्योंकि उन्होंने पिछले दौरों पर इंग्लैंड में अच्छा प्रदर्शन किया था। मैं उन्हें एक और मौका देना चाहूंगा। पर निचले क्रम को बल्ले से और अच्छा प्रदर्शन करने की जरूरत है। इंग्लैंड में कुछ यादगार पारियां खेलने वाले भारत के पूर्व कप्तान दिलीप वेंगसरकर भी बल्लेबाजों से प्रभावित हैं। उन्होंने कहा ज्यादातर बल्लेबाजों ने अच्छा प्रदर्शन किया जो भविष्य के लिए अच्छा संकेत है। इसके अलावा आपके पास तीन बेहतरीन बल्लेबाज श्रेयस अय्यर, सरफराज खान और देवदत्त पडीक्कल हैं जो टीम का हिस्सा भी नहीं हैं। वेंगसरकर ने कहा मुख्य बल्लेबाज फॉर्म में हैं और मुझे यकीन है कि करुण और साई भी अच्छा प्रदर्शन करेंगे।



ऋषभ पंत।

# ऋषभ पंत से अश्विन ने कहा कृपया दोहरे शतक लगाएं

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सीनियर ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने लीड्स में पांच मैच की टेस्ट श्रृंखला के पहले मैच में भारतीय टीम की पांच विकेट से हार का विस्तृत विश्लेषण करते हुए कहा कि भारत को अधिक समय बल्लेबाजी करने पर ध्यान देना चाहिए और ऋषभ पंत को मौजूदा टेस्ट श्रृंखला में इंग्लैंड के 'औसत' आक्रमण के खिलाफ अपने शतकों को दोहरे शतकों में बदलना चाहिए।

भारत ने दोनों पारियों में पांच शतक जड़े, लेकिन इंग्लैंड ने 371 रन के अपने दूसरे सबसे बड़े लक्ष्य को हासिल करके श्रृंखला में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली। अश्विन ने अपने यूट्यूब चैनल 'ऐश की बात' पर कहा एक चीज जिस पर भारतीय टीम की बल्लेबाजी ध्यान दे सकती है, वह यह है कि क्या आप हर पारी में बल्लेबाजी का समय बढ़ा सकते हैं- रनों के हिसाब से नहीं। इंग्लैंड के क्षेत्ररक्षण के समय को बढ़ाएं और उन्हें मैदान पर रखने के समय को भी बढ़ाएं। उन्होंने कहा मैं एक बात कहूंगा - घबराएं नहीं और बहुत अधिक बदलाव नहीं करें। भारत अगले टेस्ट में श्रृंखला बराबर कर सकता है। लेकिन अगर हम इंग्लैंड की रणनीति को नहीं समझते हैं तो यह श्रृंखला बहुत जल्दी हमारे से दूर जा सकती है। अश्विन ने कहा कि चौथे दिन जल्दी आउट होने के बाद मैच भारत के हाथ से फिसल गया। उन्होंने कहा जब आपने पांचवें दिन तक बल्लेबाजी जारी नहीं रखी तो खेल खत्म हो गया। इंग्लैंड की इस टीम ने खुलकर यह प्रचार किया है कि वे लक्ष्य चाहे जो भी हो, उसे हासिल करने के लिए जाएंगे। पंत के मैच में दो शतक की प्रशंसा करते हुए अश्विन ने कहा कि महेंद्र सिंह धोनी से उनकी तुलना करना उचित नहीं है क्योंकि धोनी ने कभी भी पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी नहीं की।



### इंग्लैंड ने दूसरे टेस्ट के लिए आर्चर को टीम में शामिल किया

**बर्मिंघम :** इंग्लैंड ने दो जुलाई से भारत के खिलाफ यहां शुरू हो रहे दूसरे क्रिकेट टेस्ट के लिए बृहस्पतिवार को तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर को टीम में शामिल किया। आर्चर पिछले कई वर्षों से अपने गेंदबाजी वाले हाथ में कोहनी से जुड़ी समस्या का सामना कर रहे हैं। उन्होंने अपना पिछला टेस्ट चार साल से भी अधिक समय पहले भारत के खिलाफ अहमदाबाद में खेला था। इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने बयान में कहा दाएं हाथ का यह 30 वर्षीय तेज गेंदबाज फरवरी 2021 के बाद पहली बार इंग्लैंड के टेस्ट ढांचे में वापसी कर रहा है और एजबस्टन में अपने 13 टेस्ट मैच की संख्या में इजाफा करने की कोशिश करेगा।

**इंग्लैंड की टीम :** बेन स्टोक्स (कप्तान), ओली पोप, हैरी ब्रूक, जो रूट, बेन डकेट, जैक क्रॉली, जेमी स्मिथ, सैम कुक, जैकब बेथेल, जोफ्रा आर्चर, शोएब बशीर, ब्राइडन कार्स, जेमी ओवरटन, जोश टंग और क्रिस वोक्स।

## एक नजर

### वेस्टइंडीज ने आस्ट्रेलिया को 180 रन पर आउट किया

**ब्रिजटाउन :** वेस्टइंडीज ने पहले क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन आस्ट्रेलिया को 180 रन पर आउट करने के बाद चार विकेट जल्दी गंवा दिए। पहले दिन का खेल समाप्त होने पर वेस्टइंडीज ने चार विकेट पर 57 रन बनाए थे। ब्रेंडन किंग पदार्पण करते हुए 23 रन बनाकर खेल रहे थे। इससे पहले आस्ट्रेलियाई टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 57 ओवर में 180 रन पर आउट हो गई जो वेस्टइंडीज में उसका न्यूनतम स्कोर है। वेस्टइंडीज के लिए जेडेन सील्स ने 60 रन देकर पांच विकेट लिए लेकिन शामार जोसेफ सबसे प्रभावी गेंदबाज रहे, जिन्होंने 46 रन देकर चार विकेट चटकाए। आस्ट्रेलिया के लिए सिर्फ उस्मान ख्वाजा (47), ट्रेविस हेड (59) और कप्तान पैट कमिंस (28) ही दोहरे अंक तक पहुंच सके।

### बैडमिंटन एशियाई जूनियर चैंपियनशिप के लिए टीम घोषित

**नई दिल्ली :** प्रतिभाशाली तन्वी शर्मा को 18 से 27 जुलाई तक इंडोनेशिया के सोलो में होने वाली बैडमिंटन एशियाई जूनियर चैंपियनशिप (टीम और व्यक्तिगत) के लिए भारत की 19 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया है। तन्वी ने बैडमिंटन एशिया महिला टीम चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता था। जूनियर विश्व नंबर एक पुरुष युगल टीम भार्गव राम एरिगेला और विश्व तेज गोब्बुरू से भी भारत को उम्मीदें होंगी। टीम स्पर्धा 18 से 22 जुलाई तक होंगी जबकि व्यक्तिगत मुकाबले 23 से 27 जुलाई तक खेले जाएंगे। टीम स्पर्धा रिले प्रारूप में होगी जिसमें 110 अंक तक पहले पहुंचने वाली टीम विजयी होगी। **टीम :** पुरुष एकल : अंश नेगी, हमार लालथाजुआला, रौनक चौहान, प्रणव राम एन। महिला एकल : रूजुला रामू, तन्वी शर्मा, तन्वी रेड्डी, वेन्नाला कालागोटला।

### भारत ने एशियाई स्क्वाश युगल चैंपियनशिप में तीनों खिताब जीते

**कुआलालंपुर :** भारत ने बृहस्पतिवार को यहां दूसरी एशियाई स्क्वाश युगल चैंपियनशिप में पुरुष, महिला और मिश्रित स्पर्धा के सभी तीनों खिताब जीतकर शानदार उपलब्धि हासिल की। अभय सिंह और वेलावन सेंथिलकुमार की शीर्ष वरीय पुरुष जोड़ी ने पाकिस्तान के प्रतिद्वंद्वी नूर जमां और नासिर इकबाल की जोड़ी के खिलाफ पहला सेट गंवा दिया लेकिन वापसी करते हुए 88 मिनट में 2-1 से जीत दर्ज की। इस भारतीय जोड़ी ने सेमीफाइनल में हांगकांग के चि हिम वोंग और मिंग होंग टांग की जोड़ी को हराकर फाइनल में प्रवेश किया था। महिला युगल फाइनल में जोशना चिनप्पा और अनाहत सिंह की जोड़ी ने भी एक सेट से पिछड़ने के बाद वापसी की और मलेशिया की आइना अमानी और जिन यिंग यि पर 35 मिनट तक चले फाइनल में 2-1 से जीत हासिल की।

### राइडर अनुष अग्रवाला का घोड़ा सर कैरामेलो रिटायर हुआ

**नई दिल्ली :** भारतीय घुड़सवार अनुष अग्रवाला ने बृहस्पतिवार को अपने घोड़े सर कैरामेलो के रिटायर होने की घोषणा की। अनुष ने इसी घोड़े के साथ पेरिस ओलंपिक में हिस्सा लिया था और वह लंबे समय से उनके साथ था। 25 साल के अनुष ओलंपिक खेलों की ड्रेसेज स्पर्धा में प्रतिस्पर्धा करने वाले भारत के पहले राइडर हैं। अनुष पेरिस में ग्रुप ई में नौवें स्थान पर रहे थे और पदक दौर में जगह नहीं बना पाए थे। अनुष ने सोशल मीडिया पर भावुक पोस्ट में लिखा सर कैरामेलो आपका धन्यवाद क्योंकि आप मेरे लिए सिर्फ एक घोड़ा नहीं बल्कि मेरे साथी, मेरी ताकत और सबसे महत्वपूर्ण, मेरे मित्र हैं।

# सूर्यकुमार यादव का जर्मनी में हुआ सफल आपरेशन

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत के टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव का जर्मनी के म्युनिख में पेट के दायें ओर खेल हर्निया का सफल आपरेशन हुआ।



34 वर्ष के सूर्यकुमार ने बुधवार को अपने सोशल मीडिया हैंडिल पर लिखा- लाइफ अपडेट : पेट के निचले दायें ओर खेल हर्निया की सर्जरी हो गई है। यह बताते हुए खुशी हो रही है कि सफल आपरेशन के बाद अब मैं रिकवरी की राह पर हूं। खेल हर्निया कमर या पेट के निचले हिस्से में नरम ऊतकों की चोट है जिसमें अक्सर मांसपेशियां, कंडराएं या स्नायुबंधन शामिल होते हैं। जर्मनी में सर्जरी के बाद सूर्यकुमार बेंगलुरु में बीसीसीआई के उत्कृष्टता केंद्र पर रिहैबिलिटेशन शुरू करेंगे। भारत को अगस्त में बांग्लादेश दौरे पर तीन वनडे और तीन टी20 मैच खेलने हैं। सूर्यकुमार ने 2023 विश्व कप फाइनल के बाद से 50 ओवरों के प्रारूप में नहीं खेला है। यह तीन साल में सूर्यकुमार का तीसरा आपरेशन था। इससे पहले 2023 में उनके टखने का आपरेशन हुआ था और 2024 में खेल हर्निया की भी सर्जरी हुई थी।


आईपीएल में शानदार प्रदर्शन करने वाले सूर्यकुमार 2025 सत्र में 'प्लेयर आफ द टूर्नामेंट' रहे थे। उन्होंने 717 रन बनाए हालांकि मुंबई इंडियंस को प्लेआफ में दूसरे क्वालीफायर में पंजाब किंग्स ने हराया। मुंबई टी20 लीग में सूर्यकुमार ने ट्रायंफ नाइट्स मुंबई नॉर्थईस्ट की कप्तानी की।

# धवन बने लेखक, लिखे अपने संस्मरण

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज शिखर धवन ने अपने जीवन के संस्मरणों को कलमबद्ध किया है। जिसमें रिश्तों से लेकर दोस्ती तक और मैदान के भीतर तथा बाहर के विवादों पर भी खुलकर बात की है। धवन ने अपनी किताब 'द वन : क्रिकेट, माय लाइफ एंड मोर' के बारे में कहा क्रिकेट ने मुझे जीने का मकसद दिया लेकिन इस सफर में उतार चढाव और खामोश पल भी रहे।

इसने मुझे वह इंसान बनाया जो आज मैं हूं। मैं दिल से अपनी कहानी कह रहा हूं जो ईमानदार और किसी फिल्टर के बिना है।



● **धवन ने अपनी किताब 'द वन : क्रिकेट, माय लाइफ एंड मोर' के बारे में कहा क्रिकेट ने मुझे जीने का मकसद दिया**

प्रकाशक हार्पर कोलिंस इंडिया ने कहा पूरी स्पष्टवादिता और ईमानदारी के साथ लिखी गई 'द वन' शिखर धवन के आंतरिक संवाद और उन सभी कमजोरियों की अभूतपूर्व झलक पेश करती है जिन्होंने उन्हें एक चैंपियन क्रिकेटर और संवेदनशील इंसान बनाया है। कंपनी के प्रकाशक सचिन शर्मा ने कहा शिखर धवन का मैदान के भीतर और बाहर जीवन शानदार रहा है।

इस संस्मरण में शिखर ने अपने जीवन, रिश्तों और हर उस अनुभव के बारे में बात की है जिसका उन्होंने सामना किया और मजबूत होकर निकले हैं। दिल्ली में पले बढे धवन ने बतौर विकेटकीपर शुरूआत की थी लेकिन बाद में सलामी बल्लेबाज बने। भारत के लिए 34 टेस्ट में उन्होंने 2315 रन, 167 वनडे में 6793 रन और 68 टी20 मैचों में 1759 रन बनाये हैं। उन्होंने किताब में लिखा जब मैं भारतीय टीम में अपने की कोशिश कर रहा था तब सोशल मीडिया नया था और क्रिकेटरों पर इतनी नजर नहीं रखी जाती थी, पर प्रिंट और प्रसारण मीडिया चरम पर था। उन्होंने लिखा टीम चयन और व्यक्तिगत प्रदर्शन पर चर्चा होती थी। आजकल की तरह नहीं जब सोशल मीडिया रातोरात क्रिकेटर को हीरो से जीरो बना देता है। धवन ने महेंद्र सिंह धोनी से पहली मुलाकात के बारे में लिखा है मैं उसे एक बालीवुड मूवी में देखना चाहता था।

# नए डब्ल्यूटीसी चक्र में 'स्टॉप क्लॉक' शुरू

**दुबई, एजेंसी**

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने धीमी ओवर गति की समस्या से निपटने के लिए टेस्ट क्रिकेट में 'स्टॉप क्लॉक' नियम लागू किया है जबकि 2025-27 विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) चक्र के खेलने की परिस्थितियों के अनुसार अगर 'जानबूझकर' पूरा रन नहीं लिया जाता तो यह फैसला क्षेत्ररक्षण करने वाली टीम करेगी कि कौन सा बल्लेबाज गेंदबाज का सामना करेगा। यह नए नियम 2025-2027 डब्ल्यूटीसी चक्र से लागू होंगे जिसकी शुरुआत श्रीलंका और बांग्लादेश के बीच गॉल में पहले टेस्ट के साथ हुई थी।

आईसीसी की वेबसाइट पर मौजूद टेस्ट मैच की खेलने की परिस्थितियों के अनुसार सीमित ओवरों के क्रिकेट की तरह लंबे प्रारूप में भी धीमी ओवर गति की समस्या से निपटने के लिए स्टॉप क्लॉक का इस्तेमाल किया जाएगा। आईसीसी ने कहा क्षेत्ररक्षण टीम को पिछला ओवर पूरा होने के 60 सेकेंड के भीतर अगला ओवर शुरू करने के लिए तैयार होना होगा। मैदान पर इलेक्ट्रॉनिक घड़ी दिखेगी जिस पर शून्य से 60 सेकेंड तक गिनती चलेगी। क्षेत्ररक्षण टीम को इसके बाद दो चेतावनियां दी जाएंगी और तीसरी बार ऐसा होने पर बल्लेबाजी टीम को पांच पेनल्टी रन दिए जाएंगे। आईसीसी ने कहा कि 80 ओवर पूरे होने के बाद इन चेतावनियों को फिर से शून्य कर दिया जाएगा। इस बीच 'ईएसपीएनक्रिकइंफो' के अनुसार आईसीसी अब गेंद पर लार दिखने की स्थिति में अंपायरों के लिए गेंद को बदलना अनिवार्य नहीं करता। गेंद पर लार के इस्तेमाल पर लगा प्रतिबंध अब भी लागू है। वेबसाइट के अनुसार क्षेत्ररक्षण करने वाली टीम गेंद को बदलवाने के लिए जानबूझकर लार का इस्तेमाल कर सकती है लेकिन पुरुष टेस्ट क्रिकेट की खेलने की परिस्थितियों से जुड़े मौजूदा दस्तावेज में इस तरह के किसी बदलाव का जिक्र नहीं है।

# इटावा के पैरालंपिक पदक विजेता डॉ. अजीत यादव बने डीपीआरओ

**भरथना (इटावा)।** तहसील क्षेत्र के मूल निवासी पैरालंपिक मेडलिस्ट जैवलिन थ्रोअर डॉ.अजीत सिंह यादव को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा जिला पंचायतराज अधिकारी के पद पर नियुक्त किया गया है। तहसील क्षेत्र के ग्राम नगला विधी (साम्हों) के मूल निवासी भाला फेंक के खिलाड़ी डॉ. अजीत सिंह यादव ने बताया कि इससे पहले वह मुम्बई में आयकर विभाग में इंस्पेक्टर के पद पर कार्यरत थे। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उत्तर-प्रदेश अन्तर्राष्ट्रीय पदक विजेता सीधी भर्ती नियमावली 2022 के अन्तर्गत चयन समिति द्वारा की गई संस्तुति के आधार पर उनकी पंचायतीराज विभाग में जिला पंचायतराज अधिकारी के पद पर नियुक्ति की गई है। डॉ. अजीत सिंह यादव ने लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय शारीरिक शिक्षा संस्थान ग्वालियर से खेल एवं शारीरिक शिक्षा में पीएचडी की उपाधि प्राप्त की है। वर्ष 2023 में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उन्हें लक्ष्मण पुरस्कार तथा वर्ष 2024 में भारत सरकार द्वारा अर्जुन पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया था।



# अपने खेल में बदलाव पर काम कर रहीं सिंधू

**बेंगलुरु, एजेंसी**

भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू का कहना है कि महिला एकल बैडमिंटन में आक्रामक रैलियों की जगह अब कोर्ट पर ताकत की परीक्षा होने लगी है जिससे वह इस चुनौतीपूर्ण दौर में बदलती लय के साथ तालमेल बिठाने के लिए अपने खेल में बदलाव कर रही हैं।

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता के लिए यह साल आदर्श नहीं रहा है क्योंकि वह इसमें चार बार पहले दौर से बाहर हो चुकी हैं जबकि तीन बार दूसरे दौर में हार का सामना कर चुकी हैं। वह बस जनवरी में इंडिया ओपन में क्वार्टरफाइनल में जगह बना सकीं। यहां चुनिंदा पत्रकारों से बात करते हुए सिंधू ने कहा महिला एकल स्पर्धा पूरी तरह बदल गई है। शुरू में इसमें आक्रामकता और तेज रैलियां होती थीं लेकिन अब लंबी रैलियों से लंबे मैच के कारण खेल रक्षात्मक हो गया है। उन्होंने कहा हम इस पर काम कर रहे हैं, विशेषकर रैलियों को जारी खने और शटल को कोर्ट में लंबे समय तक बनाए रखने में अधिक सयंमित हो गए हैं। सिंधू ने कहा बतौर खिलाड़ी मैं अपने खेल में बदलाव कर रही हूं, इसमें समय लग सकता है।



● **संयम और ताकत का तालमेल बैठाने की कवायद चल रही**

# 24 घंटे सूरज की रोशनी में गुलजार होंगे फुटबॉल मैदान

**नुउक (ग्रीनलैंड), एजेंसी**

यूं तो ग्रीनलैंड साल में अधिकांश समय बर्फ से ढका रहता है, लेकिन जून से अगले तीन महीने यहां 24 घंटे सूरज की रोशनी रहती है। जिसका इंतजार फुटबॉल के दीवाने यहां के लोगों को बेसब्री से रहता है ताकि वे अपना पसंदीदा खेल देख सकें या मैदान पर अपना हुनर दिखा सकें।

करीब 56 हजार की आबादी वाले द्वीप में 10 प्रतिशत यानी करीब 5600 लोग पंजीकृत फुटबॉल खिलाड़ी हैं। जून की शुरुआत में जब मध्य अमेरिका, उत्तर परिसंघ और कैरेबियाई फुटबॉल संघ (कोंकाकाफ) ने मिलकर ग्रीनलैंड फुटबॉल संघ का सदस्य बनने का आवेदन खारिज कर दिया तो यहां के फुटबॉलप्रेमियों को करारा झटका लगा। खनिजों से भरे और रणनीतिक तौर पर महत्वपूर्ण इस द्वीप पर कब्जा करने की अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ख्वाहिश के चलते कुछ लोगों ने इसके लिए राजनीति को दोषी ठहराया। कोंकाकाफ फीफा के अधीन छह उपमहाद्वीपीय महासंघों में से एक है। नाटो सहयोगी डेनमार्क और ग्रीनलैंड की सरकारों की फटकार के बावजूद अमेरिकी राष्ट्रपति ने सैन्य बल के इस्तेमाल से इंकार नहीं किया है। डेनमार्क और ग्रीनलैंड के नेताओं का कहना है कि यह द्वीप बिक्री के लिए नहीं है और उन्होंने अर्ध-स्वायत्त डेनमार्क के क्षेत्र पर अमेरिका द्वारा खुफिया जानकारी जुटाने की रिपोर्टों की निंदा की है।

ग्रीनलैंड फुटबॉल टीम के कप्तान पैट्रिक फ्रेडरिकसेन ने हालांकि कहा कि यह फैसला आर्थिक कारणों से लिया गया है। उन्होंने कहा हम सभी को पता है कि ग्रीनलैंड यात्रा करना कितना कठिन है। इस महीने की शुरुआत में अमेरिका से ग्रीनलैंड की सीधी उड़ान यहां पहुंची। न्यूजर्सी से नुउक तक का एक तरफ का टिकट 1200 डॉलर है। बाकी उड़ाने आइसलैंड या कोपेनहेगन होकर आती हैं। इन सभी के बीच यहां के निवासियों की फुटबॉल को लेकर दीवानगी कम नहीं हुई है। अगले तीन महीनों में जब तापमान पांच से दस डिग्री सेल्सियस के करीब होगा, वे फुटबॉल खेलने में अधिकांश समय बिताना चाहते हैं। एक खिलाड़ी एंगुटिमारिक क्रेउत्जमैन ने कहा हम पूरी रात फुटबॉल खेलेंगे। अंधेरा नहीं होने वाला है तो हमारे पास समय ही समय है।

नुउक में एक क्लब के कोच आस्कर स्कॉट कार्ल ने कहा आपको यहां एक मैच देखना चाहिए। इतने सारे लोग इसे देखने के लिए जुटते हैं। इससे देश में एकजुटता की भावना आती है। सर्दियों के लंबे मौसम में अधिकांश खिलाड़ी फुटसाल खेलते हैं जो एक खास तरह की गेंद से हैंडबॉल कोर्ट पर खेला जाने वाला इंडोर फुटबॉल खेल है। इसमें एक टीम में पांच खिलाड़ी होते हैं।

ग्रीनलैंड



● **साल में अधिकांश समय बर्फ से ढका रहता है ग्रीनलैंड लेकिन जून से अगले तीन महीने तक 24 घंटे रहती है सूरज की रोशनी**


## बोनालु समारोह



तेलंगाना के हैदराबाद स्थित गोलकुंडा किले में आषाढ़ मास बोनालु समारोह के दौरान देवी काली की पोशाक में एक कलाकार की प्रस्तुति। बोनालु तेलंगाना की देवी महाकाली पर केंद्रित एक पारंपरिक हिंदू त्योहार है जो आषाढ़ मास में हैदराबाद और सिकंदराबाद के जुड़वां शहरों के साथ राज्य के अन्य हिस्सों में भी प्रतिवर्ष मनाया जाता है। एजेंसी

# इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन
# आसमान में चमत्कार

इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन (आईएसएस) अंतरिक्ष विज्ञान की दुनिया में एक क्रांतिकारी उपलब्धि होने के साथ विज्ञान, तकनीक, सहयोग और मानव क्षमताओं का प्रतीक है। इसे अमेरिका की नासा, रूस की रॉस्कोमॉस, यूरोपीय संघ की ईएसए और जापान की जाक्सा समेत कई देशों की अंतरिक्ष एजेंसियों ने मिलकर बनाया है। इस तरह ये अंतर्राष्ट्रीय सहयोग का भी प्रतीक है जो दिखाता है कि वैज्ञानिक लक्ष्य राजनीतिक सीमाओं से ऊपर हो सकते हैं। आईएसएस सूक्ष्म गुरुत्वाकर्षण प्रयोगशाला है, जहां मानव शरीर पर अंतरिक्ष का प्रभाव, दवाओं और टीकों का विकास, गुरुत्वहीनता में द्रवों और गैसों का व्यवहार और ऐसे जैविक, भौतिक और रासायनिक प्रयोग किए जाते हैं जो पृथ्वी पर संभव नहीं हैं। इन प्रयोगों से पृथ्वी पर जीवन सुधारने और भविष्य की अंतरिक्ष यात्राओं को आसान बनाने में मदद मिलती है।



### अत्याधुनिक लैब और तमाम उपकरण

अमेरिका, यूरोपीय संघ, जापान और रूस की लैब, 250 केवी बिजली पैदा करने वाला सोलर पैनल, शक्तिशाली रोबोटिक आर्म, इनवायरोमेंटल कंट्रोल सिस्टम, कम्यूनिकेशन सिस्टम, ऑब्जर्वेशन डेक, एक्सप्रेस रैक, ड़ॉकिंग सिस्टम समेत 15 से ज्यादा मॉड्यूल और करीब दो दर्जन प्रणालियां इसे चलता-फिरता अंतरिक्ष शहर बनाते हैं।

### भविष्य के मिशनों की तैयारी

आईएसएस को एक ट्रेनिंग और टेस्टिंग प्लेटफॉर्म के रूप में उपयोग किया जाता है। मंगल या चंद्रमा मिशन के लिए तकनीक की जांच की जाती है। अंतरिक्ष यात्रियों को लंबी अवधि के मिशन के लिए यहीं तैयार करने के साथ जीवन रक्षक तकनीकों का भी परीक्षण किया जाता है। आईएसएस 2000 से ज्यादा दिन से इंसानी उपस्थिति बनी हुई है जिसका मतलब है कि इंसान लंबी अवधि तक अंतरिक्ष में रह सकता है।

### शैक्षिक भूमिका व तकनीकी विकास

आईएसएस से अंतरिक्ष यात्री धरती पर स्कूली छात्रों, वैज्ञानिकों और आम लोगों से संवाद करते हैं। इससे उनकी विज्ञान में रुचि बढ़ती है और स्पेस एजुकेशन को बढ़ावा मिलता है। आईएसएस के लिए बनाई गई तकनीकों का इस्तेमाल धरती पर भी होता है। इनमें जल शुद्धिकरण प्रणाली, ऊर्जा कुशल प्रणालियां और दूरसंचार और सौर पैनल तकनीक शामिल हैं। लगातार नई प्रणालियां विकसित की जा रही हैं।

### फुटबॉल ग्राउंड जितना आकार

आईएसएस का निर्माण सन् 1998 में शुरू हुआ था। इस पर पहला इंसानी मिशन 2000 में हुआ। फुटबॉल ग्राउंड जितना बड़ा आईएसएस स्थापित करने पर करीब 150 अरब डॉलर की लागत आईथी। इसकी गति 28,000 किमी घंटा है, यह हर 90 मिनट में पृथ्वी का एक चक्कर लगाता है। इसे 2030 तक सक्रिय रखने की योजना है। इसके बाद के लिए निजी स्पेस स्टेशन और चंद्रमा की कक्षा में लूनर गेटवे जैसे विकल्प तैयार किए जा रहे हैं।

### दिलचस्प तथ्य

- आईएसएस हर 90 मिनट में पृथ्वी का एक चक्कर लगाता है, अंतरिक्ष यात्री दिन में 16 सूर्योदय और 16 सूर्यास्त देखते हैं।
- अंतरिक्ष में सबसे महंगा घर है। इसकी अनुमानित लागत 150 अरब डॉलर यानी 12 लाख करोड़ रुपये है। ये सबसे महंगा मानव निर्मित ढांचा है।
- वजन 420,000 किलोग्राम है और इसका आकार फुटबॉल मैदान जितना है। इसमें 6 से 10 यात्री रह सकते हैं।
- अंतरिक्ष यात्रियों का पेशाब और पसीना फिर पीने योग्य पानी में बदला जाता है। नासा का मजाकिया नारा है- यस्टर्डेज कॉफी इस टूमारोज कॉफी।
- पृथ्वी से 400 किमी ऊंचाई पर स्थित आईएसएस पर वर्ष 2001 में एक रूसी कंपनी ने पिज्जा डिलीवर किया था जो पहली स्पेस डिलीवरी थी।
- आईएसएस से पृथ्वी की लाखों तस्वीरें खींची गई हैं। नासा अक्सर इन्हें इमेज ऑफ द डे में शेयर करता है। यहां 3000 से ज्यादा वैज्ञानिक प्रयोग हो चुके हैं।

# अमेरिका के मुंह पर तमाचा मारा : खामेनेई

## युद्धविराम के बाद ईरान के सर्वोच्च नेता का पहला बयान, कहा- हमने इजराइल पर विजय प्राप्त की

दुबई, एजेंसी

ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने इजराइल-ईरान के बीच हालिया युद्धविराम के बाद बृहस्पतिवार को अपने पहले सार्वजनिक बयान में दावा किया कि उनके देश ने इजराइल पर जीत हासिल की है। उन्होंने यह भी कहा कि ईरान ने अमेरिका के मुंह पर तमाचा मारा है।

खामेनेई ने ईरान के सरकारी टेलीविजन पर प्रसारित एक वीडियो संदेश में यह टिप्पणियां कीं। ईरान के सर्वोच्च नेता ने किसी भी अन्य अमेरिकी हमले के खिलाफ भी चेतावनी दी। इजराइली सेना की तेहरान पर बमबारी के बाद 12 दिनों तक चले युद्ध के दौरान 86-वर्षीय खामेनेई ने एक गुप्त स्थान पर शरण ली थी। खामेनेई ने कहा कि अमेरिका ने युद्ध में केवल इसलिए हस्तक्षेप किया, क्योंकि उसे लगा कि अगर उसने हस्तक्षेप नहीं किया, तो यहूदी शासन पूरी तरह से नष्ट हो जाएगा। उन्होंने दावा किया कि अमेरिका को इस युद्ध से कुछ हासिल नहीं हुआ है।

खामेनेई ने सोमवार को कतर में अमेरिकी सैन्य अड्डे पर ईरानी मिसाइल हमले का स्पष्ट संदर्भ देते हुए कहा, इस्लामिक गणराज्य विजयी हुआ और उसने अमेरिका के मुंह पर तमाचा मारा। खामेनेई ने चेतावनी दी, भविष्य में भी ऐसी कार्रवाई दोहराई जा सकती है। ईरान की क्षेत्र में स्थित प्रमुख अमेरिकी अड्डों तक पहुंच है और जब भी वह आवश्यक समझे, वह कार्रवाई कर सकता है। उन्होंने कहा, यदि कोई आक्रमण होता है, तो दुश्मन को निश्चित रूप से भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। खामेनेई को 13 जून को युद्ध छिड़ने के बाद एक गुप्त स्थान पर शरण लेने के बाद से सार्वजनिक रूप से नहीं देखा गया।

इजराइल ने ईरानी परमाणु प्रतिष्ठानों पर हमला किया था और शीर्ष सैन्य कमांडरों और वैज्ञानिकों को निशाना बनाया। बाद में अमेरिका ने 22 जून को बंकर-बस्टर बमों से ईरान के परमाणु स्थलों को निशाना बनाया था। इसके बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इजराइल और ईरान के बाद युद्धविराम की घोषणा की, जो मंगलवार को प्रभावी हुआ।

ईरान में 13 जून से अब तक इजराइल के हवाई हमलों में कम से कम 627 लोग मारे गये हैं और 4,870 अन्य घायल हुए हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय के जनसंपर्क प्रमुख हुसैन करमनपुर ने 'एक्स' पर पोस्ट में यह जानकारी देते हुए बताया कि राजधानी तेहरान और पश्चिमी ईरान के करमनशाह में सबसे अधिक लोगों की मौत हुई है। अन्य प्रभावित प्रांतों में खुजेस्तान, लोरेस्तान, इस्फहान, मरकजी, पूर्वी अजरबैजान, हमेदान, ज़ांजन और गिलान शामिल हैं। इजराइली हवाई हमलों में शीर्ष सैन्य कमांडर और कई परमाणु वैज्ञानिक भी मारे गए। इनमें ईरानी परमाणु वैज्ञानिक सेदिघी सबर भी शामिल हैं।



तेहरान में इजराइली हमले में मारे गए अर्धसैनिक बल के सदस्य के जनाजे में शामिल लोग।

### दशकों से एक-दूसरे के दुश्मन हैं अमेरिका और ईरान

**वाशिंगटन।** ईरान के परमाणु स्थलों पर हाल में हुए अमेरिकी हमलों के बाद दोनों देशों के रिश्तों में एक नए अध्याय की शुरुआत हो गई है। यह बेहतर साबित हो सकता है या फिर और भी बुरा। लगभग आधी सदी के दौरान दुनिया ने दोनों देशों के बीच दुश्मनी के कई दौर देखे हैं। ईरान के लिए जहां अमेरिका सबसे बड़ा शैतान है तो वहीं अमेरिका की नजर में ईरान पश्चिम एशिया में फसाद की जड़ है। हालांकि इस दौर में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के लहजे में एक बदलाव भी दिखा जब उन्होंने कहा, ईश्वर ईरान का भला करे। यह बदलाव इस सप्ताह ईरान के परमाणु स्थलों पर अमेरिका की भीषण बमबारी, कतर में अमेरिकी सैन्य अड्डे पर ईरान के जवाबी लेकिन संयमित हमले और इजराइल-ईरान युद्ध में ट्रंप की ओर से किए गए अस्थायी युद्ध विराम के बाद आया है।

### इजराइल-ईरान युद्धविराम से स्थाई शांति संभव नहीं

**येरूशलम।** ब्रिटिश संसद के उच्च सदन हाउस ऑफ लॉर्ड्स के कंजर्वेटिव सदस्य रिचर्ड बाल्फ ने कहा है कि ईरान और इजराइल के बीच युद्धविराम से सैन्य कार्रवाइयों में कमी आ सकती है लेकिन इससे स्थाई शांति समझौते की संभावना नहीं है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार देर रात कहा था कि इजराइल और ईरान युद्ध विराम पर सहमत हो गए हैं जो 24 घंटे बाद से प्रभावी होगा और और इससे 12 दिनों के युद्ध का आधिकारिक अंत हो जाएगा। बाल्फ ने कहा, अगर यह काम करता है तो यह अच्छी खबर है, लेकिन चूंकि दोनों पक्ष एक-दूसरे को बहुत नापसंद करते हैं, इसलिए इससे सैन्य कार्रवाई समाप्त हो सकती है लेकिन स्थायी समाधान की संभावना नहीं है।

## एक नजर

### अमरनाथ यात्रा पंजीकरण में 10 प्रतिशत की गिरावट

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने बृहस्पतिवार को कहा कि पहलगाम हमले के कारण पिछले साल की तुलना में अमरनाथ यात्रा के लिए तीर्थयात्रियों के पंजीकरण में इस साल 10.19 प्रतिशत की गिरावट आई है। सिन्हा ने राजभवन में संवाददाताओं से कहा, पहलगाम में घटना से पहले तीर्थयात्रियों का पंजीकरण अच्छी गति से चल रहा था, लेकिन उसके बाद कमी आई। उपराज्यपाल ने कहा कि हमला होने से पहले करीब 2.36 लाख श्रद्धालुओं ने अमरनाथ यात्रा के लिए पंजीकरण कराया था। जम्मू-कश्मीर प्रशासन और सुरक्षाबलों द्वारा उठाए गए कदमों से तीर्थयात्रियों में विश्वास लौट रहा है।

### फ्रांस में तूफान से दो लोगों की मौत, 17 घायल

**पेरिस।** फ्रांस में हुई तूफान एवं मूसलाधार बारिश के कारण दो लोगों की मौत हो गई और 17 लोग घायल हो गए। इसके कारण पेड़ उखड़ गए, पेरिस की सड़कों पर पानी भर गया और प्रधानमंत्री के भाषण के दौरान संसद भवन की छत से पानी टपकने लगा। प्रधानमंत्री फ्रांसवा बायरू ने पश्चिम एशिया पर भाषण देने के बाद नेशनल असेंबली की टपकती छत की ओर दिलाते हुए कहा, क्या आपने देखा कि बारिश हो रही है। बुधवार शाम को बारिश से पेरिस के मुख्य मार्गों पर जलभराव हो गया।

### वियतनाम में आठ अपराधों के लिए मृत्युदंड समाप्त

**हनोई।** वियतनाम ने कानूनी सुधारों के तहत आठ अपराधों के लिए मृत्युदंड की सजा को समाप्त कर दिया। इस फैसले से देश के सबसे बड़े वित्तीय धोखाधड़ी मामले में कारावास की सजा काट रहे रियल एस्टेट कारोबारी को राहत मिल सकती है। वियतनाम में कानूनी सुधारों के तहत सरकार को हटाने की कोशिश, राज्य के बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचाना, नकली दवा बनाना बेचना, युद्ध शुरू करना, जासूसी, मादक पदार्थों की तस्करी, गबन और रिश्वत लेने में मृत्युदंड की सजा को समाप्त कर दिया गया।

### म्यांमार ने 30 करोड़ डॉलर के मादक पदार्थ नष्ट किए

**यांगून।** मादक पदार्थों के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के विरुद्ध अंतरराष्ट्रीय दिवस पर म्यांमार के प्रमुख शहरों में 30 करोड़ अमेरिकी डॉलर मूल्य के जब्त अवैध मादक पदार्थों को नष्ट कर दिया गया। मादक पदार्थों को नष्ट करने की यह कार्रवाई संयुक्त राष्ट्र के विशेषज्ञों द्वारा दक्षिण-पूर्व एशिया के गोल्डन ट्रायंगल क्षेत्र और विशेष रूप से म्यांमा के पूर्वी शान राज्य में मेथामटामाइन के 'अभूतपूर्व' उत्पादन और तस्करी की चेतावनी दिए जाने के लगभग एक महीने बाद हुई है।

# जम्मू: बादल फटने से आई बाढ़ से तीन लोगों की मौत

जम्मू, एजेंसी

- मरने वालों में दो बच्चे, चार लोगों को बचाया गया

जम्मू-कश्मीर के राजौरी, पुंछ, डोडा और कठुआ जिले के विभिन्न इलाकों में बृहस्पतिवार को बादल फटने और भारी बारिश के कारण अचानक आई बाढ़ में दो बच्चों समेत तीन लोगों की मौत हो गई जबकि चार अन्य लोगों को बचा लिया गया।

अधिकारियों ने बताया कि राजौरी के कालाकोट उपमंडल के सियालसुई मौ गांव में एक नदी में अचानक आई बाढ़ के कारण शकफत अली (14) और उसकी चचेरी बहन सफीना कौसर (11) डूब गए। अधिकारियों ने बताया कि बाढ़ में फंसी साइमा (10) को स्थानीय स्वयंसेवकों ने बचा लिया और अस्पताल में भर्ती कराया। उन्होंने बताया कि बच्चे मवेशी चरा रहे थे कि तभी बादल फटने के कारण आई बाढ़ में वे बह गए।

बच्चों के शवों को बरामद कर अंतिम संस्कार के लिए उनके परिजनों को सौंप दिया गया। उन्होंने बताया कि दुनाडी गांव निवासी बशारत हुसैन (32) का शव राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ) की एक बचाव टीम ने डोडा में लोपा नदी से निकाला। अधिकारी ने बताया कि 23 जून को नदी में नहाते समय हुसैन डूब गया था।

उन्होंने बताया कि एसडीआरएफ ने बलदेव राज (35) और सुशील कुमार (25) को कठुआ के नागरी ब्लॉक में जरमल गांव के पास उफनती उझ नदी से बचाया।

### भूस्खलन: मां वैष्णो देवी मंदिर का नया मार्ग बंद

**कटरा/जम्मू।** जम्मू कश्मीर के रियासी जिले में त्रिकुटा पहाड़ियों पर स्थित माता वैष्णो देवी मंदिर जाने वाला नया मार्ग बारिश के कारण हुए भूस्खलन से बृहस्पतिवार को अवरुद्ध हो गया। अधिकारियों ने बताया कि तीर्थयात्रा पुराने मार्ग से सुचारू रूप से जारी है, जबकि बैटरी कार और हेलीकॉप्टर सेवा अभी निलंबित है। उन्होंने बताया कि हिमकोटि मार्ग पर सत्या व्यू प्वाइंट के निकट भूस्खलन हुआ हालांकि तीर्थस्थल बोर्ड ने भूस्खलन के खतरे के कारण तीर्थयात्रा को पहले ही पुराने मार्ग से कर दिया था। भैरव मंदिर की ओर जाने वाला मार्ग भी भूस्खलन की चपेट में आ गया, जिससे तीर्थयात्रियों की आवाजाही बाधित हो गई।

# चीन अमेरिका के साथ निभाने का रास्ता तलाश कर लेगा

बीजिंग, एजेंसी

- चीन के विदेश मंत्री ने कहा- तीन सिद्धांतों पर स्थापित होंगे संबंध

चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने कहा है कि उनके देश को उम्मीद है कि चीन और अमेरिका जैसी दो प्रमुख शक्तियां सह-अस्तित्व के लिये सही रास्ता खोज लेंगी। श्री यी ने बुधवार को हार्वर्ड विश्वविद्यालय के प्रोफेसर ग्राहम एलिसन के साथ बीजिंग में हुई मुलाकात के दौरान यह बात कही।

बैठक के दौरान चीन के विदेश मंत्री ने उम्मीद जताई कि अमेरिकी पक्ष चीन के साथ आपसी मान्यता के बुनियादी मुद्दे को हल करने के लिए काम करेगा जिससे दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों के 'तीन सिद्धांतों' के आधार पर सामंजस्यपूर्ण संबंध स्थापित करने का मार्ग प्रशस्त होगा।

यी ने कहा कि चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने आपसी सम्मान, शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व और दोनों पक्षों के लिए बेहतर सहयोग के तीन सिद्धांत दिये हैं वही अमेरिकी मसलों से निपटने के उनके देश के 'मौलिक सिद्धांत' हैं।

गौरतलब है कि यह वार्ता दोनों देशों के बीच व्यापार तनाव के बीच हुई है। इस साल दो अप्रैल को अमेरिकी राष्ट्रपति ने एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए जिसने विभिन्न देशों से आयात पर दो-तरफा शुल्क लागू किया। इसके बाद नौ अप्रैल को श्री ट्रम्प ने घोषणा की कि चीन को छोड़कर उन 75 से अधिक देशों पर 90 दिनों पर 10% का 'बेसलाइन टैरिफ' लगाया जाएगा जिन्होंने जवाबी कार्रवाई नहीं की थी और बातचीत का अनुरोध किया था।

# मध्य अफ्रीकी गणराज्य के स्कूल में विस्फोट, भगदड़ में 29 बच्चों की मौत

- खराब ट्रांसफार्मर को ठीक करते समय हुआ विस्फोट, 260 से ज्यादा लोग घायल

**बांगुई (मध्य अफ्रीकी गणराज्य)।** मध्य अफ्रीकी गणराज्य की राजधानी के एक उच्च विद्यालय में हुए विस्फोट और उसके बाद मची भगदड़ में कम से कम 29 स्कूली बच्चों की मौत हो गई और करीब 260 लोग घायल हुए हैं। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

देश के राष्ट्रीय शिक्षा मंत्रालय के अनुसार, बुधवार को बांगुई के बार्थेलेमी बोगांडा उच्च विद्यालय के परिसर में लगे एक विद्युत ट्रांसफार्मर में खराबी आने के बाद उसमें विद्युत आपूर्ति बहाल की जा रही थी और उसी दौरान विस्फोट हो गया। स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि विस्फोट के बाद मची भगदड़ में 16 छात्राओं समेत ज्यादातर पीड़ितों की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं अन्य की मौत अस्पताल में हुई। मंत्रालय ने कहा कि कम से कम 260 लोग घायल हुए हैं और उनका विभिन्न अस्पतालों में इलाज चल रहा है। घटना के समय, परीक्षाओं में शामिल होने के लिए स्कूल में करीब 5,000 विद्यार्थी मौजूद थे।

# पाकिस्तान कर रहा है सीएसी एजेंडे का गंभीर उल्लंघन

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

- भारत ने संयुक्त राष्ट्र में कश्मीर में राजनीति से प्रेरित टिप्पणियों का किया पुरजोर खंडन

भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में पाकिस्तान की कश्मीर पर राजनीति से प्रेरित टिप्पणियों का पुरजोर खंडन किया है और इस्लामाबाद को संयुक्त राष्ट्र के बच्चों और सशस्त्र संघर्ष (सीएएसी) एजेंडे के गंभीर उल्लंघनकर्ताओं में से एक बताया है।

संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि राजदूत पार्वथानेनी हरीश ने बुधवार को सीएएसी एजेंडे पर एक बहस के दौरान बोलते हुए भारत को बदनाम करने और संयुक्त राष्ट्र प्रक्रियाओं को पटरी से उतारने के पाकिस्तान के अनुचित प्रयासों को खारिज कर दिया। हरीश ने यह बात पाकिस्तान के राजदूत असीम इफ्तिखार अहमद के उस बयान पर कही जिसमें उन्होंने कश्मीरी बच्चों का उल्लेख किया था जिन्हें जम्मू-कश्मीर में पीड़ित बताया गया था।

उन्होंने पाकिस्तान के आरोपों को खारिज करते हुए इस्लामाबाद पर मानवाधिकार उल्लंघनों, विशेष रूप से बच्चों से जुड़े उल्लंघनों से ध्यान हटाने का प्रयास करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान सीएएसी एजेंडे का गंभीर उल्लंघनकर्ताओं में से एक है। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस की रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि पाकिस्तान में बच्चों के खिलाफ गंभीर उल्लंघनों को दर्ज किया गया है। इनमें स्कूलों, विशेष रूप से लड़कियों के स्कूलों, स्वास्थ्य कर्मियों पर हमले और अफगान बच्चों को प्रभावित करने वाली सीमा पार हिंसा की घटनाएं शामिल हैं।

# मेटा के खिलाफ एआई प्रशिक्षण के लिए रचनाओं की चोरी का मुकदमा खारिज

- लेखकों ने लगाया था एआई ट्रेनिंग के लिए उनकी रचनाओं को चुराने का आरोप

**सैन फ्रांसिस्को।** अमेरिका के एक संघीय न्यायाधीश ने फेसबुक की मूल कंपनी मेटा प्लेटफॉर्म्स का पक्ष लेते हुए लेखकों के एक समूह द्वारा दायर कॉपीराइट उल्लंघन के मुकदमे को खारिज कर दिया है। लेखकों ने कंपनी पर कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के प्रशिक्षण के लिए उनकी रचनाओं को चुराने का आरोप लगाया था।

अमेरिकी जिला न्यायाधीश विंस छाबड़िया ने बुधवार को फैसला सुनाया। सैन फ्रांसिस्को की संघीय अदालत का एक सप्ताह में यह दूसरा फैसला था, जिसमें एआई उद्योग के खिलाफ पुस्तक लेखकों के कॉपीराइट दावों को खारिज किया गया। छाबड़िया ने पाया कि मेटा पर मुकदमा करने वाले 13 लेखकों ने गलत दलील पेश कीं। उन्होंने मामले को खारिज कर दिया लेकिन यह भी कहा कि फैसला इस मामले में लेखकों तक ही सीमित है और इसका मतलब यह नहीं है कि कॉपीराइट वाली सामग्रियों का मेटा द्वारा उपयोग वैध है। वादियों में कॉमेडियन सारा सिल्वरमैन और लेखक जैकलीन वुडसन तथा ता-नेहिसी कोट्स जैसे लोग शामिल हैं।

# नेपाल: उच्च सदन में ओली सरकार अल्प मत में आई

काठमांडू, एजेंसी



- प्रमुख मधेसी सरकार ने गठबंधन से वापस लिया समर्थन

नेपाल में एक प्रमुख मधेसी पार्टी ने प्रधानमंत्री के पी शर्मा ओली के नेतृत्व वाले सत्तारूढ़ गठबंधन से औपचारिक रूप से समर्थन वापस ले लिया है, जिससे सरकार नेशनल असेंबली (उच्च सदन) में अल्पमत में आ गई है।

हालांकि, उपेंद्र यादव के नेतृत्व वाली जनता समाजवादी पार्टी, नेपाल के इस फैसले से गठबंधन सरकार पर तत्काल कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा, क्योंकि सत्तारूढ़ गठबंधन के पास प्रतिनिधि सभा में पर्याप्त संख्याबल है। ओली की पार्टी ने कहा कि उन्हें जेएसपी के समर्थन वापस लेने का कोई कारण नहीं दिखता। जेएसपी ने 23 और 24 जून को आयोजित पार्टी की कार्यकारी परिषद की बैठक के दौरान सरकार से अपना समर्थन वापस लेने का फैसला किया।

जेएसपी के उपाध्यक्ष शिवलाल थापा ने बताया, अब कुछ दिनों में पार्टी अपने संसदीय दल की बैठक बुलाएगी और फिर संसद के अध्यक्ष को अपने फैसले से अवगत कराएगी। उन्होंने कहा कि पिछले साल सरकार का नेतृत्व संभालते समय ओली ने भ्रष्टाचार खत्म करने, सुशासन सुनिश्चित करने, आर्थिक प्रगति लाने और संविधान में संशोधन करने का वादा किया था।

# कनाडा में भारतीय युवती से लूटपाट

**ओटावा।** कनाडा के मैनिटोबा प्रांत की राजधानी विन्निपेग में भारतीय युवती पर उसके घर के पास बेरहमी से हमला कर लूटपाट की गई। इस घटना के सिलसिले में एक लड़की को गिरफ्तार किया गया है।

विन्निपेग पुलिस की ओर से जारी बयान के मुताबिक युवती की पहचान भारतीय समुदाय के सदस्यों ने तनप्रीत कौर (23) के रूप में की है। वह 23 जून को शाम की पाली खत्म करने के बाद विन्निपेग में अपने अपार्टमेंट जा रही थी। इसी दौरान आधी रात के बाद रोसलिन रोड के 1-99 ब्लॉक में दो अजनबियों ने उस पर घात लगाकर हमला कर दिया। विन्निपेग पुलिस ने बुधवार को एक बयान में कहा कि इलाके में आसपास खड़े लोगों ने हमला रोका, लेकिन संदिग्ध पीड़िता को चाकू मार व लूटपाट कर भाग गए। बयान में कहा गया है कि पीड़िता को चाकू मारकर सेल फोन छीन लिया गया।

**विमान हादसा**

## कोई रो तक नहीं पा रहा था, कोई बेटे के शव की पहचान के लिए डीएनए टेस्ट कराने को नहीं हुआ तैयार

# यात्रियों का जो हाल हुआ, मुश्किल से स्वीकार कर पाए परिजन

### त्रासदी झेल रहे परिवारों को समझाने के लिए बीजे मेडिकल कॉलेज में बनाई गई थी टीम

अहमदाबाद, एजेंसी

अहमदाबाद में हुए विमान हादसे के बाद मृतकों के परिजनों की मदद के लिए तैनात किए गए मनोचिकित्सकों ने बताया कि कई लोग अपने परिवार के सदस्य की मौत की बात को स्वीकार ही नहीं कर पा रहे थे। मनोचिकित्सकों ने बताया कि उन्हें इन लोगों की मदद के लिए किन परिस्थितियों में काम करना पड़ा।

उन्होंने कहा कि पत्नी की मौत से भावनात्मक रूप से टूट चुका एक व्यक्ति रो तक नहीं पा रहा था, क्योंकि उसने मौत को स्वीकार करने से इनकार कर दिया था। वहीं एक पिता अपने बेटे की पहचान के लिए डीएनए जांच कराने के लिए तैयार नहीं हुआ। चालक दल के एक सदस्य का परिवार डीएनए पुष्टि के लिए सात दिन तक इंतजार करने के कारण भावनात्मक रूप से टूट गया।



मनोचिकित्सकों ने कहा कि यह सिलसिला 12 जून से जारी रहा, जब लंदन जाने वाला एअर इंडिया का विमान उड़ान भरने के कुछ सेकंड बाद भीड़भाड़ वाले बी जे मेडिकल कॉलेज परिसर में दुर्घटनाग्रस्त हुआ था। दुर्घटना में विमान में सवार 241 लोग और मेडिकल कॉलेज के आसपास मौजूद 29 लोगों की मौत हो गई थी। विमान हादसे ने शहर के लोगों को झकझोर कर रख दिया।

कई लोगों के लिए, यह एक ऐसा अनुभव था जो उनकी कल्पना से कहीं अधिक कष्टदायक था। अफरातफरी के बीच बीजे मेडिकल कॉलेज के मनोचिकित्सा विभाग ने तुरंत कार्रवाई शुरू कर दी थी। पांच सीनियर रेजिडेंट और पांच परामर्शदाताओं की मनोचिकित्सक टीम को अस्पताल के कसौटी भवन, पोस्टमॉर्टम बिल्डिंग और सिविल अधीक्षक कार्यालय में चौबीस घंटे तैनात किया गया। उनका काम त्रासदी के बाद मानसिक आघात का सामना कर रहे परिवारों को सहारा देना है।

### सच्चाई मानने से इन्कार करते रहे लोग

बीजेएमसी की डीन और मनोचिकित्सा प्रमुख डॉ. मीनाक्षी पारीख ने कहा, दुर्घटना अकल्पनीय थी। यहां तक कि आसपास खड़े लोग भी परेशान थे। फिर किसी ऐसे व्यक्ति की क्या हालत होगी जिसने अपने प्रियजन को खो दिया हो। उन्होंने कहा, खबर सुनने वाले लोग इतने परेशान थे, तो हम उन लोगों के परिवार के सदस्यों की मन:स्थिति की कल्पना भी नहीं कर सकते जिन्होंने अपनी जान गंवाई है। दुर्घटना की भयावह तस्वीरें प्रसारित होने के साथ ही स्तब्ध, हताश, और उम्मीद लगाए परिवार के लोग घटनास्थल पर पहुंच गए। एक अकेले जीवित बचे व्यक्ति का जिक्र सुनकर कई लोगों ने बताया कि वह उनका प्रियजन हो सकता है। डॉ. उर्विका पारीख ने कहा, लोग सच्चाई को मानने से पूरी तरह इनकार कर रहे थे। उन्हें समझाना बहुत मुश्किल था।